शुक्रवार, 23 मई 2025

**मौसम**



तापमान 26 – 35
आर्द्रता 76%
सूर्योदय: 4:54 सूर्यास्त: 18:13

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष एकादशी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार : हर मुश्किल और चुनौती के बाद सफलता और खुशियां आती हैं।**



इंडिगो दिल्ली-श्रीनगर उड़ान: पाकिस्तान ने पायलट को हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से मना किया -पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# जो सिंदूर मिटाने निकले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया हैं: मोदी



प्रधानमंत्री मोदी ने करणी माता मंदिर के दर्शन किए

**बीकानेर :** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेनाओं द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को तबाह किए जाने का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जो सिंदूर मिटाने निकले थे उन्हें मिट्टी में मिलाया है। मोदी ने यह भी कहा ''यह शोध प्रतिशोध का खेल नहीं, यह न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह सिर्फ आक्रोश नहीं है, बल्कि यह समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है।'' उन्होंने कहा कि परमाणु बम की गीदड़ भभकियों से भारत डरने वाला नहीं है। उन्होंने कहा ''पाकिस्तान के साथ न ट्रेड (व्यापार) होगा न टॉक (वार्ता)। बात होगी तो सिर्फ पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) की।'' बीकानेर दौरे पर आए मोदी ने पलाना (देशनोक) में सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा, ''22 अप्रैल को आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर हमारी बहनों की मांग का सिंदूर उजाड़ दिया था। वह गोलियां तो पहलगाम में चली थीं लेकिन उन गोलियों से 140 करोड़ देशवासियों का सीना छलनी हुआ था। इसके बाद हर देशवासी ने एक जुट होकर संकल्प लिया था कि आतंकवादियों को मिट्टी में मिला देंगे। उन्हें कल्पना से भी बड़ी सजा देंगे।'' मोदी ने कहा, ''आज आपके आशीर्वाद से, देश की सेना के शौर्य से, हम सब उस प्रण पर खरे उतरे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद हमारी सरकार ने तीनों सेनाओं को खुली छूट दे दी थी और तीनों सेनाओं ने मिलकर ऐसा चक्रव्यूह रचा कि पाकिस्तान को घुटने टेकने के लिए मजबूर कर दिया। मोदी ने कहा, ''22 तारीख (अप्रैल) के हमले के जवाब में हमने 22 मिनट में आतंकियों के नौ सबसे बड़े ठिकाने तबाह कर दिए।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया ने ....और देश के दुश्मनों ने भी देख लिया कि जब सिंदूर बारूद बन जाता है तो नतीजा क्या होता है।'' मोदी ने कहा, ''मैं देशवासियों से कहता हूं जो सिंदूर मिटाने निकले थे, उन्हें मिट्टी में मिलाया है। जो हिंदुस्तान का लहू बहाते थे, (उनसे) आज कतरे कतरे का हिसाब चुकाया है। जो अपने हथियारों पर घमंड करते थे, आज मलबे के ढेर में दबे हुए हैं।'' उन्होंने कहा ''यह शोध प्रतिशोध का खेल नहीं, यह न्याय का नया स्वरूप है। यह ऑपरेशन सिंदूर है। यह सिर्फ आक्रोश नहीं है, बल्कि यह समर्थ भारत का रौद्र रूप है। यह भारत का नया स्वरूप है।'' मोदी ने कहा कि पाकिस्तान, भारत से कभी सीधी लड़ाई जीत ही नहीं सकता। उन्होंने कहा ''जब भी सीधी लड़ाई होती है तो बार बार पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ती है। इसलिए पाकिस्तान ने आतंकवाद को भारत के खिलाफ लड़ाई का हथियार बनाया है।''

## भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा पाकिस्तान को

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा और अगर वह आतंकियों को 'एक्सपोर्ट' करना जारी रखता है तो उसको पाई-पाई के लिए मोहताज होना होगा। भारत कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) तब तक स्थगित रहेगी जब तक पड़ोसी देश सीमा पार आतंकवाद को विश्वसनीय और अपरिवर्तनीय रूप से समर्थन देना बंद नहीं कर देता। पहलगाम आतंकी हमले के एक दिन बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई दंडात्मक उपायों की घोषणा की जिनमें सिंधु जल संधि को निलंबित करना भी शामिल है। मोदी ने देशनोक के पलाना में सार्वजनिक कार्यक्रम को संबोधित करते कहा कि भारतीयों के खून से खेलना पाकिस्तान को बहुत महंगा पड़ेगा। उन्होंने कहा, अगर पाकिस्तान ने आतंकियों को 'एक्सपोर्ट' करना जारी रखा, तो उसको पाई-पाई के लिए मोहताज होना होगा। पाकिस्तान को भारत के हक का पानी नहीं मिलेगा, भारतीयों के खून से खेलना, पाकिस्तान को अब महंगा पड़ेगा।

## भारत में हो रहे विकास कार्यों को देखकर दुनिया भी हैरान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि विकसित भारत बनाने के लिए आज देश में आधुनिक अवसंरचना बनाने का बहुत बड़ा महायज्ञ चल रहा है और भारत में हो रहे इन विकास कार्यों को देखकर दुनिया भी हैरान है। मोदी ने पलाना (देशनोक) में आयोजित एक कार्यक्रम में 26,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में 1,100 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से 103 पुनर्विकसित अमृत स्टेशन का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा, विकसित भारत बनाने के लिए आज देश में आधुनिक अवसंरचना बनाने का बहुत बड़ा महायज्ञ चल रहा है। हमारे देश की सड़कें आधुनिक हों, हमारे देश के हवाई अड्डे आधुनिक हों, हमारे यहां रेल और रेलवे स्टेशन आधुनिक हों, इसके लिए पिछले 11 साल में अभूतपूर्व गति से काम किया गया है। उन्होंने कहा,' आप कल्पना कर सकते हैं, अवसंरचना के इन कामों पर देश पहले जितना पैसा खर्च करता था, आज उससे छह गुना ज्यादा पैसा खर्च कर रहा है।' प्रधानमंत्री ने कहा,'आज भारत में हो रहे इन विकास कार्यों को देखकर दुनिया भी हैरान है। उन्होंने कहा कि आज भारत अपने ट्रेन नेटवर्क को भी आधुनिक कर रहा है और वंदे भारत ट्रेनें, अमृत भारत ट्रेनें, नमो भारत ट्रेनें देश की नई गति व नई प्रगति को दर्शाती हैं।

## वक्फ संशोधन कानून पर सुप्रीम सुनवाई पूरी, कोर्ट ने याचिकाओं पर फैसला सुरक्षित रखा

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के बाद गुरुवार को तीन मुद्दों पर अपना अंतरिम आदेश सुरक्षित रख लिया। जिसमें अदालतों द्वारा वक्फ, वक्फ बाई यूजर या वक्फ बाई डीड घोषित संपत्तियों को गैर-अधिसूचित करने की शक्ति भी शामिल है। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने अंतरिम आदेश सुरक्षित रखने से पहले करीब तीन दिन तक वरिष्ठ अधिवक्ताओं कपिल सिब्बल, राजीव धवन और अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनीं, जो संशोधित वक्फ कानून के विरोध में याचिकाकर्ताओं का प्रतिनिधित्व कर रहे थे। केंद्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सरकार का पक्ष रखा।केंद्र ने इस अधिनियम का दृढ़ता से समर्थन करते हुए कहा कि वक्फ अपनी प्रकृति से ही एक धर्मनिरपेक्ष अवधारणा है और संवैधानिकता की धारणा के इसके पक्ष में होने के मद्देनजर इस पर रोक नहीं लगाई जा सकती। वहीं, याचिकाकर्ताओं की पैरवी कर रहे सिब्बल ने इस कानून को ऐतिहासिक कानूनी और संवैधानिक सिद्धांतों से पूर्ण विचलन तथा गैर-न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से वक्फ पर कब्जा करने का जरिया बताया। सिब्बल ने कहा, यह वक्फ संपत्तियों पर सुनियोजित तरीके से कब्जा करने का मामला है। सरकार यह तय नहीं कर सकती कि कौन से मुद्दे उठाए जा सकते हैं।

## जम्मू-कश्मीर: एक महीने बाद भी पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी गिरफ्त से दूर



**पहलगाम :** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 25 पर्यटकों और एक स्थानीय खच्चर वाले की मौत के एक महीने बाद भी इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी सुरक्षा बलों की गिरफ्त से दूर हैं। आतंकवादियों को पकड़ने के लिए कश्मीर घाटी में शुरू किये गये व्यापक अभियान के बावजूद सुरक्षा बल खाली हाथ हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बैसरन इलाके में 22 अप्रैल को हुए घातक हमले के बाद शुरू किए गए विभिन्न अभियानों में कई कुख्यात आतंकवादी मारे गए हैं लेकिन इस हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी सुरक्षा बलों की पकड़ से दूर हैं। मामले की जांच का जिम्मा संभालने वाली राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से इस आतंकी हमले में शामिल हो सकते हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिन लोगों से पूछताछ की गई है, उनमें वे लोग भी शामिल हैं जो बैसरन में पर्यटकों को विभिन्न सेवाएं प्रदान करते थे, जैसे कि खाद्य पदार्थ स्टॉल मालिक, 'जिपलाइन' संचालक और खच्चरवाले। एनआईए ने तीन संदिग्धों के 'स्केच' जारी किए हैं, जिनकी पहचान अनंतनाग निवासी आदिल हुसैन थोकर और दो पाकिस्तानी नागरिकों अली भाई उर्फ तल्हा भाई और हाशिम मूसा उर्फ सुलेमान के रूप में हुई है। माना जा रहा है कि इन तीनों ने ही हमले को अंजाम दिया था। बाद में विभिन्न स्थानों पर पोस्टर चस्पा किये गये, जिनमें नरसंहार के अपराधियों की गिरफ्तारी या उनकी खोज में मदद करने वाली सूचना के लिए इनाम की पेशकश की गई। अधिकारियों ने संदिग्धों को पकड़ने में जनता के सहयोग को प्रोत्साहित करने के लिए 20 लाख रुपये का इनाम की पेशकश की है। इनाम का उद्देश्य मौजूदा जांच प्रक्रिया में तेजी लाना है।

## सेबी रोज वैली की 409 करोड़ रुपये की 30 संपत्तियों की करेगा नीलामी

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** बाजार नियामक सेबी ने गुरुवार को कहा कि वह 27 जून को रोज वैली समूह की 30 संपत्तियों की नीलामी करेगा, जिसका आरक्षित मूल्य 409 करोड़ रुपये होगा। यह नीलामी कंपनी द्वारा अवैध योजनाओं के जरिये लोगों से जुटाई गई धनराशि की वसूली के लिए की जाएगी। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एक सूचना में कहा कि नीलामी में शामिल होने वाली संपत्तियों में पश्चिम बंगाल, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह, त्रिपुरा और बिहार में स्थित इमारतें, भूखंड, फ्लैट, रिसॉर्ट, होटल और मनोरंजन पार्क वाली जमीनें शामिल हैं। इन संपत्तियों के लिए ऑनलाइन नीलामी 27 जून को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे के बीच की जाएगी। इन संपत्तियों का कुल आरक्षित मूल्य 409.02 करोड़ रुपये आंका गया है। बता दें कि कलकत्ता उच्च न्यायालय ने सितंबर, 2023 में सेबी को रोज वैली की चुनिंदा संपत्तियों की ई-नीलामी शुरू करने का निर्देश दिया था। पिछले साल नवंबर में भी सेबी ने रोज वैली समूह की 63.26 करोड़ रुपये की 27 संपत्तियों की नीलामी की थी। इससे पहले मई, 2024 में सेबी ने कंपनी की 8.6 करोड़ रुपये की 22 संपत्तियों की नीलामी की थी।

## पाकिस्तान जब तक सीमा पार आतंकवाद पर लगाम नहीं लगाता, तब तक सिंधु जल संधि निलंबित रहेगी: भारत

- **पाकिस्तान से सिर्फ पीओके खाली करने पर बात होगी**
- **तीसरे देश का दखल मंजूर नहीं**



**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर जोर देकर कहा कि पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के साथ कोई भी द्विपक्षीय वार्ता तभी होगी जब वह अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र पर से कब्जा छोड़ देगा। कश्मीर मुद्दे को सुलझाने में भारत और पाकिस्तान की मदद को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रुचि के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, आप हमारी स्थिति से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच कोई भी बातचीत द्विपक्षीय होनी चाहिए। जायसवाल ने कहा, मैं आपको याद दिलाना चाहूंगा कि संवाद और आतंकवाद एक साथ नहीं चल सकते। उन्होंने कहा, जहां तक आतकंवाद की बात है तो उन आतंकवादियों को भारत को सौंपा जाना चाहिए, जिनकी सूची कुछ साल पहले पाकिस्तान को दी गई थी। जायसवाल ने कहा, जम्मू-कश्मीर पर कोई भी द्विपक्षीय चर्चा तभी होगी जब पाकिस्तान अवैध रूप से कब्जाए गए भारतीय क्षेत्र को खाली कर देगा। सिंधु जल संधि के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह संधि तब तक स्थगित रहेगी जब तक कि इस्लामाबाद सीमा पार आतंकवाद को समर्थन देना बंद नहीं कर देता।

## नेपाल के रास्ते भारत में घुसपैठ की फिराक में पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिक, सीमा पर 'हाई अलर्ट'



**बहराइच (उप्र) :** बहराइच जिले में 30 से अधिक पाकिस्तानी और बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा हिंदुस्तान में घुसपैठ करने के प्रयास की खुफिया रिपोर्ट के बाद भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा बलों को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है। पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच संदिग्ध घुसपैठियों के नेपाल पहुंचने की आशंका है। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 42वीं वाहिनी के सेनानायक गंगा सिंह उदावत ने बुधवार शाम संवाददाताओं से कहा, ''एसएसबी उच्च मुख्यालय से प्राप्त विशेष सूचना के मुताबिक, 35 से 37 बांग्लादेशी और पाकिस्तानी नागरिक अपने-अपने देशों से सीमा पार कर नेपाल आ गए हैं।'' उन्होंने कहा, ''अब वे भारत और नेपाल की खुली सीमा के रास्ते नेपाल से भारत में घुसपैठ करने की कोशिश करेंगे और हम उन्हें तुरंत पकड़कर कानून के हवाले करने के लिए तैयार हैं।'' कमांडेंट उदावत ने इस बात पर जोर दिया कि एसएसबी ऐसी किसी भी कोशिश का मुकाबला करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, ''भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण माहौल में हम उन अवांछित लोगों को पकड़ने के लिए चौबीसों घंटे तैयार हैं, ताकि वे खुली सीमा का फायदा उठाकर भारत में प्रवेश न कर सकें।

## छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में 'कोबरा' कमांडो शहीद

**रायपुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में बृहस्पतिवार को माओवाद विरोधी अभियान के दौरान केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) का एक 'कोबरा' कमांडो शहीद हो गया जबकि इसमें एक नक्सली भी मारा गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जिले के उसूर थाना क्षेत्र के तुमरेल इलाके में सीआरपीएफ की कमांडो बटालियन फॉर रेज़ोल्यूट एक्शन (कोबरा) इकाई की 210वीं बटालियन और छत्तीसगढ़ पुलिस डीआरजी और एसटीएफ के जवानों के नेतृत्व में अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में एक कोबरा कमांडो शहीद हो गया, जबकि एक अन्य घायल हो गया। मुठभेड़ में एक नक्सली भी मारा गया है और उसके पास से एक हथियार भी बरामद किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि घायलों को निकालने के लिए भारतीय वायुसेना के एक हेलीकॉप्टर को लगाया गया है। कोबरा केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की एक विशेष युद्ध इकाई है। वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में अभियानों के लिए सीआरपीएफ एक अग्रणी बल है। अगले वर्ष मार्च तक देश से वामपंथी उग्रवाद को समाप्त करने की केंद्र सरकार की घोषणा के तहत सुरक्षा बल वामपंथी उग्रवाद प्रभावित राज्यों में निरंतर अभियान चला रहे हैं। छत्तीसगढ़ का बस्तर क्षेत्र उनका मुख्य कार्यक्षेत्र बना हुआ है।

## यूएई ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत के प्रति अपने अटूट समर्थन की पुष्टि की



**अबू धाबी :** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में अपनी ओर से भारत के लिए अटूट समर्थन की बृहस्पतिवार को पुष्टि की। यूएई के एक सांसद ने आतंकवाद को वैश्विक खतरा और पूरी मानवता के लिए बुराई करार दिया। आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक संपर्क के तहत शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे के नेतृत्व में एक सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ सार्थक बैठक के बाद संघीय राष्ट्रीय परिषद की रक्षा मामलों, आंतरिक और विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष अली राशिद अल नुएमी ने यह टिप्पणी की। अल नुएमी ने कहा, आतंकवाद केवल एक राष्ट्र या क्षेत्र के लिए ही खतरा नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक खतरा है। हमारा मानना है कि हमें, एक अंतरराष्ट्रीय समुदाय के रूप में एक साथ आकर पूरी मानवता के लिए बेहतर भविष्य बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह प्रतिनिधिमंडल उन सात बहुदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है, जिन्हें भारत ने अंतर-राष्ट्रीय समुदाय को पाकिस्तान की साजिशों और आतंकवाद के प्रति भारत की प्रतिक्रिया के बारे में बताने के लिए विदेश दौरा करने का काम सौंपा है। ये प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की राजधानियों की यात्रा करेंगे। अल नुएमी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। बुद्धिमान लोगों को इसके खिलाफ बोलना चाहिए। उन्होंने इस खतरे से निपटने के लिए अमीरात की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। भारत के साथ गहरे द्विपक्षीय संबंधों को रेखांकित करते हुए यूएई के नेता ने कहा, हम आतंकवाद से लड़ने के प्रयासों में पहले से ही भारत के साथ सहयोग कर रहे हैं। भारतीय नागरिकों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। शिंदे ने बातचीत को बेहद सार्थक बताया और आतंकवाद के खिलाफ यूएई के कठोर रुख का उल्लेख किया।

## जापान ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और विश्व के साथ एकजुटता व्यक्त की



**तोक्यो :** जापान ने बृहस्पतिवार को कहा कि आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता और वह आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और दुनिया के साथ है। जापान के विदेश मंत्री ताकेशी इवाया एक भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल से बात कर रहे थे। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल के नेता जनता दल (यूनाइटेड) के सांसद संजय झा ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में तोक्यो से भारत के लिए समर्थन मांगा। ताकेशी इवाया ने पहलगाम आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों के प्रति हार्दिक संवेदना और घायल हुए लोगों के प्रति अपनी सहानुभूति व्यक्त की। यहां भारतीय दूतावास की ओर से जारी एक बयान में कहा गया, उन्होंने कहा कि आतंकवाद को किसी भी रूप में उचित नहीं ठहराया जा सकता है और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में जापान भारत और दुनिया के साथ खड़ा है।



## सुरक्षित दूरी, स्वच्छता-सजगता ही उपचार

दुनिया मानकर चल रही थी कोरोना संक्रमण का काला दौर हमेशा-हमेशा के लिये चला गया है। पिछले कुछ वर्षों से जन-जीवन फिर पटरी पर लौट रहा था। विश्व के कुछ क्षेत्रों में जारी युद्ध और अन्य विषम परिस्थितियों के बीच जारी आर्थिक उथल-पुथल के बावजूद अर्थव्यवस्थाएं कोरोना से पहली स्थिति में पहुंचने के लिये जद्दोजहद कर रही थी। लेकिन कोरोना की नई दस्तक ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। कोरोना संक्रमण की वापसी की आहट पहले हांगकांग व सिंगापुर में सुनाई दी। हांगकांग में कुछ ही मामलों में तीस लोगों के मरने की खबर है। वहीं सिंगापुर में एक मई तक कोरोना संक्रमितों की संख्या 14 हजार से अधिक थी, जिसमें 19 मई तक तीन हजार नये संक्रमित जुड़ गए हैं। जिस चीन से कोरोना वायरस सारी दुनिया में फैला, वहां भी कोरोना के मामले तो बढ़े हैं लेकिन इस संख्या को सार्वजनिक नहीं किया गया। वहीं चीन का स्वास्थ्य विभाग कोरोना के मामलों में तेजी आने की आशंका जता रहा है। चिंता इस बात की भी है कि भारत में केरल, महाराष्ट्र व तमिलनाडु में कोरोना संक्रमण के मामले दर्ज किए गए। बताया जा रहा है कि एक जनवरी से 19 मई तक देश में ढाई सौ से अधिक संक्रमण के मामले दर्ज किए गए हैं। मुंबई के अस्पताल में भर्ती दो मरीजों की संक्रमण से हुई मौत को लेकर भी चिंता जतायी जा रही है। हालांकि, अस्पताल का दावा है कि एक रोगी कैंसर तो दूसरा किडनी से जुड़ी गंभीर बीमारी से पीड़ित था। बहरहाल, कोरोना के नये वायरस के संक्रमण को लेकर सरकार के स्तर पर गंभीर प्रयास करने तथा नागरिकों को सजग-सतर्क रहने की जरूरत है। कोरोना संक्रमण की पिछली कई लहरों से सबक लेकर उपचारात्मक नीतियों के क्रियान्वयन व चिकित्सा सुविधाओं को विस्तार देने की जरूरत है। इससे पहले कि वायरस अनियंत्रित हो, सरकार व स्वास्थ्य एजेंसियों को बचाव के उपाय युद्ध स्तर पर करने चाहिए।

हालांकि, विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से कहा जा रहा है कि इस बार के संक्रमण के लिये ओमिक्रोन के नये वेरिएंट जे.ए.1 तथा वेरिएंट एल.एफ.7 और एन.बी.18 जिम्मेदार हैं। बताया जा रहा है कि जे.एन.1 वेरिएंट बहुत तेजी से फैलता है। विश्व के स्वास्थ्य विशेषज्ञ बता रहे हैं कि नये वेरिएंट से पीड़ित लोगों में गले में खराश, नींद न आना, छींके आना, खांसी, एंग्जाइटी, नाक बहना, खांसी, सिरदर्द, कमजोरी, थकान व मांसपेसियों में दर्द की शिकायत शामिल हो सकती है। हालांकि, इनमें से कुछ आम इंफ्लूएंजा के लक्षण भी हो सकते हैं। ऐसे में कोरोना संक्रमण का टेस्ट करवाना भी जरूरी हो जाता है। वैसा कहना मुश्किल है कि कोरोना का वायरस हमारे बीच से चला गया। वह कहीं गया नहीं बल्कि टीकाकरण से मिली हमारे शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता ने उसे रोक दिया। लेकिन दिक्कत यह है कि मौसम परिवर्तन चक्र के बीच में म्यूटेशन से इसके नये वेरिएंट सामने आते हैं। जिनका मुकाबला करने व शरीर की रोग प्रतिरोधक शक्ति को इन्हें समझने में थोड़ा वक्त लगता है। निस्संदेह, यह एक चुनौती है, लेकिन इससे घबराने की नहीं, समझदारी और सतर्कता से निपटने की जरूरत है। पिछली कई बड़ी कोरोना संक्रमण की लहरों ने हमें इस संक्रमण से मुकाबले के सबक दिए हैं। एक समय था जब हमारा चिकित्सा ढांचा इसके मुकाबले के लिये तैयार न था। जीवनदायिनी ऑक्सीजन की उत्पादन क्षमता और भंडारण में हम अब आत्मनिर्भर हैं। दुनिया का सबसे बड़ा वैक्सीन अभियान चलाकर हमने 140 करोड़ लोगों को सुरक्षा कवच प्रदान किया है। हमने अपने नागरिकों को ही सुरक्षा कवच नहीं दिया, बल्कि पूरी दुनिया के अनेक देशों को भारत की वैक्सीन व चिकित्सा सामग्री देकर एक मिसाल कायम की है। दरअसल, कोरोना संक्रमण से बचने के वही उपाय हमें सुरक्षा देंगे, जो हमने पिछले संक्रमण लहरों में सफलतापूर्वक अपनाए थे। इनमें साफ-सफाई का ध्यान रखना है, सुरक्षित दूरी रखनी है, अपने खानपान को सुधारना है, हाथ मिलाने व भीड़भाड़ वालों स्थानों पर जाने से बचना चाहिए। मास्क का उपयोग अनिवार्य शर्त है। लक्षण दिखने पर जांच कराना और खुद को समाज व परिवार से अलग करना समझदारी होगी। हमारी सजगता व चिकित्सातंत्र की सक्रियता के आगे फिर वायरस कहां टिकेगा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 23 मई, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ कृष्णपक्ष एकादशी, 22:26 तक, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 15:49 तक, योग : प्रीति, 18:31 तक, सूर्योदय: 4:54, सूर्यास्त: 18:13, चन्द्रोदय : 01:39, चन्द्रास्त: 14:13, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 09:54 से 11:33

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन करियर के मामले में काफी उतार-चढ़ाव भरा हो सकता है। कार्यस्थल पर अपेक्षित सहयोग न मिलने से योजनाओं में देरी हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि के लोगों को आर्थिक क्षेत्र में प्रगति के कई अवसर मिलेंगे। निवेश से लाभ होने के संकेत हैं, विशेषकर यदि वह रियल एस्टेट, कृषि या मैन्युफैक्चरिंग से जुड़ा हो।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों की कार्यक्षेत्र में योजनाएं कामयाब होंगी और आपके नेतृत्व को सराहा जाएगा। बिजनस में नए पार्टनर से बातचीत हो सकती है और एक बड़ा समझौता हो सकता है।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों का दिन काफी अनुकूल है। नौकरी-पेशा जातकों को प्रमोशन या नई जिम्मेदारी मिल सकती है जिससे सैलरी में इजाफा होगा। बिजनस में क्लाइंट बेस बढ़ेगा।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा होगा और आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन हर कार्य में सफलता मिलने के योग हैं। व्यापार में नए ग्राहक जुड़ने से बिक्री में वृद्धि होगी।

**कन्या :** कन्या राशि वालों को भाग्य का सहारा मिल रहा है। कार्यक्षेत्र में आपकी सूझबूझ और विश्लेषणात्मक क्षमता का लाभ मिलेगा। बिजनस में कोई रुकी हुई डील दोबारा सक्रिय हो सकती है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों को भाग्य का साथ मिल रहा है। आपके लिए कई महत्वपूर्ण आर्थिक निर्णय लेने का दिन है। आप धन-संबंधी किसी बड़ी समस्या को हल कर पाएंगे।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोग कार्यक्षेत्र में थोड़ा दबाव महसूस करेंगे। कार्यों की अधिकता और स्वास्थ्य की कमजोरी आपको दबाव में रख सकती है। बिजनस में अधिक दौड़भाग करनी पड़ सकती है।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए करियर में तेजी से उन्नति के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों को कोई ऑफिशल ट्रिप या सेमिनार में बोलने का मौका मिल सकता है, जिससे आपकी छवि और मजबूत होगी।

**मकर :** धनु राशि वालों के लिए करियर में तेजी से उन्नति के संकेत हैं। नौकरीपेशा लोगों को कोई ऑफिशल ट्रिप या सेमिनार में बोलने का मौका मिल सकता है, जिससे आपकी छवि और मजबूत होगी।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों के लिए करियर में कुछ उलझनें आ सकती हैं, लेकिन यदि आप धैर्य से काम लें तो जल्दी ही स्थितियां सुधरेंगी। ऑफिस में प्रॉजेक्ट डिले होने की संभावना है।

**मीन :** मीन राशि वालों का रचनात्मक और कल्पनाशील दृष्टिकोण कार्यक्षेत्र में शानदार परिणाम देगा। कला, संगीत, शिक्षा, आध्यात्म और डिजाइन से जुड़े लोगों को आर्थिक लाभ मिलेगा।

# नक्सली माओवाद पर निर्णायक प्रहार



प्रमोद भार्गव

छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ के जंगल में सुरक्षा बलों के नक्सल विरोधी अभियान में बड़ी सफलता मिली है।डेढ़ करोड़ के इनामी बसव राजू समेत 27 माओवादियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया है। यह कुख्यात दरिंदा होने के साथ गुरिल्ला लड़ाका था। माओवादी पार्टी का इसे पर्याय माना जाता था। इसका नक्सली सफर 1985 से शुरू हुआ था। इसने वारंगल के क्षेत्रीय इंजीनियरिंग कॉलेज में पढ़ाई की थी। इसने रेडिकल स्टूडेंट यूनियन के बैनर तले चुनाव लड़ा और छात्रसंघ का अध्यक्ष बन गया।यह माओवादी संगठन का महासचिव स्तर का नेता था। यह सैन्य बलों की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा था। इस ऑपरेशन में एक जवान का बलिदान भी हुआ है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे सुरक्षा बलों की असाधारण सफलता माना है।

नक्सली हिंसा लंबे समय से देश के अनेक प्रांतों में आंतरिक मुसीबत बनी हुई है। वामपंथी माओवादी उग्रवाद कभी देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा माना जाता रहा है। लेकिन चाहे जहां रक्तपात की नदियां बहाने वाले इस उग्रवाद पर लगभग नियंत्रण किया जा चुका है। नई रणनीति के अंतर्गत अब सरकार की कोषिष है कि सीआरपीएफ की तैनाती उन सब अज्ञात क्षेत्रों में कर दी जाए, जहां नक्सली अभी भी ठिकाना बनाए हुए हैं। इस नाते केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में सबसे अधिक नक्सल हिंसा प्रभावित क्षेत्रों में 4000 से अधिक सैन्यबल तैनात करने जा रहा है। केंद्र सरकार की कोषिष है कि 31 मार्च 2026 तक इस क्षेत्र को पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त कर दिया जाए। इतनी बड़ी संख्या में सैन्यबलों की अज्ञात क्षेत्र में पहुंच का मतलब है कि अब इस उग्रवाद से अंतिम लड़ाई होने वाली है। मजबूत और कठोर कार्य योजना को अमल में लाने का ही नतीजा है कि इस साल सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में 2024 में 153 नक्सली मारे जा चुके हैं। षाह का कहना है कि 2004-14 की तुलना में 2014-24 के दौरान देश में नक्सली हिंसा की घटनाओं में 53 प्रतिषत की कमी आई है। 2004-14 में नक्सली हिंसा की 16,274 वारदातें दर्ज की गई थीं, जबकि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 10 सालों में इन घटनाओं की संख्या घटकर 7,696 रह गई। इसी अनुपात में देष में माओवादी हिंसा के कारण होने वाली मौतों की संख्या 2004-14 में 6,568 थीं, जो पिछले दस साल में घटकर 1990 रह गई है और अब सरकार ने जो नया संकल्प लिया है, उससे तय है कि जल्द ही इस समस्या को निर्मूल कर दिया जाएगा। जिस तरह से नरेंद्र मोदी सरकार ने जम्मू-कष्मीर से आतंक और अलगाववाद खत्म करने की निर्णायक लड़ाई लड़ी थी, वैसी ही स्थिति अब छत्तीसगढ़ में अनुभव होने लगी है।

इसमें कोई दो राय नहीं कि छत्तीसगढ़ में नक्सली तंत्र कमजोर हुआ है, लेकिन उसकी षक्ति अभी षेश है। अब तक पुलिस व गुप्तचर एजेंसियां इनका सुराग लगाने में नाकाम होती रही थीं, लेकिन नक्सलियों पर षिकंजा कसने के बाद से इनको भी सूचनाएं मिलने लगी हैं। इसी का नतीजा है कि सैन्यबल इन्हें निषाना बनाने में लगातार कामयाब हो रहे हैं। छत्तीसगढ़ के ज्यादातर नक्सली आदिवासी हैं। इनका कार्यक्षेत्र वह आदिवासी बहुल इलाका हैं, जिससे ये खुद आकर नक्सली बने हैं। इसलिए इनका सुराग सुरक्षाबलों को लगा पाना मुष्किल होता है। लेकिन ये इसी आदिवासी तंत्र से बने मुखबिरों से सूचनाएं आसानी से हासिल कर लेते हैं। दुर्गम जंगली क्षेत्रों के मार्गों, छिपने के स्थलों और जल स्रोतों से भी ये खूब परिचित हैं। इसलिए ये और इनकी शक्ति लंबे समय से यहीं के खाद-पानी से पोषित होती रही है। हालांकि अब इनके हमलों में कमी आई है। दरअसल इन वनवासियों में अर्बन माओवादी नक्सलियों ने यह भ्रम फैला दिया था कि सरकार उनके जंगल, जमीन और जल-स्रोत उद्योगपतियों को सौंपकर उन्हें बेदखल करने में लगी है, इसलिए यह सिलसिला जब तक थमता नहीं है, विरोध की मुहिम जारी रहनी चाहिए। सरकारें इस समस्या के निदान के लिए बातचीत के लिए भी आगे आईं, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इन्हें बंदूक के जरिए भी काबू में लेने की कोशिशें हुई हैं। लेकिन नतीजे पूरी तरह अनुकूल नहीं रहे। एक उपाय यह भी हुआ है कि जो नक्सली आदिवासी समर्पण कर मुख्यधारा में आ गए उन्हें बंदूकें देकर



नक्सलियों के विरुद्ध खड़ा करने की रणनीति भी अपनाई गई। इस उपाय में खून-खराबा तो बहुत हुआ, लेकिन समस्या बनी रही। गोया, आदिवासियों को मुख्यधारा में लाने से लेकर विकास योजनाएं भी इस क्षेत्र को नक्सल मुक्त करने में अब तक सफल नहीं हो पाई हैं।

बस्तर के इस जंगली क्षेत्र में नक्सली नेता हिडमा का बोलबाला रहा है। वह सरकार और सुरक्षाबलों को लगातार चुनौती दे रहा है, जबकि राज्य एवं केंद्र सरकार के पास मोदी सरकार से पहले रणनीति और दृढ़ इच्छा षक्ति की हमेषा कमी रही थी। तथाकथित षहरी माओवादी बौद्धिकों के दबाव में भी मनमोहन सिंह सरकार रही। इस कारण भी इस समस्या का हल दूर की कौड़ी बना रहा। यही वजह थी कि नक्सली क्षेत्र में जब भी कोई विकास कार्य या चुनाव प्रक्रिया संपन्न होती थी तो नक्सली उसमें रोड़ा अटका देते थे।

नक्सली समस्या से निपटने के लिए राज्य व केंद्र सरकार दावा कर रही हैं कि विकास इस समस्या का निदान है। यदि छत्तीसगढ़ सरकार के विकास संबंधी विज्ञापनों में दिए जा रहे आंकड़ों पर भरोसा करें तो छत्तीसगढ़ की तस्वीर विकास के मानदण्डों को छूती दिख रही है, लेकिन इस अनुपात में यह दावा बेमानी है कि समस्या पर अंकुष विकास की धारा से लग रहा है ? क्योंकि इसी दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं को नक्सली बनाए जाने के प्रमाण भी मिले हैं। बावजूद कांग्रेस के इन्हीं नक्सली क्षेत्रों से ज्यादा विधायक जीतकर आते रहे हैं। हालांकि नक्सलियों ने कांग्रेस पर 2013 में बड़ा हमला बोलकर लगभग उसका सफाया कर दिया था। कांग्रेस नेता महेन्द्र कर्मा ने नक्सलियों के विरुद्ध सलवा जुडूम को 2005 में खड़ा किया था। सबसे पहले बीजापुर जिले के ही कुर्तु विकासखण्ड के आदिवासी ग्राम अंबेली के लोग नक्सलियों के खिलाफ खड़े होने लगे थे। नतीजतन नक्सलियों की महेन्द्र कर्मा से दुषमनी ठन गई। इस हमले में महेंद्र कर्मा के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल, कांग्रेस के तत्कालीन अध्यक्ष नंदकुमार पटेल और हरिप्रसाद समेत एक दर्जन नेता मारे गए थे। लेकिन कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में अपनी खोई षक्ति फिर से हासिल कर ली थी, बावजूद नक्सलियों पर पूरी तरह लगाम नहीं लग पाई। 2023 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को अपदस्थ कर भाजपा अब फिर सत्ता में है। उसके बाद से ही नक्सलियों के सफाए का सिलसिला चल रहा है। व्यवस्था बदलने के बहाने 1967 में पष्चिम बंगाल के उत्तरी छोर पर नक्सलवाड़ी ग्राम से यह खूनी आंदोलन षुरू हुआ था। तब इसे नए विचार और राजनीति का वाहक कुछ साम्यवादी नेता, समाजषास्त्री, अर्थषास्त्री और मानवाधिकारवादियों ने माना था। लेकिन अंततः माओवादी नक्सलवाद में बदला यह तथाकथित आंदोलन खून से इबारत लिखने का ही पर्याय बना हुआ है। जबकि इसके मूल उद्दष्यों में नौजवानों की बेकारी, बिहार में जाति तथा भूमि के सवाल पर कमजोर व निर्बलों का उत्थान, आंध्रप्रदेष और अविभाजित मध्य-प्रदेष के आदिवासियों का कल्याण तथा राजस्थान के श्रीनाथ मंदिर में आदिवासियों के प्रवेष षामिल थे। किंतु विशमता और षोशण से जुड़ी भूमण्डलीय आर्थिक उदारवादी नीतियों को जबरन अमल में लाने की प्रक्रिया ने देष में एक बड़े लाल गलियारे का निर्माण कर दिया था, जो पषुपति ;नेपालद् से तिरुपति ;आंध्रप्रदेषद्ध तक जाता है। इस पूरे क्षेत्र में माओवादी वाम चरमपंथ पसरा हुआ था। जब किसी भी किस्म का चरमपंथ राष्ट्र-राज्य की परिकल्पना को चुनौती बन जाए तो जरूरी हो जाता है, कि उसे नेस्तनाबूद करने के लिए जो भी कारगर उपाय उचित हों, उनका उपयोग किया जाए ?दरसअल माओवादी नक्सलियों का जिस जहरीली विचारधारा से पोषण हुआ है ,वह बंदूक की नोक पर सत्ता पर काबिज होने की क्रूर भावना से संचालित है। अतएव नक्सली संवैधानिक लोकतंत्र में विश्वास नहीं रखते हैं। उनके दिल और दिमाग में यह भृम उड़ेल दिया गया है कि वे एक दिन शासन ,प्रशासन और न्यापालिका को पंगु बनाकर भारत की सत्ता को हासिल कर लेंगे।

दरअसल, देश में तथाकथित शहरी बुद्धिजीवियों का एक तबका ऐसा भी रहा है, जो माओवादी हिंसा को सही ठहराकर संवैधानिक लोकतंत्र को मुखर चुनौती देकर नक्सलियों का हिमायती बना हुआ था। यह न केवल उनको वैचारिक खुराक देकर उन्हें उकसाने का काम करता था, बल्कि उनके लिए धन और हथियार जुटाने के माध्यम भी खोलता था। बावजूद इसे विडंबना ही कहा जाएगा कि जब ये राष्ट्रघाती बुद्धिजीवी पुख्ता सबूतों के आधार पर गिरफ्तार किए गए तो बौद्धिकों और वकीलों के एक गुट ने देश के सर्वोच्च न्यायालय को भी प्रभाव में लेने की कोशिश की और गिरफ्तारियों को गलत ठहराया था। माओवादी किसी भी प्रकार की लोकतांत्रिक प्रक्रिया और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को पसंद नहीं करते हैं। इसलिए जो भी उनके खिलाफ जाता है, उसकी बोलती बंद कर दी जाती हैं। लेकिन अब इस चरमपंथ पर पूर्ण अंकुश लगने जा रहा है।

-लेखक, साहित्यकार और वरिष्ठ पत्रकार हैं।

# क्यों जनता भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोये?



ललित गर्ग

विभिन्न राजनीतिक दलों, विभिन्न प्रांतों की सरकारों, विभिन्न गरीब कल्याण की योजनाओं, न्यायिक क्षेत्र एवं उच्च जांच एजेंसियों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक, न्यायिक एवं प्रशासनिक मजबूरियां जी रहे हैं। ऐसा भी लगता है न्याय, राजनीति एवं प्रशासन की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के द्वारा एक असामान्य घटनाक्रम के तहत भ्रष्टाचार के एक मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तीन अधिकारियों को उसी सीबीआई की हिरासत में भेज देना न केवल चिन्ताजनक एवं शर्मनाक है बल्कि विडम्बनापूर्ण है। भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों की कार्रवाई का बुगल बजाय हुए है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, लेकिन सीबीआई जैसी जांच एजेन्सी में भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होना इस सूरज को उदित होने से पहले ही अंधेरा की ओट में ले रहा है। इससे भी बड़ी त्रासद एवं निराशाजनक है गुजरात में 71 करोड़ रुपये के मनरेगा घोटाले में मंत्री बच्चू भाई खाबड़ के दो बेटों का गिरफ्तार होना। राजनीति एवं कार्यपालिका के साथ न्याय पालिका के क्षेत्र में जस्टिस यशवंत वर्मा के सरकारी आवास से बड़ी मात्रा में कथित तौर पर नकदी मिलना भ्रष्टाचार के सर्वत्र व्याप्त होने को दर्शा रहा है। जनता कब तक भ्रष्टाचार का अनचाहा भार ढ़ोती रहेगी। कैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भ्रष्टाचारमुक्त आदर्श राष्ट्र-निर्माण के अपने लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे? कैसे आजादी के अमृत काल में ईमानदार राष्ट्र बना पायेंगे?

न्यायमूर्ति नीना बंसल कृष्णा ने 25 अप्रैल को सीबीआई के तीन अधिकारियों के भ्रष्टता पर अपने आदेश में कहा कि यह सीबीआई, ईडी और ऐसे अन्य विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार का अनूठा मामला है, जिसने हमारी कार्यपालिका और जांच तंत्र की पूरी संरचना को हिलाकर रख दिया है। इन एजेंसियों का प्राथमिक कर्तव्य अपराध की जांच करना और भ्रष्टाचार के दोषियों को सजा दिलाना है। लेकिन इन उच्च जांच एजेन्सियों के आला अधिकारी ही भ्रष्ट हो तो दूसरों के भ्रष्टाचार मामलों में निष्पक्ष एवं तीक्ष्ण जांच की उम्मीद कैसे संभव है? सीबीआई-भ्रष्टाचार एकमात्र मामला नहीं है, बल्कि यह विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच एक 'बड़ी साजिश' को दर्शाता है, जो अनुचित लाभ या प्रभाव डालने समेत इन विभागों के कामकाज में हस्तक्षेप करने के लिए रिश्वत के मामले को दर्शाता है। अब सर्वोच्च न्यायालय के जज भी ऐसे मामलों में लिप्त हो तो समस्या की गंभीरता को सहज ही समझा जा सकता है। निश्चित ही भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में जस्टिस वर्मा केस एक दुर्लभ एवं संवेदनशील मौका है। अब इसकी वजह से न्यायपालिका की गरिमा को ठेस न पहुंचे और जनता का भरोसा बना रहे, इसके लिए पूर्व मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने मामले से जुड़ी जानकारियों को देश से साझा किया। साथ ही, उनकी पहल पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीशों ने अपनी संपत्ति का ब्यौरा भी सार्वजनिक किया। जस्टिस वर्मा का ट्रांसफर किया गया और जांच कमिटी बनाकर उसकी रिपोर्ट सरकार व राष्ट्रपति के पास भेजकर महाभियोग की सिफारिश कर दी गई है। यहां से अब गेंद सरकार और संसद के पाले में है। महाभियोग ही एकमात्र तरीका है, जिससे सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट के मौजूदा जजों को हटाया जा सकता है। लेकिन, आजाद भारत के इतिहास में आज तक ऐसा नहीं हुआ। इसके पहले, भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश सौमित्र सेन के खिलाफ महाभियोग चला था, लेकिन लोकसभा में वोटिंग से पहले ही उन्होंने इस्तीफा दे दिया यानी वहां भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई थी। अब अगर जस्टिस वर्मा का यह मामला महाभियोग तक पहुंचता है, तो वहां भी एक लंबी प्रक्रिया चलेगी। लेकिन विचार करने वाली बात यह है कि क्या न्यायपालिका की स्वतंत्रता को अक्षुण्ण रखते हुए प्रक्रिया की जटिलता को कम किया जा सकता है? ताकि जजों के भ्रष्टाचार की उचित सजा उनको मिल सके, ऐसी प्रक्रिया से ही न्यायपालिका बिना किसी डर, दबाव या लालच के अपना कर्तव्य भी निभा सके।

भ्रष्टाचार की परतें अपराधियों एवं भ्रष्ट लोगों को बचाने तक ही सीमित नहीं है, अब तो यह गरीबों का निवाला भी छीन रही है। सरकार गरीबों के लिये अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाती हैं, लेकिन बड़ा स्थापित तथ्य है कि अधिकतर सरकारी योजनाएं अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पातीं, भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाती हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना यानी मनरेगा की स्थिति भी इससे अलग नहीं है। इस योजना की शुरुआत इस मकसद से की गई थी कि गरीब परिवारों को साल में कम से कम सौ दिन रोजगार मिल सकेगा और वे अपना भरण-पोषण कर सकेंगे मगर शुरुआती वर्षों में ही इसमें भ्रष्टाचार उजागर होने लगे थे। फर्जी नाम दर्ज कर काम देने की बड़ी चालबाजियां सामने आई थीं। सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार का ताना-बाना संबंधित महकमों में ही बुना जाता है। इसी का त्रासद उदाहरण गुजरात में मनरेगा के तहत फर्जी तरीके से कार्य निष्पादन के दस्तावेज तैयार कर करोड़ों की रकम भुना लेने का है। पुलिस ने इस मामले में अब तक ग्यारह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिन्हें सड़क, बांध, पुलिया आदि निर्माण के लिए सामग्री मुहैया कराने का ठेका दिया गया था। इस घोटाले ने इसलिए तूल पकड़ा और राजनीतिक रंग ले लिया है कि इसमें वहां के पंचायत और कृषि राज्यमंत्री के दो बेटों को भी गिरफ्तार किया गया है।

गुजरात ही नहीं, देश के अन्य हिस्सों में भी मनरेगा में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के किस्से उजागर हो रहे हैं। मुजफ्फरपुर में भी मनरेगा भ्रष्टाचार का शिकार हो गया है। जिले के कई ब्लॉक में मनरेगा में भ्रष्टाचार हो रहा है। फर्जी हाजिरी और फोटो घोटाले से हर दिन लाखों रुपये की लूट हो रही है। एक ही फोटो को बार-बार इस्तेमाल करके लाखों रुपये निकाले जा रहे हैं। गुजरात में मंत्री के बेटों के द्वारा मनरेगा लूट एवं भ्रष्टाचार अधिक परेशान करने वाला एवं चिन्ता में डालने वाला है। नेता, मंत्री एवं प्रशासनिक अधिकारी अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

अब तक आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा, राष्ट्रीय जनता दल आदि राजनीतिक दलों में ही भ्रष्टाचार के किस्से सामने आ रहे थे, अब भाजपा नेताओं एवं मंत्रियों पर भी ऐसे आरोप लगना ज्यादा चिन्ताजनक है। प्रश्न भाजपा का ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसके खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी दल के नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बुगल बजाय हुए हैं तो यह नये भारत, सशक्त भारत, ईमानदार भारत बनाने की सार्थक पहल है। राजनीतिज्ञों, जजों, प्रशासनिक अधिकारियों की साख गिरेगी, तो राष्ट्र की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। चहुंओर पसरे बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार से विकास के दावों का विद्रूप रूप ही सामने आता है। हमारे पास कार्यपालिका, न्यायपालिका एवं राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के बाद तीसरा नंबर कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही ऐसे औजार है, जो देश को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इससे खिलाफ आरपार की लड़ाई के लिए काफी कठोरता, निष्पक्षता, वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, सख्त कदम उठाने की अपेक्षा है। ऐसी ही उम्मीदभरी एवं भ्रष्टाचार-निरोधक कार्रवाई से भारत का लोकतंत्र समृद्ध हो सकेगा।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 3100

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| ■ | ■ | 7 | | 8 | ■ | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | 11 | | 12 | ■ | ■ | |
| | ■ | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| 16 | 17 | | | ■ | 18 | | ■ | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | ■ | 20 | 21 | | 22 |
| 23 | | 24 | | ■ | 25 | ■ | | ■ | |
| 26 | | | ■ | 27 | | 28 | | ■ | |
| | ■ | 29 | | | ■ | 30 | | | |

*बायें से दायें :-* 1) घोटालेबाज़, 4) विश्वास, 7) अनैतिक, 9) भूगर्भज, 10) कोशिश, 11) लावण्यमय, 13) कोलाहल, 14) जुगाड़िया; खिलाड़ी; गुणी, 16) गली के समान छोटा रास्ता; *कारीडोर*, 18) मृत्यु-दंड, 19) विद्रूप; कुरूप, 20) दर्शनीय; रम्य, 23) भड़कीला; चमकीला, 26) मोरी; नाली, 27) समभार, 29) रोकड़, 30) भेदभावहीनता.

*ऊपर से नीचे :-* 2) बहादुरी, 3) कम; कुछ, 5) प्रतिष्ठा; कीर्तिस्व, 6) अपरिचित, 8) नगर का भाग, 10) गंगा यमुना संगम, 12) नाक से रक्तस्राव, 13) पल्लवयुक्त, 15) युवती, 17) गले लगाना, 21) सुंदर स्त्री, 22) बेमिसाल; अनुपम, 23) फुर्तीला, 24) बड़ा ग़लीचा, 25) अनुचित एवं निंदनीय, 27) ख़राबी; बुराई, 28) अधिकार; सार्वजनिक यान.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | वा | ग | म | न | ■ | म | स | ख़ा | रा |
| ■ | ■ | णे | ■ | ग | म | ला | ■ | ल | ■ |
| नि | र्दे | श | क | ■ | ह | ल | च | ल | ■ |
| य | ■ | ■ | पा | क्षि | क | ■ | ट | ■ | क |
| म | ल | मा | स | ■ | दा | ■ | क | चौ | ड़ी |
| ■ | गा | ■ | ■ | ह | र | द | म | ■ | ■ |
| क | म | ल | ना | ल | ■ | ■ | ट | टो | ल |
| टौ | ■ | ज़ी | ■ | ■ | आ | तं | क | ■ | फं |
| ती | ■ | ज़ | च्चा | ख़ा | ना | ■ | ■ | दं | गा |

## सुडोकू-पहेली-3057

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | | | | | | 6 |
| | | | 2 | | | 8 | 3 | |
| | | 6 | 7 | 3 | | | | |
| 5 | | | | 9 | | | | 1 |
| 9 | | | | | 7 | | | |
| | | | | | 4 | | 7 | |
| | 1 | | | 8 | 3 | | | |
| | 8 | | 4 | | | 7 | | |
| 3 | | | | | 6 | 4 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3056 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 1 | 4 | 5 | 6 |
| 2 | 9 | 1 | 6 | 5 | 4 | 8 | 7 | 3 |
| 6 | 5 | 4 | 3 | 8 | 7 | 2 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 |
| 4 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 |
| 8 | 2 | 3 | 5 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 |
| 5 | 7 | 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 4 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 7 | 3 | 5 | 2 | 9 |

# दो विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में केंद्रीय मंत्री की पत्नी का नाम, सुकांत मजूमदार ने दी सफाई

❑ **इस सप्ताह जिला स्तर से आयोग को सौंपी जाएगी रिपोर्ट**



**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय राज्यमंत्री व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. सुकांत मजूमदार की पत्नी कोयल मजूमदार के मताधिकार को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि कोयल मजूमदार का नाम दो अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों बालुरघाट और जलपाईगुड़ी की मतदाता सूचियों में शामिल है। अब इस मुद्दे पर स्वयं सुकांत मजूमदार ने प्रतिक्रिया दी है। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग को शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसके बाद तत्काल जांच के आदेश जारी किए गए। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनोज अग्रवाल ने दक्षिण दिनाजपुर और जलपाईगुड़ी के जिलाधिकारियों को इस बाबत रिपोर्ट तैयार कर जल्द से जल्द आयोग को भेजने का निर्देश दिया है। इस विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए सुकांत मजूमदार ने स्पष्ट किया कि मेरी पत्नी का मायका जलपाईगुड़ी में है, इसलिए पहले उनका नाम वहां की मतदाता सूची में था। लेकिन शादी के बाद उन्होंने बालुरघाट में नाम जुड़वाया। ताकि इस मुद्दे का राजनीतिकरण न हो, हमने जलपाईगुड़ी की सूची से नाम हटवाने के लिए आवेदन दे दिया है। आयोग के अनुसार, विवाह पूर्व कोयल चौधुरी के नाम से उनका मतदाता कार्ड था। शादी के बाद बालुरघाट में कोयल मजूमदार के नाम से नया कार्ड बनवाया गया। आरोप यह है कि उन्होंने दो अलग-अलग जगहों पर दो पहचान संख्या वाले मतदाता कार्ड रखे हैं। ऐसे में अगर दोनों जगहों पर अलग-अलग तिथियों को मतदान हो तो एक ही व्यक्ति द्वारा दो बार मतदान करने की संभावना बनती है। इसीलिए आयोग इसे गंभीरता से लेते हुए जांच कर रहा है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, यदि कोयल मजूमदार ने चुनावी नियमों के तहत फॉर्म-8 भरकर पता बदलवाया होता, तो यह समस्या उत्पन्न नहीं होती। लेकिन उन्होंने फॉर्म-6 भरकर नया मतदाता कार्ड बनवाया, जिससे पहले वाले कार्ड के अस्तित्व की जानकारी नहीं दी गई। यही कारण है कि दोनों जगह उनका नाम मतदाता सूची में रह गया। दोनों कार्ड में उपनाम और इपिक नंबर अलग-अलग हैं, जिससे चुनाव अधिकारियों को संदेह नहीं हुआ। फिलहाल, आयोग संबंधित निर्वाचन रजिस्ट्रार को मतदाता कार्ड की तस्वीरों का मिलान कर यह तय करने की जिम्मेदारी सौंप चुका है कि क्या दोनों कार्ड एक ही व्यक्ति से संबंधित हैं। इस सप्ताह जिलास्तर से प्राप्त रिपोर्ट को राज्य आयोग दिल्ली भेजेगा।

# संसदीय दल के साथ जापान पहुंचे अभिषेक ने रखी भारत की बात



जापान के टोक्यो स्थित एडोगावा में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देते अभिषेक बनर्जी

**कोलकाता :** केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के आतंकवाद और 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में दुनिया को जानकारी देने के लिए एक बहुदलीय संसदीय दल भेजने का फैसला किया है। उक्त टीम में बंगाल की सीएम ममता बनर्जी के भतीजे व तृणमूल सांसद अभिषेक बनर्जी भी शामिल हैं। उक्त लोगों की टीम जापान पहुंची और जेडी(यू) सांसद संजय झा के नेतृत्व में उक्त संसदीय दल ने अपनी बात को उजागर किया। जापान के टोक्यो में जापानी सरकार के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद अभिषेक बनर्जी ने एक पोस्ट में कहा कि जापान आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ खड़ा है।

अभिषेक बनर्जी ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा कि, हमारे प्रतिनिधिमंडल ने जापान के पूर्व प्रधानमंत्री और जापान-भारत एसोसिएशन के अध्यक्ष योशीहिदे सुगा से भी मुलाकात की। हमने सीमा पार आतंकवाद से लड़ने के भारत के संकल्प की पुष्टि की और इस साझा उद्देश्य में भारत-जापान सहयोग को मजबूत करने की उनकी प्रतिबद्धता की गहराई से सराहना की। भारत दृढ़ है। आतंकवाद के लिए हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है।वैश्विक मंच पर आतंकवाद के खिलाफ भारत के दृढ़ रुख का प्रतिनिधित्व करने वाले सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा बनकर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। टोक्यो में पहले दिन की शुरुआत एडोगावा में महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई, जो भारत-जापान संबंधों और शांति तथा अहिंसा के हमारे साझा मूल्यों का एक स्थायी प्रतीक है।

# कोलकाता के बाद अब सागर द्वीप में आसमान में दिखीं रहस्यमयी उड़ती वस्तुएं, ग्रामीणों में दहशत

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के बाद अब दक्षिण 24 परगना जिले के गंगासागर और सुंदरवन क्षेत्र में भी रहस्यमयी उड़ती वस्तुएं देखी गई हैं। गंगासागर द्वीप के कई ग्रामीणों ने दावा किया कि बुधवार की देर रात उन्होंने आसमान में चमकती हुई कई रहस्यमयी रोशनियां देखीं। स्थानीय लोगों का दावा है कि ये रोशनियां ड्रोन जैसी दिखती थीं। कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन में इन रहस्यमयी रोशनियों की तस्वीरें और वीडियो रिकॉर्ड किए हैं। घटनास्थल पर मौजूद कुछ लोगों ने यह भी बताया कि ये 'ड्रोननुमा चीज़ें' कपिल मुनि मंदिर के ठीक ऊपर घूम रही थीं। गंगासागर के अलावा मौसुनी द्वीप, बक्खाली और फ्रेजरगंज जैसे तटीय इलाकों में भी ऐसी ही उड़ती चीजों की सूचना मिली है। रात के अंधेरे में अचानक रंग-बिरंगी रोशनियों के दिखाई देने से लोग भयभीत हैं। इस संबंध में सुंदरवन पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक कोटेश्वर राव ने पुष्टि करते हुए कहा कि हमें इन रहस्यमयी उड़ानों की जानकारी मिली है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि वे इन उड़ती वस्तुओं की सच्चाई जल्द सामने लाएं। फिलहाल रहस्य गहराता जा रहा है और डर का माहौल गंगासागर से लेकर पूरे दक्षिणी तटीय क्षेत्र में फैल चुका है।



# राज्य का दर्जा जम्मू-कश्मीर के लोगों की वैध आकांक्षा, इसे बहाल किया जाना चाहिए : तृणमूल कंग्रेस

**श्रीनगर/कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आह्वान करते हुए गुरुवार को कहा कि स्थानीय सरकार को पूर्ण अधिकार दिए जाने चाहिए। तृणमूल कांग्रेस के पांच-सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को शहर पहुंचने के तुरंत बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से उनके आवास पर मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल तृणमूल कांग्रेस की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष ने कहा कि हमारा मानना है कि राज्य का दर्जा जम्मू-कश्मीर के लोगों की वैध आकांक्षा है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा पूरी तरह बहाल किया जाना चाहिए। तृणमूल नेता ने कहा कि उनकी पार्टी संघवाद के सिद्धांत में विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि संघीय सिद्धांत हमारे संविधान में निहित है और इसलिए एक निर्वाचित सरकार को सशक्त बनाना हमारे लिए आस्था का विषय है और लोगों की वैध आकांक्षा। उन्होंने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित सरकार का पूरा समर्थन करते हैं और हमारा मानना है कि जम्मू-कश्मीर की निर्वाचित सरकार को कश्मीर के लोगों के कल्याण और खुशहाली के लिए सशक्त होना चाहिए। घोष ने कहा कि तृणमूल का प्रतिनिधिमंडल अब्दुल्ला के साथ 90 मिनट तक रहा। घोष ने कहा कि हमारी बैठक बहुत अच्छी रही। उन्होंने हमें विस्तार से बताया कि सीमावर्ती गांवों- पुंछ, राजौरी और उरी में लोगों की क्या समस्याएं हैं। पहलगाम (आतंकवादी हमला) की तुलना में पाकिस्तान की ओर से सीमा पार से की गई गोलाबारी में अधिक लोग मारे गए हैं।



# विधानसभा में पेश नहीं हुई छठे वेतन आयोग की रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा**

छठे वेतन आयोग की रिपोर्ट विधानसभा में अब तक पेश नहीं की गई है। सूचना के अधिकार के तहत एक आवेदन के जवाब में, विधानसभा सचिवालय ने उक्त जानकारी दी है। राज्य के सरकारी कर्मचारियों के वेतन वृद्धि , महंगाई भत्ता एवं बोनस के मामले अक्सर सुर्खियों में रहते हैं, लेकिन इस बार चौंकाने वाली खबर आई है। देवप्रसाद हालदार नामक एक व्यक्ति ने सूचना अधिकार के तहत आरटीआई दायर यह जानने की कोशिश कि है कि क्या राजकीय कर्मचारी का वेतन 6ठें वेतन आयोग के तहत है? इसके जवाब में, विधानसभा सचिवालय ने बताया कि उक्त आयोग की रिपोर्ट विधानसभा में पेश ही नहीं की गई है। यह रिपोर्ट उनके पास उपलब्ध भी नहीं है। पश्चिम बंगाल के सचिवालय से संयुक्त अधिकारी ने जानकारी दी है कि आमतौर पर वेतन जैसी महत्व-पूर्ण रिपोर्ट को विधानसभा में चर्चा हेतु प्रस्तुत किया जाता है उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाती है। आवेदक देव प्रसाद लंबे समय से 6ठें वेतन आयोग की पूरी रिपोर्ट पाने के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालय में आवेदन करते रहे हैं।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा का निरस्तीकरण**

वरिष्ठ मण्डल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/I, पूर्व रेलवे, हावड़ा द्वारा पूर्व में प्रकाशित खुली ई-निविदा संख्या एसडीएसटीई-एमएन-फ्री-अर्थ-25-26 दिनांक 01.05.2025, जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 26.05.2025 रखी गई है, को एतद्द्वारा कुछ तकनीकी कारणों से **निरस्त** किया जाता है।

HWH-96/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# पाकिस्तानी घुसपैठिए ने फर्जी पहचान के लिए मृत पत्नी के पैतृक पते का किया इस्तेमाल

❑ **फर्जी दस्तावेज के सहारे हासिल की भारतीय नागरिकता**

**कोलकाता, समाज्ञा :** फर्जी पासपोर्ट और हवाला रैकेट में कथित संलिप्तता के लिए ईडी द्वारा कोलकाता में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी नागरिक आजाद मल्लिक ने अपनी मृत हिंदू पत्नी सुचंद्रा बिस्वास के पैतृक पते का इस्तेमाल करके भारतीय पहचान दस्तावेज हासिल किए थे। सूत्रों के मुताबिक, आजाद ने जाली दस्तावेज हासिल करने के लिए उत्तर 24 परगना जिले के नैहाटी में अपनी पत्नी के पारिवारिक घर के पते का इस्तेमाल किया। बाद में, उसने उन दस्तावेजों में दिए गए पते को बदलकर कोलकाता में एक घर बता दिया, जहां उसे आखिरकार गिरफ्तार कर लिया गया। माना जाता है कि आजाद ने उस स्थान से अपने फर्जी पासपोर्ट और हवाला रैकेट दोनों को संचालित किया। मूल रूप से आजाद ने पहले फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके बांग्लादेशी नागरिकता हासिल की और अहमद हुसैन आजाद नाम अपनाया। इसके बाद, उसने आजाद मलिक नाम से भारतीय नागरिकता हासिल करने के लिए इसी तरह के तरीकों का इस्तेमाल किया। उसकी पत्नी सुचंद्रा बिस्वास की 2022 में रहस्यमय परिस्थितियों में मृत्यु हो गई थी। उसका जला हुआ शव उसके आवास से बरामद किया गया था और जांचकर्ताओं को संदेह है कि इसमें कुछ गड़बड़ है। उनका मानना है कि उसे अपने पति की अवैध गतिविधियों के बारे में पता चल गया होगा। ईडी अब आजाद के आतंकी समूहों से संभावित संबंधों की जांच कर रही है।

# पंचायत और नगर निकायों में मनमाने टैक्स वसूली पर रोक, नवान्न से जारी हुआ सख्त निर्देश

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के स्पष्ट निर्देश के बाद नवान्न (राज्य सचिवालय) ने पंचायत और नगर निकायों में बिना अनुमति के टैक्स या शुल्क वसूली पर कड़ा रुख अपनाया है। अब से राज्य के किसी भी ग्राम पंचायत, पंचायत समिति या जिला परिषद किसी भी प्रकार का नया कर या शुल्क आम लोगों पर लागू नहीं कर सकेगी, जब तक कि उसे राज्य के वित्त विभाग से स्पष्ट अनुमति न मिल जाए।

राज्य के पंचायती राज और ग्राम विकास विभाग की ओर से जिलाधिकारियों और बीडीओ के लिए एक निर्देशिका जारी की गयी है। इस आदेश में कहा गया है कि वित्त विभाग की पूर्व स्वीकृति के बिना किसी भी तरह का नया टैक्स या शुल्क लागू करना, उसे वसूलना या बढ़ाना प्रतिबंधित है।



सूत्रों के अनुसार, हाल के दिनों में कई पंचायत, जिला परिषद और नगर निकायों द्वारा टैक्स के नाम पर आम नागरिकों से मनमाने ढंग से पैसे वसूलने की शिकायतें नवान्न तक पहुँची थीं। आरोप है कि कई जगहों पर यह वसूली जबरन और गैरकानूनी तरीके से हो रही थी, जिससे आम जनता में रोष देखा जा रहा था।

नवान्न की नई गाइडलाइन में स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि बिना अनुमति टैक्स या फीस वसूली सरकारी निर्देशों का उल्लंघन माना जाएगा और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य के मुख्य सचिव डॉ. मनोज पंत ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे इस आदेश को सख्ती से लागू करें और निगरानी रखें कि किसी भी स्तर पर इसका उल्लंघन न हो।

मुख्यमंत्री की सख्ती और राज्य सरकार की तत्परता से यह संदेश साफ है कि अब आम जनता पर किसी भी तरह का वित्तीय बोझ बिना वैधानिक प्रक्रिया के नहीं थोपा जा सकेगा। यह कदम प्रशासन में पारदर्शिता व जवाबदेही बढ़ाने की दिशा में एक अहम पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव के कारण तटीय इलाकों में भारी बारिश का अनुमान : आईएमडी

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बनने की संभावना के कारण राज्य के तटीय क्षेत्रों में 28 मई से भारी वर्षा होने का पूर्वानुमान है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने एक बयान में यह जानकारी दी। आईएमडी ने बताया कि हवा के अनुकूल रुख और बंगाल की खाड़ी में नमी के कारण गुरुवार से अगले कुछ दिनों के दौरान पश्चिम बंगाल के कुछ जिलों में तेज हवाओं और गरज के साथ बारिश होने का अनुमान है। विभाग ने बताया कि 27 मई के आसपास बंगाल की खाड़ी के उत्तर में कम दबाव का क्षेत्र बनने का अनुमान है, जो अगले दो दिनों में और अधिक स्पष्ट हो जाएगा। आईएमडी ने बताया कि कम दबाव के के प्रभाव से 28 मई को पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों में हल्की से मध्यम तथा कुछ स्थानों पर भारी वर्षा होने का अनुमान है।

मौसम विभाग ने बताया कि झाड़ग्राम, पुरुलिया, हुगली व पश्चिम बर्दवान जिलों में एक या दो स्थानों पर तेज हवा के साथ गरज के साथ बारिश होने और हल्की से मध्यम वर्षा होने का पूर्वानुमान है जबकि पश्चिम मेदिनीपुर और बीरभूम में भारी वर्षा हो सकती है। आईएमडी ने बताया कि दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और उत्तर दिनाजपुर जिलों में कुछेक स्थान पर बारिश होने का पूर्वानुमान है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (कैरिज वर्क्स), खड़गपुर वर्कशॉप, खड़गपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है : **क्रम सं., ई-निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **1. सीडब्ल्यू-एडब्ल्यूएफए-24-25-01-आर-2,** अतिरिक्त जल-भराव व्यवस्था का प्रावधान। **मात्रा:** 1400 कोच। **निविदा मूल्य:** रु. 2,69,49,039/-, **बयाना राशि:** रु.2,84,800/- **2. सीडब्ल्यू-एआरटी-एआरएमई-13-24-25-01-आर,** बीजी कोचों का एआरटी/एआरएमई में रूपांतरण, मात्रा-13 कोच। **मात्रा:** 13 कोच। **निविदा मूल्य:** रु.1,93,42,092.60, **बयाना राशि:** रु.2,46,700/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** शून्य प्रत्येक हेतु। **अनुबंध की अवधि:** क्रम सं. 1 के लिए एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह और क्रम सं. 2 के लिए एलओए जारी करने की तिथि से 06 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 24.06.2025, 15.00 बजे प्रत्येक हेतु। **कार्य स्थल:** खड़गपुर वर्कशॉप, दक्षिण पूर्व रेलवे, पोस्ट-खड़गपुर, जिला: पश्चिम मिदनापुर, पिन-721301, **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली प्रत्येक हेतु। **अनुबंध का प्रकार:** कार्य-सामान्य प्रत्येक हेतु। विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा कागजात ई-पोर्टल वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** में उपलब्ध है।**(PR-188)**

# आर.जी. कर कांड में संदीप घोष की संलिप्तता! 16 गवाहों के बयानों के आधार पर सीबीआई का दावा

**कोलकाता :** आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ. संदीप घोष भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में घिरे हैं। सीबीआई ने गुरुवार को अलीपुर की विशेष अदालत में सुनवाई के दौरान दावा किया कि संदीप घोष सीधे तौर पर घोटाले में शामिल हैं और इसका सबूत 16 प्रमुख गवाहों के बयान हैं।

चार्ज फ्रेमिंग (आरोप तय करने) की प्रक्रिया के दौरान डॉ. घोष समेत पांच आरोपियों ने खुद को मामले से बरी करने की याचिका दायर की थी। लेकिन इस याचिका का विरोध करते हुए सीबीआई ने अदालत में जोरदार बहस की।

सीबीआई का आरोप है, संदीप घोष ने आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में टेंडर प्रक्रिया में धांधली, पार्किंग स्पेस और कैफेटेरिया की जगह आवंटन जैसे मामलों में संस्थान की आंतरिक समिति की अनदेखी कर, अपने प्रभाव का दुरुपयोग करते हुए फैसले लिए।

सीबीआई के मुताबिक, इस मामले में डॉक्टरों, मेडिकल और नॉन-मेडिकल अधिकारियों समेत कुल 16 गवाहों के बयान से यह स्पष्ट होता है कि संदीप घोष ने नियमों की अव-हेलना कर मनमाने तरीके से निर्णय लिए, जो सीधे तौर पर भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है।


सीबीआई का दावा, इन सभी गवाहों के बयान से साबित होता है कि केवल संदीप घोष ही नहीं, बल्कि उनके साथ अन्य अधिकारी भी भ्रष्टाचार में लिप्त थे।

अब अदालत को यह तय करना है कि आरोपियों के खिलाफ चार्ज तय किए जाएंगे या उन्हें मामले से रिहा किया जाएगा। मामले की अगली सुनवाई में यह अहम फैसला हो सकता है।

# '22 पुलिसकर्मी घायल, 19 आम नागरिक बीमार' - विकाश भवन आंदोलन पर लगाम लगाने के लिए राज्य सरकार ने खटखटाया हाई कोर्ट का दरवाज़ा

**कोलकाता :** कोलकाता के विकाश भवन में चल रहे एसएससी आंदोलन को लेकर राज्य सरकार ने अब कलकत्ता हाईकोर्ट का रुख किया है। शुक्रवार को न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष की पीठ में राज्य की ओर से पेश होकर अधिवक्ता कल्याण बंदोपाध्याय ने कहा कि आंदोलन अब उग्र व अराजक हो चुका है, जिससे न केवल कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है, बल्कि सरकारी कामकाज भी ठप पड़ गया है।

राज्य सरकार ने कोर्ट से अपील की कि वह आंदोलन को नियंत्रित करने और उसे स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक निर्देश दे। सरकार का कहना है कि इस आंदोलन के कारण 22 पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हुए हैं, वहीं 19 आम नागरिक भी अस्वस्थ हो गए हैं। इतना ही नहीं, एसएटी, विजिलेंस कमीशन, एसबीआई और राज्य सरकार के कई महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी कार्यालयों में फंसे हुए हैं और नियमित कार्य बाधित हो रहा है।



राज्य सरकार के वकील ने यह भी सवाल उठाया कि शिक्षकों के इस आंदोलन में ग्रुप डी स्टाफ का क्या काम है। उन्होंने आंदोलन को 'गुंडागर्दी' करार देते हुए कोर्ट से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट पहले ही आंदोलन को अन्यत्र स्थानांतरित करने की सलाह दे चुका है, अब उसे उस दिशा में आदेश जारी करना चाहिए।

न्यायमूर्ति घोष ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही एक लिखित याचिका दायर करे और अदालत शनिवार को ही इस पर सुनवाई कर हस्तक्षेप के बारे में विचार करेगी।

अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि शनिवार को होने वाली इस सुनवाई में अदालत क्या फैसला सुनाती है और विकाश भवन के समीप जारी उग्र आंदोलन पर क्या दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं।

# मिनाखां में तृणमूल नेता के रिश्तेदार पर दुष्कर्म का आरोप, एक गिरफ्तार

❑ **मुख्य आरोपित फरार, तलाश में जुटी पुलिस**

**कोलकाता, समाज्ञा :** उत्तर 24 परगना जिला के बशीरहाट महकमे के मिनाखां थाना इलाके में एक गृहिणी से देर रात जबरन घुसकर दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया गया। पीड़िता के मुताबिक, उसका पति किसी व्यावसायिक कार्य से बाहर गया हुआ था और वह घर में अकेली थी। तभी, रात लगभग 2 बजे एक व्यक्ति ने घर का दरवाजा तोड़कर जबरदस्ती अंदर घुस आया। आरोप है कि उसने महिला से मारपीट की, उसे जबरदस्ती बिस्तर पर पटका और फिर दुष्कर्म किया। गृहिणी ने आरोप लगाया कि आरोपी का नाम रबीउल वैद्य है, जबकि उसके सहयोगी के रूप में तृणमूल नेता के रिश्तेदार बाबूसोना मीर ने घर के बाहर पहरा दिया ताकि वारदात को अंजाम दिया जा सके। बाबूसोना मीर की पहचान हरोआ पंचायत समिति के मत्स्य अधिकारी और इलाके के कद्दावर तृणमूल नेता बहार अली मोल्ला के रिश्तेदार के रूप में हुई है। घटना के बाद जब पीड़िता की चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग एकत्र हुए तो आरोपी मौके से भागने लगे। लेकिन ग्रामीणों ने बाबूसोना मीर को धर दबोचा और सुबह होते ही उसे मिनाखां थाने के हवाले कर दिया। हालांकि, मुख्य आरोपी रबीउल वैद्य अब तक फरार है और पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। पीड़िता ने थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एफ_एलएलएच_सीएमटी_59, दिनांक:** 20.05.2025, उप सीएमई/बीजीबी/लिलुआ, कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, पूर्व रलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निविदा सं.: एफ_एलएलएच_सीएमटी_59 के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** कार्य अनुबंध के माध्यम से खुली निविदा के आधार पर बीएआरसी/एईआरबी अनुमोदित बाहरी एजेंसी से एक वर्ष की अवधि के लिए बट वेल्ड जॉइंट्स का रेडियोग्राफी टेस्ट। **विज्ञापित मूल्य:** रु.1,42,16,640/-, **बयाना राशि :** रु. 2,21,100/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 120 दिन। **बोली प्रणाली :** एकल पैकेट प्रणाली। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 20.05.2025 को 11.46 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 30.05.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 13.06.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

MISC-73/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# म्यूल अकाउंट के माध्यम से करोड़ों रुपये का अनियमित लेनदेन, एक सिविक वॉलंटियर समेत छह गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** म्यूल अकाउंट के माध्यम से कथित करोड़ों रुपये का अनियमित लेनदेन के लिए 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगों में हेस्टिंग्स थाने का एक सिविक वॉलंटियर भी शामिल है। आरोपित का नाम सोनू हरि है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, अप्रैल माह में एक निजी बैंक के मैनेजर ने बागुईआटी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। उनके बयान के अनुसार, करीब 16 म्यूल अकाउंट में करोड़ों रुपये का अनियमित वित्तीय लेनदेन हुआ है। घटना की जांच के बाद गत बुधवार को छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। वे सभी कोलकाता के निवासी हैं। आरोपियों को बारासात अदालत में पेश किया गया। न्यायाधीश ने सभी को छह दिन की पुलिस हिरासत का आदेश दिया। जांचकर्ता यह पता लगाना चाहते हैं कि इस गिरोह में और कौन-कौन शामिल है तथा पैसा कहां भेजा गया। पता चला है कि म्यूल अकाउंट साल्टलेक में पीएनबी मोड़ के सामने एक निजी बैंक में मिला है। बाद में, वे एक और खाता खोलने के लिए वापस आये, उसी समय उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।



# 'बहुत बड़ा मकान है', सुनते ही जज कांत बोले - 'कम से कम दो मंज़िल गिराकर आइए'

**कोलकाता/कमरहाटी :** जेल में बंद जयंत सिंह के अवैध निर्माण के मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने और सख्ती दिखाई है। कमरहाटी नगरपालिका द्वारा अतिरिक्त समय माँगने पर न्यायमूर्ति गौरांग कांत की पीठ ने साफ शब्दों में कहा, पहले कुछ कार्रवाई कीजिए। कम से कम दो मंज़िल तोड़कर आइए, फिर समय मांगिए।

गौरतलब है कि इससे पहले हाईकोर्ट ने जयंत सिंह के अवैध रूप से बने आलीशान मकान को गिराने का आदेश दिया था और इसके लिए 8 सप्ताह का समय दिया गया था। तय समयसीमा खत्म होने के बाद कमरहाटी नगरपालिका ने कोर्ट से और अधिक समय माँगा। गुरुवार को इस मामले की सुनवाई हुई।



नगरपालिका ने अपनी याचिका में कहा, मकान बहुत बड़ा है, इसे तोड़ने में और समय चाहिए। लेकिन अदालत इस दलील से संतुष्ट नहीं हुई।

न्यायमूर्ति कांत ने कहा, कोई कार्रवाई किए बिना सीधे समय मांगने से बात नहीं बनेगी। पहले दिखाइए कि आपने अवैध निर्माण गिराने की पहल की है। कम से कम दो मंज़िल गिराकर फिर आइए और कहिए कि बाकी काम के लिए दो हफ्ते और चाहिए। अदालत तभी विचार करेगी।

इस मुद्दे पर कमरहाटी नगरपालिकाध्यक्ष गोपाल साहा ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, अदालत के निर्देशानुसार ही नगरपालिका काम करेगी। मकान बहुत बड़ा है, और उसे तोड़ने के लिए हमारे पास पर्याप्त संसाधन नहीं हैं। इसके लिए टेंडर निकालकर किसी एजेंसी को जिम्मेदारी देनी होगी। लेकिन हम निश्चित रूप से अदालत के आदेश का पालन करेंगे और जल्द से जल्द कार्रवाई शुरू की जाएगी।

यह मामला अब शहरी क्षेत्रों में अवैध निर्माण और प्रशासनिक जवाबदेही को लेकर एक मिसाल बनता जा रहा है।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
▪ MATRIMONIAL ▪ EDUCATION ▪ OBITUARY
▪ PROPERTY ▪ NAME CHANGE ▪ REMEMBRANCE
▪ RECRUITMENT ▪ PUBLIC NOTICE ▪ DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# ‘मैंने चिप्स चोरी नहीं की’ बोलता रहा छात्र और पीटता रहा सिविक वॉलिंटियर

## सुसाइड नोट लिखकर की खुदकुशी

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के पांशकुड़ा इलाके से एक दिल दहला-ने वाली घटना सामने आई है। यहां सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने सिर्फ इसलिए आत्महत्या कर ली क्योंकि उस पर चिप्स चुराने का झूठा आरोप लगाते हुए एक सिविक वॉलंटियर ने सार्वजनिक रूप से उसकी बेइज्जती की और मारपीट की। पुलिस को मृत छात्र के कमरे से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें उसने साफ तौर पर लिखा है, मां, मैंने चिप्स चोरी नहीं की थी। रास्ते से उठाकर लाया था। मृत छात्र की पहचान कृष्णेंदु दास के रूप में हुई है, जो पांशकुड़ा के गोसाईबेर बाजार का निवासी था। हालांकि, पुलिस की लापरवाही का आलम ये है कि अभी तक उस सिविक वॉलंटियर को गिरफ्तार तक नहीं किया गया है। परिजनों के अनुसार, रविवार को कृष्णेंदु बाजार में चिप्स खरीदने गया था। जिस दुकान पर वह गया था वहां चिप्स नहीं मिला और दुकानदार भी मौजूद नहीं था। तभी, उसने देखा कि सड़क किनारे एक चिप्स का पैकेट गिरा हुआ है, जिसे वह उठा कर घर लौटने लगा। आरोप है कि दुकान का मालिक शुभंकर दीक्षित, जो कि एक सिविक वॉलंटियर भी है, ने बाइक से पीछा कर कृष्णेंदु को पकड़ लिया और उस पर चोरी का आरोप लगाकर बाजार में ही कान पकड़वा कर उठक-बैठक करवाई और मारपीट की। कृष्णेंदु ने सिविक वॉलंटियर को चिप्स के पैसे भी दिए,



लेकिन इसके बावजूद उस पर हिंसा जारी रही। इसी दौरान छात्र की मां वहां पहुंच गईं और उसे घर लेकर आईं। घर आते ही बच्चा अपने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब परिवारवालों ने कमरे में देखा तो वह बेहोश अवस्था में पड़ा था। परिजनों का आरोप है कि कृष्णेंदु ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया था। उसे तुरंत तमलुक मेडिकल कॉलेज व अस्पताल ले जाया गया, लेकिन गुरुवार की सुबह उसकी मौत हो गई। कमरे से बरामद सुसाइड नोट में उसने लिखा था, मां, मैं कहकर जा रहा हूं कि वह चिप्स मैंने रास्ते से उठाया था। मैंने चोरी नहीं की थी। घटना के बाद पूरे गोसाईबेर बाजार इलाके में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोग आरोपित सिविक वॉलंटियर शुभंकर दीक्षित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

# सिंगूर की सहकारी समिति में फिलहाल नहीं होगा कोई चुनाव, हाई कोर्ट ने लगाई रोक

**कोलकाता, समाज्ञा :** हुगली जिले की सिंगूर स्थित 'पहलामपुर सहकारी कृषि विकास समिति' में 'बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स' के चुनाव पर कलकत्ता हाई कोर्ट ने रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी की एकल पीठ ने इस संबंध में गुरुवार को अंतरिम आदेश देते हुए आगामी चार जून को प्रस्तावित चुनाव प्रक्रिया पर तत्काल प्रभाव से स्थगन लगा दिया। गौरतलब है कि इसी वर्ष 14 फरवरी को इस समिति में मतदान हुआ था और 13 मार्च को 'बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स' का गठन किया गया था। कुल 46 प्रतिनिधियों ने मतदान के ज़रिए 12 निदेशकों का चुनाव किया, जिनमें से एक को चेयरमैन और एक को सचिव नियुक्त किया गया। इसके बावजूद, पश्चिम बंगाल राज्य सहकारी आयोग ने चार अप्रैल को एक नया नोटिस जारी कर बोर्ड को भंग कर दोबारा चुनाव कराने का फैसला लिया। आयोग का तर्क था कि पिछली प्रक्रिया में कुछ त्रुटियां थीं, जिसके चलते चुनाव को दोहराना आवश्यक है। इस निर्णय के खिलाफ समिति के कुछ सदस्यों ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पूछा कि आखिर ऐसी क्या परिस्थितियां उत्पन्न हुईं कि हाल ही में चुने गए बोर्ड को हटाकर फिर से चुनाव की आवश्यकता पड़ी? न्यायमूर्ति ने कहा कि जब बोर्ड का गठन हो चुका है और वह कार्य भी कर रहा है, तो फिर दोबारा चुनाव की प्रक्रिया शुरू करना तर्कसंगत नहीं लगता। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश अधिवक्ता फिरदौस शमीम ने कहा कि चुना गया बोर्ड पहले ही कई महत्वपूर्ण निर्णय ले चुका है। ऐसे में लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित बोर्ड को बीच में हटाकर दोबारा चुनाव कराना असंवैधानिक और अनुचित है। उन्होंने संदेह जताया कि शायद कुछ पक्ष बोर्ड के कामकाज से असंतुष्ट हैं, इसलिए नई चुनावी प्रक्रिया की मांग की गई है। कोर्ट ने अंतरिम राहत देते हुए स्पष्ट किया है कि जब तक अगली सुनवाई नहीं होती, तब तक कोई भी नया चुनाव नहीं होगा। अगली सुनवाई गर्मी की छुट्टियों के बाद होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### स्वैग के साथ बूमर पॉप्स: मार्स रिगले इंडिया की 800 करोड़ रुपये के लॉलीपॉप बाजार में एंट्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** मार्स रिगले इंडिया ने अपने प्रतिष्ठित च्युइंग गम ब्रांड बूमर के तहत नया बूमर लॉलीपॉप लॉन्च कर भारत के 800 करोड़ रुपये के लॉलीपॉप बाजार में कदम रखा है। 31 वर्षों से अधिक की विरासत के साथ, बूमर अब इस सेगमेंट में एक नया और आधुनिक दृष्टिकोण लाते हुए युवाओं को केंद्र में रखकर मार्केट को फिर से परिभाषित करना चाहता है। स्ट्रॉबेरी, ऑरेंज और तरबूज फ्लेवर में उपलब्ध ये लॉलीपॉप आत्म-अभिव्यक्ति और स्टाइल को बढ़ावा देने वाले अभियान का हिस्सा हैं। ब्रांड एंबेसडर जसप्रीत बुमराह के साथ लॉन्च किया गया टीवीसी क्रिकेट पिच पर आधारित है, जिसमें वह आत्मविश्वास और स्वैग के साथ बदमाशी के खिलाफ स्टैंड लेते नजर आते हैं। कोलकाता में इस लॉन्च ने युवाओं और रिटेलर्स के बीच खासा उत्साह पैदा किया है। मार्स रिगले के बद्दी प्लांट में तैयार यह उत्पाद जेन जी की पसंद के अनुसार बनाया गया है, जो ब्रांड की स्थानीय नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### पीसीओएस से जूझ रहीं महिलाओं के लिए हेल्दी ब्रेकफास्ट विकल्प

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत सहित दुनियाभर में महिलाओं में पॉलीसिस्टिक ओवरी सिंड्रोम (पीसीओएस) के मामलों में तेजी देखी जा रही है। इस स्थिति में हार्मोन असंतुलन से मेटाबोलिज्म, वजन और संपूर्ण स्वास्थ्य प्रभावित होता है। विशेषज्ञों का मानना है कि जीवनशैली में बदलाव के साथ संतुलित और पौष्टिक आहार बेहद जरूरी है। मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली की डायटीटिक्स रीजनल हेड ऋतिका समद्दार बताती हैं कि नाश्ते में बादाम जैसे पोषक तत्वों से भरपूर विकल्पों को शामिल करना बेहद लाभकारी हो सकता है। ऋतिका ने पीसीओएस के लिए कुछ आसान, स्वादिष्ट और सेहतमंद ब्रेकफास्ट आइडियाज सुझाए हैं, जैसे आलमंड एंड ओट मिल्क स्मूदी, जो दिनभर ऊर्जा देती है, ईजी क्विनोआ उपमा जो ब्लड शुगर नियंत्रित रखता है, और आलमंड फ्लोर पैनकेक, जो लो-कार्ब और ग्लूटन-फ्री है। इनके अलावा, मूंग दाल चिल्ला और होल व्हीट टोस्ट विद आलमंड बटर भी फाइबर और हेल्दी फैट्स से भरपूर हैं। ये सभी विकल्प न केवल स्वादिष्ट हैं, बल्कि पीसीओएस के लक्षणों को कम करने में भी मददगार साबित हो सकते हैं।

# बांकुड़ा में पत्नी की हत्या के बाद पति ने थाने में किया आत्मसमर्पण




**बांकुड़ा :** जिला के सिमलापाल थाना अंतर्गत माचातोड़ा ग्राम पंचायत के बंशी गांव में एक पति पर अपनी पत्नी को घर के पीछे स्थित नाले में दम घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया गया है। हालांकि, हत्या के बाद आरोपी पति साधन गराई खुद थाने गया और आत्मसमर्पण कर दिया। मृतका की पहचान सावित्री गराई (55) के रूप में की गई है। मृतका के परिवार के अनुसार, आरोपी साधन गराई, जो पेशे से किसान है, और उसकी पत्नी सावित्री गराई के बीच अक्सर झगड़ा लगा रहता था। पिछले कुछ महीनों से ये सब बंद था। लेकिन, अचानक गत बुधवार की रात साधन गराई ने अपनी पत्नी सावित्री को घर के पीछे गोबर गैस नाली में डालकर, गला दबाकर हत्या कर दी और फिर थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। इस घटना से क्षेत्र में व्यापक उत्तेजना फैल गई है। पुलिस ने सावित्री गराई का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए बांकुड़ा सम्मिलानी मेडिकल कॉलेज शवगृह भेज दिया। दम्पति के बेटे सहित पूरे परिवार ने घटना के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को सजा देने की मांग की है।

### पत्नी ने पति की चाकू से गला रेतकर की हत्या, बेटे की शिकायत पर आरोपी मां गिरफ्तार

वैवाहिक विवाद के कारण लंबे समय से बीमार चल रहे अपने पति की पत्नी ने चाकू से गला रेतकर हत्या कर दी। बेटे की शिकायत पर आरोपी मां को गिरफ्तार कर लिया गया है। जानकारी के अनुसार, यह घटना गत बुधवार की दोपहर जिले के छातना थाना अंतर्गत कांटापहाड़ी गांव में हुई। मृतक की पहचान जीतन माल (60) के रूप में हुई है। जबकि, गिरफ्तार महिला का नाम माया माल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, बांकुड़ा के छातना थाना अंतर्गत कांटापहाड़ी गांव निवासी जितेन माल लंबे समय से बीमार हैं। वह लगभग बिस्तर पर पड़े रहते थे। गत बुधवार को उसका अपनी पत्नी माया माल से झगड़ा हो गया। बहस के दौरान पत्नी माया माल अचानक उत्तेजित हो गई। कथित तौर पर, झगड़े के दौरान पत्नी माया माल ने अचानक चाकू उठाया और अपने पति के गले पर वार कर दिया। जीतन माल मौके पर ही गिर गये। अस्पताल ले जाने से पहले ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद मृतक के बेटे ने थाने में अपनी मां के खिलाफ हत्या की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी माया माल को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार महिला को गुरुवार को बांकुड़ा जिला न्यायालय में पेश किया गया।



# जलपाईगुड़ी में हाथियों के हमले में दो युवकों की मौत

**जलपाईगुड़ी :** उत्तर बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में तिस्ता नदी के किनारे गुरुवार के तड़के हाथियों के हमले में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। यह घटना दुधिया चर इलाके में घटी, जहां बीते कुछ दिनों से हाथियों के लगातार हमलों से लोग दहशत में हैं। स्थानीय सूत्रों और वन विभाग के अनुसार, मृतकों की पहचान तुषार दास और नारायण दास के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, इलाके में पिछले कुछ दिनों से सौ से भी ज्यादा हाथियों के झुंड छोटे-छोटे समूहों में बस्ती में घुसकर उत्पात मचा रहे हैं।

बुधवार की रात को भी हाथियों का झुंड बैकुंठपुर जंगल से सटे दुधिया चर, टाकीमारी और आस-पास के गांवों में घुस आया। हाथियों को भगाने के लिए स्थानीय युवकों ने वन विभाग की टीम के साथ मिलकर प्रयास किया। गुरुवार के तड़के जब वे लौट रहे थे, तभी एक झुंड ने उन पर हमला कर दिया जिससे दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। चश्मदीदों के अनुसार, हाथियों ने उन्हें पैरों से रौंद डाला। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। उनका आरोप है कि वे लगातार वन विभाग से निगरानी बढ़ाने की मांग कर रहे थे। इस बीच, प्रशासन की ओर से मृतकों के परिवार को मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वन विभाग ने भी इलाके में निगरानी बढ़ाने का आश्वासन दिया है।

# पीएम मोदी ने आसनसोल मंडल के पानागढ़ और शंकरपुर स्टेशनों को राष्ट्र को किया समर्पित

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के पानागढ़ स्टेशन और शंकरपुर स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर दोनों स्टेशनों पर भव्य स्थानीय कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति रही। शंकरपुर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में गोड्डा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे, एम्स देवघर के कार्यकारी निदेशक सह सीईओ प्रो. (डॉ.) सौरभ वार्ष्णेय, आसनसोल मंडल/पूर्व रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक, चेतना नंद सिंह, अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी और गणमान्य लोग मौजूद थे। इसी तरह, आसनसोल-दुर्गापुर औद्योगिक क्षेत्र के पास पश्चिम बंगाल में स्थित पानागढ़ स्टेशन पर भी एक उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया और भारतीय सेना की माउंटेन स्ट्राइक कोर की सेवा की। इस कार्यक्रम में कर्नल



राजकुमार मलिक, आसनसोल मंडल के अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक, प्रवीण कुमार प्रेम, वरिष्ठ रेलवे अधिकारीगण और बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। पानागढ़ स्टेशन को एक विश्वस्तरीय यात्री केंद्र में तब्दील कर दिया गया है। शंकरपुर स्टेशन को भी पूरी तरह आधुनिक रूप दिया गया है। इन दोनों स्टेशनों पर देशभक्ति-थीम पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों, चित्रकला, भाषण, निबंध और कविता प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हुआ, जिसमें स्कूली छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# पत्नी की हत्या के दोषी पति को आजीवन कारावास की सजा

❑ **बांकुड़ा जिला न्यायालय ने सुनाई सजा, दस हजार का लगाया जुर्माना भी**

**बांकुड़ा :** पत्नी की नायलॉन की रस्सी से फांसी लगाकर हत्या करने के आरोपी पति को अदालत ने दोषी पाया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। बता दें कि 24 मई, 2020 को बांकुड़ा के बेलियातोड़ थाना अंतर्गत रामकनाली गांव स्थित अपने घर में पति आनंद बाउरी पर अपनी पत्नी बैशाखी बाउरी की हत्या का आरोप लगा था। पांच साल बाद, अदालत ने इस घटना में आरोपी पति आनंद बाउरी को दोषी पाया। गुरुवार को बांकुरा जिला न्यायालय ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालती सूत्रों के अनुसार, बेलियातोड़ थाना अंतर्गत रामकनाली गांव निवासी आनंद



बाउरी की शादी करीब तेरह साल पहले बांकुड़ा के मेजिया थाना अंतर्गत मुकुंदपुर गांव निवासी बैशाखी से हुई थी। दम्पति को एक बेटा और एक बेटी भी हैं। परिवार का दावा है कि शादी के बाद से ही दंपत्ति के बीच वैवाहिक कलह चल रहा था। आरोप है कि आनंद बाउरी कभी-कभी शराब के नशे में अपनी पत्नी बैशाखी के साथ मारपीट भी करता था। दोनों परिवारों ने इस मामले पर कई बार चर्चा की और समझौता कर लिया। लेकिन फिर भी, दावा हैं कि बैसाखी पर अत्याचार कम नहीं हुए। 24 मई, 2020 की रात को बैशाखी के माता-पिता को पता चला कि उनकी बेटी बीमार है। उन्हें बेलियातोड़ ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया है। वहां पहुंचने पर परिवार को पता चला कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। इसके बाद, मृतका के भाई आस्तिक बाउरी ने बैशाखी की हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। उस शिकायत के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। तब से इस घटना का मामला बांकुड़ा जिला न्यायालय में चल रहा था। विभिन्न साक्ष्यों और गवाही पर विचार करने के बाद अदालत ने पति आनंद बाउरी को बैशाखी की हत्या का दोषी पाया। इस दिन, बांकुड़ा जिला न्यायालय ने आनंद बाउरी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं, बांकुड़ा जिला न्यायालय ने आनंद बाउरी पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाने तथा भुगतान न करने पर 6 महीने अतिरिक्त कारावास की सजा सुनायी है।

# राज्य के पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों में हैं दिव्यांगों के अनुकूल अत्याधुनिक सुविधाएं

❑ **पीएम मोदी ने पश्चिम बंगाल में तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का किया उद्घाटन**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पीएम मोदी ने गुरुवार को राज्य के तीन अमृत भारत रेलवे स्टेशनों का वर्चुअल उद्घाटन किया, जिनका कायाकल्प कर उन्हें दिव्यांगजन की सुविधाओं के अनुकूल बनाया गया है और कलात्मक रूप प्रदान किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि जिन स्टेशनों का उद्घाटन किया गया उनमें पानागढ़, कल्याणी घोषपाड़ा और जॉयचंडी पहाड़ शामिल हैं। ये स्टेशन देशभर में प्रधानमंत्री द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उद्घाटित 103 अमृत भारत स्टेशनों में शामिल हैं। उद्घाटन कार्यक्रम राजस्थान के बीकानेर से किया गया। पानागढ़ और कल्याणी घोषपाड़ा



स्टेशन पूर्व रेलवे के अंतर्गत आते हैं, जबकि जॉयचंडी पहाड़ स्टेशन दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत आता है। दोनों जोन का मुख्यालय कोलकाता में है। अधिकारियों ने बताया कि इन स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं को आधुनिक रूप से पुनर्निर्मित किया गया है और सौंदर्यीकरण के साथ नये स्वरूप में प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल के कुल 100 स्टेशनों को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास के लिए चुना गया है। पुरुलिया जिले में स्थित जॉयचंडी पहाड़ स्टेशन यात्रियों और माल ढुलाई के लिए महत्वपूर्ण केंद्र है, जो पर्यटकों को अन्य पर्यटन स्थलों जैसे जॉयचंडी पहाड़ी, जलप्रपात और मंदिरों से जोड़ता है। इस स्टेशन को मधुबनी चित्रकला से सजाया गया है। अधिकारियों ने बताया कि एसईआर के आद्रा मंडल के इस स्टेशन पर यात्रियों के लिए लिफ्ट, नवीनीकृत कॉनकोर्स, विश्राम कक्ष, डॉर्मिटरी, प्रथम और द्वितीय श्रेणी प्रतीक्षालय जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। एक अधिकारी ने बताया कि तीनों स्टेशनों पर दिव्यांगजनों के लिए रैंप, शौचालय और आरक्षण काउंटर जैसी सुविधाएं बनाई गई हैं। पूर्व रेलवे के एक अधिकारी ने बताया कि पश्चिम बर्धमान जिले में स्थित पानागढ़ स्टेशन, एयर फोर्स स्टेशन अर्जन सिंह के पास स्थित है और आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से यात्रियों को सेवा प्रदान करता है। स्टेशन पर नई इमारत, सीसीटीवी कैमरे, लिफ्ट और रैंप की सुविधा है और प्लेटफार्म का उन्नयन भी किया गया है। अधिकारी ने बताया कि नदिया जिले में कल्याणी घोषपाड़ा उपनगरीय स्टेशन है, जो कोलकाता तथा अन्य जिलों से संपर्क प्रदान करता है। यह स्टेशन कल्याणी विश्वविद्यालय, मेडिकल और इंजीनियरिंग कॉलेज और एम्स जैसे संस्थानों में बेहतर आवागमन की सेवा देता है। इस स्टेशन का अमृत भारत योजना के अंतर्गत व्यापक रूप से कायाकल्प किया गया है।

# कल्याणी घोषपाड़ा स्टेशन बना अमृत भारत स्टेशन, प्रधानमंत्री मोदी ने किया उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कल्याणी घोषपाड़ा स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन के रूप में राष्ट्र को समर्पित किया। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ने राजस्थान के बीकानेर से 26 हजार करोड़ रुपये की लागत से कई विकास परियोजनाओं का



उद्घाटन और शिलान्यास किया। यह स्टेशन देशभर में प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटित 103 अमृत भारत स्टेशनों में शामिल हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने भारतीय रेलवे नेटवर्क के आधुनिकीकरण के प्रयासों पर जोर दिया और पिछले 11 वर्षों में रेलवे स्टेशन और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हुए महत्वपूर्ण विकास की जानकारी दी।

कल्याणी घोषपाड़ा स्टेशन को अब एक विश्व स्तरीय स्टेशन के रूप में उन्नत किया गया है, जिसमें नया स्टेशन भवन, कनेक्टिंग कॉन्कोर्स, सर्कुलेटिंग क्षेत्र और फसाड शामिल हैं। स्टेशन पूरी तरह से छत से ढका हुआ है और इसमें एकल/दोहरी फेज ट्रेन सूचना बोर्ड, जीपीएस घड़ी, स्पीकर, जीपीएस आधारित आउटडोर ट्रू कलर एलईडी टावर घड़ी जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा, एक पूरी तरह से सुसज्जित प्रतीक्षालय और एक छोटी लाइब्रेरी भी मौजूद है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना का उद्देश्य विश्व स्तरीय रेलवे स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित करना है, जिससे यात्रियों का अनुभव बेहतर हो सके। इस उद्घाटन समारोह में केंद्रीय मंत्री शांतनु ठाकुर, सांसद जगन्नाथ सरकार, विधायक अशिम सरकार, स्वपन मजूमदार, अंबिका रॉय और सुब्रत ठाकुर उपस्थित थे। साथ ही, सियालदह के डीआरएम राजीव सक्सेना और अन्य मंडल अधिकारी भी इस समर्पण समारोह में मौजूद थे। इस ऐतिहासिक समर्पण समारोह को लगभग 2300 दर्शकों ने देखा और स्टेशन के तकनीकी उन्नयन को देखकर खुशी व्यक्त की।

# कोलकाता में ‘एमएएसी सीआरयू क्रिएटिव कार्निवल 2025’ का सफल आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** एमएएसी द्वारा ‘एमएएसी सीआरयू क्रिएटिव कार्निवल 2025’ का सफल समापन किया गया। यह कार्यक्रम कोलकाता के उत्तम मंच पर आयोजित हुआ। इस आयोजन ने रचनात्मकता, सम्मान और प्रतिभा का उत्सव मनाया और एमएएसी सीआरयू द्वारा पोषित अद्वितीय प्रतिभाओं को उजागर किया। इस कार्निवल के तीन मुख्य हिस्से थे: द्रोणाचार्य स्पीक - एक इंडस्ट्री कनेक्ट सेमिनार, लेजेंड्स ऑफ एमएएसी एमएएसी सीआरयू एलुमनाई मीट, और प्रयास - वार्षिक सांस्कृतिक कार्यक्रम। इन आयोजनों में संगीत, नृत्य, सम्मान समारोह और उत्सवपूर्ण माहौल का समावेश था, जिसने उपस्थित लोगों पर गहरी छाप छोड़ी। द्रोणाचार्य स्पीक- जहां ज्ञान और आकांक्षा मिलते हैं सेमिनार में प्रमुख उद्योग विशेषज्ञों ने



अपने अनुभव साझा किए। इसमें अनिरबंदीप दत्ता (क्रिएटिव डायरेक्टर, पिक्सल एंड रेशियो), सोमनील साहा (फाउंडर और सीईओ, क्रिएशेन गेम्स) और प्रतीक घोष (सीजीआई एसेट हेड, डिजीटून्ज) शामिल थे।

कार्यक्रम में 80 से अधिक एमएएसी सीआरयू एलुमनाई को लेजेंड्स ऑफ एमएएसी के रूप में सम्मानित किया गया, जिन्होंने प्रमुख प्रोडक्शन हाउस और स्टूडियोज में सफलता प्राप्त की। एमएएसी के सेंटर डायरेक्टर नवीम चौधरी ने इस आयोजन को छात्रों के लिए एवीजीसी उद्योग में जानकारी प्राप्त करने का बेहतरीन अवसर बताया। एपटेक लिमिटेड के संदीप वेलिंग ने कहा कि यह आयोजन छात्रों और एलुमनाई को उद्योग के नेताओं से जोड़ता है, जो शिक्षा और अवसरों के बीच पुल का काम करता है।

### आनुभविक खान-पान: गोदरेज फूड ट्रेंड्ज़ रिपोर्ट 2025 में मौसमी स्वाद, खाने की कहानियां और पारंपरिक रसोई की वापसी पर रोशनी

**कोलकाता :** मंच सजा, परदा उठा और खाने का भविष्य सबके सामने आ गया। गोदरेज विक्रोली कज़िना ने मुंबई में बेहद अनोखे अंदाज़ में ‘गोदरेज फूड ट्रेंड्ज़ रिपोर्ट 2025’ (जीएफटीआर) का आठवां संस्करण लॉन्च किया। इस बार लॉन्च किसी आम प्रस्तुति की तरह नहीं, बल्कि फीस्ट फॉर द फ्यूचर नामक एक अनूठे फूड थिएटर परफॉर्मेंस के ज़रिए किया गया। इस साल की थीम थी - ‘सीज़न्स’, जिसे भाषणों या स्लाइडों के बजाय कहानियों, ह्यूमर और इंद्रियों को जगाने वाले नाट्य अनुभव के ज़रिए पेश किया गया। इसमें खाने को यादों, पहचान और भावनाओं के रूप में सराहा गया। इस थीम पर बोलते हुए, गोदरेज इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड और सहयोगी कंपनियों की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर और चीफ ब्रांड ऑफिसर, तान्या दुबाश ने कहा, हमारे लिए गोदरेज इंडस्ट्रीज़ ग्रुप में खाना सिर्फ़ पेट भरने का ज़रिया नहीं, बल्कि संस्कृति, पहचान, यादें और संभावनाएं भी है। यही सोच हर साल बनने वाली गोदरेज फूड ट्रेंड्ज़ रिपोर्ट को दिशा देती है।

### आयकर विभाग के कर्मचारियों के लिए नेत्र जांच शिविर आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय सरकारी संस्था, आयकर विभाग, कोलकाता में, पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम क्षेत्र के लिए आयकर विभाग के प्रधान मुख्य आयुक्त और रेवेन्यू ऑफिशियल्स वूमेन एसोसिएशन (आरओडब्ल्यूए) की पहल पर, आयकर कार्यालय के अधीनस्थ कर्मचारियों के लिए एक निःशुल्क नेत्र जांच एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन आरओडब्ल्यूए की अध्यक्ष महोदया अर्चना कुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य आयकर आयुक्त एस्थर लाल रुतकीमी, भा. रा.से; प्रधान आयकर आयुक्त परमिता एम. विश्वास, भा. रा.से; तथा विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# हावड़ा मंडल ने हावड़ा स्टेशन पर विश्व पर्यावरण दिवस अभियान की शुरुआत की

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल ने 5 जून को मनाए जाने वाले विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर गुरुवार को हावड़ा स्टेशन पर विशेष जागरूकता अभियान की शुरुआत की। इस अभियान का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करना और सतत व हरित जीवनशैली को बढ़ावा देना है। इस अभियान का नेतृत्व मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस वर्ष की थीम प्लास्टिक प्रदूषण का अंत करें सतत विकास और पारिस्थितिकी संरक्षण के प्रति एक नई प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर स्टेशन परिसर में मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) में एक लाइव डेमोंस्ट्रेशन आयोजित किया गया, जहां प्लास्टिक बेलिंग मशीन की कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया गया।



यह 50 टन की हाइड्रोलिक मशीन विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक कचरे को सघन बेलों में परिवर्तित करती है, जिससे उसका पुनर्चक्रण आसान होता है और प्लास्टिक प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आती है। गौरतलब है कि पहले स्टेशन का सारा कचरा, जिसमें प्लास्टिक भी शामिल होता था, सीधे नगर निगम के डंपिंग ग्राउंड में भेजा जाता था। लेकिन अब एमआरएफ की स्थापना के बाद प्लास्टिक कचरे को व्यवस्थित रूप से छांटकर पर्यावरण हितैषी तरीके से संसाधित किया जा रहा है। यह जागरूकता अभियान 5 जून तक जारी रहेगा, जिसके अंतर्गत स्वच्छता गतिविधियों, पर्यावरण से जुड़े जनजागरण कार्यक्रमों और हरित प्रयासों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

# आईपीएल फाइनल मैच का वेन्यू बदलने पर मचा सियासी बवाल, खेल मंत्री ने बताया 'राजनीतिक साजिश'

**❑ अरूप विश्वास ने कहा... 'यह कदम पश्चिम बंगाल के क्रिकेट प्रेमियों का अपमान है'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के बिजली और खेल मंत्री अरूप विश्वास ने गुरुवार को बीसीसीआई पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का फाइनल मैच कोलकाता के ईडन गार्डन से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ट्रांसफर करने का फैसला पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ एक साजिश है। मंत्री अरूप विश्वास ने बताया है कि आईपीएल फाइनल के स्थान को बदलने के फैसले के पीछे अलग-अलग कारण बताए जा रहे हैं। इस दिन, मंत्री विश्वास ने मीडिया कर्मियों से बात करते हुए कहा कि बीसीसीआई दावा कर रहा है कि फाइनल मैच के दिन कोलकाता में संभावित मौसम की स्थिति इस फैसले के पीछे का कारण थी। विश्वास ने दावा किया कि आईपीएल फाइनल के स्थान को बदलने का फैसला मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ भाजपा की संकीर्ण राजनीतिक रणनीति का नतीजा है। मंत्री ने कहा कि यह कदम पश्चिम बंगाल के क्रिकेट प्रेमियों का अपमान है। उन्होंने कहा कि अब तक केंद्र सरकार विभिन्न केंद्र प्रायोजित परियोजनाओं के तहत पश्चिम बंगाल सरकार को केंद्रीय निधि से वंचित करती रही है। उन्होंने कहा कि अब उन्होंने राज्य के खेल प्रेमियों को भी वंचित कर दिया है। मुझे नहीं पता कि बीसीसीआई कब मौसम विशेषज्ञ बन गया। असल में, भाजपा मुख्यमंत्री और उनके नेतृत्व में पश्चिम बंगाल में चल रही विकास गतिविधियों से ईर्ष्या करती है। विश्वास ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार को घेरने का एक भी मौका नहीं छोड़ना चाहती।



# 'यह आपका घर नहीं है', शहर के विरासत स्कूल को काम रोकने का हाईकोर्ट का निर्देश

**कोलकाता :** शहर के सौ साल पुराने ऐतिहासिक स्कूल में बिना अनुमति निर्माण कार्य पर हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। कोलकाता के प्रतिष्ठित ला मार्टिनियर ब्वॉयज एंड गर्ल्स स्कूल को गुरुवार को कलकत्ता हाईकोर्ट से फटकार मिली। कोर्ट ने कहा कि स्कूल ने विरासत आयोग से अनुमति लिए बिना भवन में मरम्मत और निर्माण का कार्य शुरू किया है, जो कानून का उल्लंघन है।



इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति गौरांग कांता की बेंच में हुई। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति ने तीखी टिप्पणी करते हुए स्कूल प्रबंधन से कहा, यह आपका घर नहीं है। अगर यह कोई सामान्य स्कूल होता, तब बात अलग थी। याद रखें, यह स्कूल शहर की विरासत का हिस्सा है।

स्कूल प्रबंधन ने हाईकोर्ट से मरम्मत कार्य के लिए अनुमति मांगी थी। लेकिन इससे पहले ही उन्होंने कुछ हिस्सों में कार्य शुरू कर दिया, जिसका कोलकाता नगर निगम ने विरोध किया और नोटिस भी भेजा। नगर निगम ने स्पष्ट किया कि हेरिटेज भवन में किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य करने से पहले आयोग से अनुमति लेना अनिवार्य है।

हालांकि स्कूल ने इस नोटिस को नजरअंदाज करते हुए सीधे हाईकोर्ट का रुख किया। लेकिन कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि जब तक चार सप्ताह की ग्रीष्मावकाश समाप्त नहीं होती और अगली सुनवाई नहीं होती, तब तक कोई भी निर्माण या मरम्मत कार्य नहीं किया जा सकता।

गौरतलब है कि ला मार्टिनियर स्कूल की स्थापना मेजर जनरल क्लॉड मार्टिन ने की थी, जो ब्रिटिश सेना में अधिकारी थे। भारत के प्रति उनके समर्पण का उदाहरण यह है कि उन्होंने न सिर्फ स्कूल बनवाया, बल्कि अपनी वसीयत में इस स्कूल के लिए धन भी सुरक्षित रखा। भारतीय शिक्षा में उनके योगदान को इतिहासकार भी अमूल्य मानते हैं।

यह मामला अब विरासत संरक्षण और कानूनी अनुमति के पालन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण बन गया है।

## आंध्र प्रदेश में आर्सेलर मित्तल की एक गीगावॉट हरित ऊर्जा परियोजना से इस्पात उद्योग को नया बल

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलर मित्तल की 1 गीगावॉट क्षमता वाली अब तक की सबसे बड़ी अक्षय ऊर्जा परियोजना ने आंध्र प्रदेश में एएम/एनएस इंडिया को स्वच्छ बिजली की आपूर्ति शुरू कर दी है। यह संयंत्र सौर और पवन ऊर्जा का हाइब्रिड मॉडल है, जिसे आर्सेलर मित्तल की सहायक कंपनी एएम ग्रीन एनर्जी ने विकसित किया है। इस परियोजना से एएम/एनएस इंडिया, जो आर्सेलर मित्तल और निप्पॉन स्टील का संयुक्त उपक्रम है, हर साल 1.5 मिलियन टन कार्बन उत्सर्जन कम करेगा, जिससे 2030 तक इस्पात उत्पादन की कार्बन तीव्रता में 20% की कटौती संभव होगी। 700 मिलियन डॉलर की लागत से बने इस संयंत्र में 15 लाख सोलर पैनल और 91 पवन टरबाइन लगे हैं, जो 2.5 बिलियन यूनिट बिजली उत्पादन कर सकते हैं। आर्सेलर मित्तल के सीईओ आदित्य मित्तल ने इसे भारत में स्थायी विकास की दिशा में बड़ा कदम बताया।

## गंगा किनारे अतिक्रमण हटाने पर बवाल, व्यापारियों ने जताया विरोध



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के ग्रैंड फोरशोर रोड स्थित गंगा किनारे सोमवार दोपहर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई से इलाके में तनाव फैल गया। कोलकाता बंदरगाह प्राधिकरण की जमीन पर अवैध रूप से बनीं खाने-पीने की दुकानों को हटाया गया। प्रशासन ने पहले ही दुकानदारों को नोटिस देकर जगह खाली करने का निर्देश दिया था, लेकिन अनदेखी के बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। इस दौरान कई दुकानदारों ने विरोध जताया। उनका कहना है कि उन्हें रजिस्ट्रेशन कर वैध रूप से किराया देने का आश्वासन दिया गया था, फिर भी उन्हें हटाया जा रहा है। व्यापारियों ने प्रशासन से इस मामले को मानवीय दृष्टिकोण से देखने और पुनर्विचार करने की मांग की है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के चलते इलाके में अफरा-तफरी और असंतोष का माहौल है।

## अलीपुरद्वार में 29 मई को जनसभा को संबोधित करेंगे पीएम मोदी

**अलीपुरद्वार में दो कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे पीएम, भाजपा नेताओं ने रैली ग्राउंड का किया दौरा**

**अलीपुरद्वार/कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 29 मई को उत्तर बंगाल के दौरे पर आ रहे हैं। प्रदेश भाजपा के सूत्रों के अनुसार, पीएम अलीपुरद्वार जिले में दो कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इसमें सरकारी कार्यक्रम के अलावा पीएम अलीपुरद्वार के परेड ग्राउंड में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सरकारी कार्यक्रम में वह कई परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इधर, पीएम के आगमन को लेकर प्रदेश भाजपा ने तैयारियां शुरू कर दी है। गुरुवार को प्रदेश भाजपा के महासचिव (संगठन) अमिताभ चक्रवर्ती, महासचिव दीपक बर्मन और अलीपुरद्वार के सांसद मनोज तिग्गा ने अलीपुर के परेड ग्राउंड का दौरा किया, जहां पीएम की जनसभा होगी। इस दौरान जिला भाजपा के अन्य नेता भी उपस्थित थे। मालूम हो कि बंगाल में अगले साल की ही शुरुआत में विधानसभा चुनाव होने हैं।



इससे पहले प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को लेकर राजनीतिक हलकों में उत्सुकता है। प्रधानमंत्री का बंगाल दौरा विशेष रूप से आपरेशन सिंदूर और भारत-पाक सैन्य संघर्ष के बाद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश भाजपा सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री सरकारी कार्यक्रम में बंगाल और अन्य राज्यों के लिए कई परियोजनाओं का शुभारंभ करेंगे।

## वोग आईवियर ने शाहिद कपूर को बनाया ब्रांड एंबेसडर, तापसी पन्नू के साथ लॉन्च किया नया कैंपेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** मशहूर आईवियर ब्रांड वोग आईवियर ने बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर को अपने नए ब्रांड एंबेसडर के रूप में शामिल किया है। अब वह अभिनेत्री तापसी पन्नू के साथ मिलकर ब्रांड का चेहरा होंगे। दोनों सितारे वोग आईवियर के नए कैंपेन का हिस्सा बने हैं, जिसमें आत्म-अभिव्यक्ति, स्टाइल और व्यक्तिगत पहचान को प्रमुखता दी गई है। शाहिद कपूर ने कहा, स्टाइल मेरे लिए बिना सीमा के आत्म-अभिव्यक्ति का तरीका है और यह अभियान लोगों को खुद के तरीके से जीने की प्रेरणा देता है। वहीं तापसी ने इसे निडर और बेबाक होकर खुद को पेश करने का जरिया बताया। यह कैंपेन वोग के 'नो रूल्स क्लब' विचार को आगे बढ़ाता है, जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देता है। इस फिल्म को एक आर्ट गैलरी जैसे सेट पर फिल्माया गया है, जो स्टाइल को कला की तरह पेश करता है। वोग आईवियर की नई रेंज 3090 रुपये से 8290 रुपये तक उपलब्ध है।

## महेशतला में दर्दनाक सड़क हादसे में छात्र की मौत, लोगों ने किया प्रदर्शन

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के महेशतला थाना क्षेत्र अंतर्गत फूलबागान इलाके में गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 वर्षीय विशेष रूप से सक्षम छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान उज्ज्वल मंडल के रूप में हुई है, जो महेशतला नगरपालिका के वार्ड 30 का निवासी और कक्षा छह का छात्र था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उज्ज्वल साइकिल से जा रहा था तभी पीछे से तेज रफ्तार बालू लदी लॉरी ने उसे टक्कर मारी। गिरने के बाद लॉरी का पहिया उसके सिर पर चढ़ गया, जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

## रघुनाथपुर में एसडीओ को प्रशासक नियुक्त किए जाने के खिलाफ 13 पार्षद हाईकोर्ट पहुंचे

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर नगरपालिका के 13 पार्षदों ने एसडीओ (सब-डिविजनल ऑफिसर) को प्रशासक नियुक्त किए जाने के निर्णय को चुनौती देते हुए कोलकाता हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। इन पार्षदों का कहना है कि इस फैसले से चुनाव में चुने गए प्रतिनिधियों का मताधिकार छीन लिया गया है।

पूरा विवाद तब शुरू हुआ जब 16 मई को तृणमूल कांग्रेस के 10, कांग्रेस के 2 और भाजपा के 1 पार्षद ने मिलकर तत्कालीन चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया। इसके बाद 19 मई को चेयरमैन को पद से हटा दिया गया और राज्य सरकार ने एसडीओ को प्रशासक नियुक्त कर दिया।

याचिकाकर्ताओं का आरोप है कि इस तरह प्रशासनिक रूप से चुनी हुई बोर्ड को हटाकर एसडीओ को प्रशासक बनाने का निर्णय न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है, बल्कि इससे जनता द्वारा चुने गए प्रतिनिधियों की भूमिका भी शून्य हो गई है।

रघुनाथपुर नगरपालिका में कुल 13 सीटें हैं, जिनमें से 10 तृणमूल कांग्रेस, 2 कांग्रेस और 1 भाजपा के पास है। बीते 24 अप्रैल को तृणमूल के ही 6 पार्षदों ने कांग्रेस के एक पार्षद के साथ मिलकर चेयरमैन के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए रघुनाथपुर एसडीओ के पास अविश्वास प्रस्ताव दायर किया था।

उनका कहना था कि चेयरमैन नगरपालिका के एक अधिकारी की मिलीभगत से वित्तीय अनियमितताएं कर रहे हैं। इस प्रस्ताव पर सुनवाई के लिए 25 अप्रैल को नगरपालिका में बैठक होनी थी, लेकिन उससे 24 घंटे पहले ही राज्य नगर विकास विभाग ने बोर्ड को भंग कर दिया और प्रशासन का कार्यभार सीधे एसडीओ को सौंप दिया।

अब इस कार्रवाई के खिलाफ 13 पार्षदों ने अदालत में याचिका दायर की है। इस मामले की अगली सुनवाई 28 मई को निर्धारित की गई है।

यह मामला राज्य में स्थानीय स्वशासन और निर्वाचित प्रतिनिधियों की भूमिका को लेकर एक महत्वपूर्ण संवैधानिक बहस का रूप ले सकता है।


## शेयर बाजार में निवेश के नाम पर करोड़ों की ठगी, आरामबाग में ईडी की छापेमारी

**हुगली :** शेयर बाजार में निवेश के नाम पर आम लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार सुबह आरामबाग शहर और उसके आसपास के इलाकों में एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। यह कार्रवाई एक कथित निवेश कंपनी के खिलाफ की गई, जिस पर निवेशकों को झूठे मुनाफे का लालच देकर भारी भरकम रकम ठगने का आरोप है। ईडी की टीम ने केंद्रीय बलों की सुरक्षा में आरामबाग स्थित एक रिसॉर्ट, कई कार्यालयों, एजेंटों के परिसरों और कंपनी के निदेशकों के आवासों पर तलाशी अभियान चलाया। स्थानीय निवासियों के अनुसार, सुबह-सुबह हुई इस छापेमारी से इलाके में अचानक हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कंपनी आम नागरिकों से शेयर बाजार में निवेश करने का झांसा देकर पैसे लेती थी, लेकिन बाद में न तो उन्हें वादा किया गया मुनाफा मिला और न ही उनकी जमा राशि वापस की गई। कई निवेशकों ने इस फर्जीवाड़े की शिकायत की थी, जिसके बाद जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई शुरू की। फिलहाल, ईडी की ओर से छापेमारी में जब्त की गई सामग्री या किसी गिरफ्तारी को लेकर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। स्थानीय लोगों ने इस मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है, ताकि दोषियों को सजा मिले और ठगे गए निवेशकों को उनका पैसा वापस मिल सके।

## मां ने पत्थर से किया बेटों पर हमला, चार साल के मासूम की मौत व बड़ा बेटा गंभीर

**नदिया में दिल दहला देने वाली वारदात, मां गिरफ्तार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले से एक ऐसी हृदयविदारक घटना सामने आई है जिसने इंसानियत को झकझोर कर रख दिया है। करीमपुर थाना अंतर्गत आनंदपल्ली मध्यपाड़ा में एक मां ने अपने ही दो मासूम बेटों पर मसाला पीसने वाले भारी पत्थर (नौड़ा) से हमला कर दिया। इस हमले में चार साल के पियॉन की मौत हो गई, जबकि आठ वर्षीय तोजो गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना गत बुधवार की देर शाम की बताई जा रही है। परिवार के मुताबिक, आरोपी महिला रिंकी मजुमदार ने अचानक आपा खो दिया और घर में मौजूद अपने छोटे बेटे पियॉन और बड़े बेटे तोजो पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। दोनों बच्चों के सिर पर वार किए गए, जिससे लहूलुहान हालत में वे ज़मीन पर गिर पड़े। शोर सुनकर पति सूरज मजुमदार घर पहुंचे और नजारा देख सन्न रह गए। उन्होंने आनन-फानन में दोनों बच्चों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने पियॉन को मृत घोषित कर दिया, जबकि तोजो की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बहरमपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। स्थानीय निवासियों और पड़ोसियों का कहना है कि रिंकी पिछले कुछ समय से मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रही थी। कई बार वह अजीब व्यवहार करती देखी गई थी, लेकिन किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि वह अपने ही बच्चों पर इस कदर हमला कर सकती है। घटना के बाद रिंकी मौके से फरार हो गई थी। पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की और गुरुवार की सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल, पुलिस आरोपी महिला की मानसिक स्थिति की जांच कर रही है। घटना के बाद से इलाके में गहरा तनाव और आक्रोश है।



## गोलपार्क क्रॉसिंग में स्वचलित शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन



**कोलकाता, समाज्ञा :** श्री काशी विश्वनाथ सेवा समिति द्वारा रविंद्र सरोवर पुलिस थाना के निकट गोल-पार्क क्रॉसिंग में स्वचलित शीतल जल प्याऊ का उद्घाटन थाना अधिकारी एवं दानदाता सुशीला देवी रूंगटा के द्वारा किया गया एवं समिति के प्रधान सचिव बिमल दीवान, उप-सचिव पवन बंसल एवं सुभाष सवालदवाला, समाजसेवी एवं समिति के मार्ग दर्शक राजकुमार बोथरा के उपस्थिति में किया गया। मशीन द्वारा संचालित शीतल जल प्याऊ का निर्माण सुशीला देवी रूंगटा ने अपने पति स्व. मधुसूदन रूंगटा के स्मृति में अपने आर्थिक सहयोग से करवाया। दानदाता की ओर से हर्षवर्धन रूंगटा, अंकित रुंगटा, अक्षय नथानी, सूची नथानी आदि भी उपस्तिथ थे। समिति के कार्यकर्त्ता दीपक अग्रवाल (चन्दन नगर), मनोज चौधरी, सुभाष चंद्र गोयनका, महेश काबरा, जय प्रकाश गुप्ता, राजेश अग्रवाल, दुर्शीचंद अग्रवाल, दिनेश खेमका, माणिक आदि की उपस्थिति से यह कार्य सफलतापूर्ण सफल हो पाया।

## अपना अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है इसरो : नारायणन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष वी. नारायणन ने गुरुवार को कहा कि संगठन खुद का अंतरिक्ष स्टेशन कक्षा में स्थापित करने के लिए तैयारी कर रहा है और यह भारत की अंतरिक्ष महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। उन्होंने यह भी कहा कि अंतरिक्ष विभाग देश के नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न संगठनों के साथ मिलकर काम कर रहा है। नारायणन इस विभाग के सचिव भी हैं। उन्होंने यहां राममोहन मिशन के एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से कहा कि उदाहरण के लिए हमारे देश को ही लें - हमारे पास 11,500 किलोमीटर लंबी तटरेखा है, और फिर उत्तरी सीमा है। हमें विशाल सीमा की निगरानी करनी होती है और सरकार हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगन से काम कर रही है। नारायणन ने कहा कि फिलहाल, कक्षा में हमारे 57 उपग्रह हैं, जो मौसम के पूर्वानुमान से लेकर सबसे दूरदराज के क्षेत्रों में शिक्षा पहुंचाने तक, विभिन्न मुद्दों पर अद्यतन जानकारी और डेटा प्रदान करके जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने पीएसएलवी-सी61 मिशन की हालिया विफलता को इसरो की कामयाबी में एक अपवाद बताया। उन्होंने कहा कि यह झटका किसी भी तरह से इसरो के भविष्य के कार्यक्रमों जैसे गगनयान को प्रभावित नहीं कर सकता है।



## शांतिपुर में आपसी रंजिश के चलते युवक की हत्या के दो आरोपियों को उम्रकैद की सजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के शांतिपुर में सात साल पुराने हत्या के मामले में आखिरकार न्याय की जीत हुई। रणाघाट की अदालत ने वर्ष 2017 में हुई एक सुनियोजित हत्या के दो दोषियों को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई है। बता दें कि घटना सितंबर 2017 की है। शांतिपुर निवासी मेहेबुल कारिगर उर्फ गुड्डू, अपनी पत्नी के साथ घर लौट रहे थे। रास्ते में साहेब अली कारिगर और सुकांत देवनाथ ने उन्हें घेर लिया। पहले बहस हुई और फिर साहेब अली ने बंदूक निकालकर मेहेबुल पर गोली चला दी। मेहेबुल वहीं गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए दोनों आरोपियों को मौके पर पकड़ लिया और तुरंत पुलिस को सूचना दी। घायल मेहेबुल को शांतिपुर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शांतिपुर थाने की पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर लिया। मामला रणाघाट अदालत में चलाया गया। सात वर्षों तक चले मुकदमे के दौरान कुल 16 गवाहों के बयान दर्ज किए गए, जिनमें चश्मदीद, मेडिकल स्टाफ और पुलिस अधिकारी शामिल थे। गत मंगलवार को अदालत ने दोनों आरोपियों को हत्या का दोषी करार दिया। और फिर गुरुवार को रणाघाट अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सौमेन गुप्ता ने दोषियों साहेब अली कारिगर और सुकांत देवनाथ को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## तृणमूल छात्र परिषद के कार्यालय से तृणमूल पार्षद का झूलता शव बरामद

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला के हरिणघाटा में तृणमूल पार्षद ने 'आत्महत्या' कर ली। मिली जानकारी के अनुसार, गुरुवार की शाम हरिणघाटा तृणमूल छात्र परिषद कार्यालय में तृणमूल पार्षद का लटकता हुआ शव मिला। इस मौत से हर कोई स्तब्ध है। इस बात पर भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या यह आत्महत्या थी या कुछ और। मृतक की पहचान राकेश पाड़ूई के रूप में की गई है। वह हरिणघाटा नगरपालिका के वार्ड दो के तृणमूल पार्षद थे। वह तृणमूल छात्र परिषद के नेता भी थे। पता चला है कि इस दिन, शाम को राकेश का शव हरिणघाटा मोहनपुर में विधानचंद्र कृषि विश्वविद्यालय के समीप तृणमूल छात्र परिषद कार्यालय में लटका मिला। उनके सहकर्मियों ने ही सबसे पहले उन्हें लटका देखा। मोहनपुर पुलिस थाने को तुरंत सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उठाकर हरिणघाटा ग्रामीण अस्पताल ले गई। वहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने राकेश को मृत घोषित कर दिया। खबर मिलते ही तृणमूल के कई नेता और कार्यकर्ता एक-एक कर अस्पताल पहुंचने लगे। जिले के तृणमूल नेतृत्व ने सोशल मीडिया पर उनकी मौत पर दुख व्यक्त किया। मौत के कारण को लेकर संशय बना हुआ है। उसने आत्महत्या क्यों की? क्या इसका कारण पारिवारिक समस्या है या कोई अन्य कारण? हालांकि, शुरू में इसे आत्महत्या माना जा रहा था, लेकिन पुलिस ने कहा कि प्रारंभिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

# बीएसएफ अकादमी टेकनपुर ने तिरंगा रैली निकालकर बलिदानियों को दी श्रद्धांजलि

**टेकनपुर/ कोलकाता :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) द्वारा संचालित रुस्तमजी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी, टेकनपुर में संस्थान के संस्थापक और बल के पहले महानिदेशक पद्मविभूषण स्वर्गीय केएफ रुस्तमजी की 109वीं जयंती को फाउंडर्स डे के रूप में गुरुवार को श्रद्धा और उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: काल संस्थान के छात्रों एवं व्याख्यातागणों ने तिरंगा रैली निकालकर आपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक संघर्ष में बलिदान हुए बीएसएफ व सेना के जवानों को श्रद्धांजलि दी। यह रैली संस्थान से प्रारंभ होकर बीएसएफ अकादमी, टेकनपुर, ग्वालियर स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम तक आयोजित की गई। इस मेगा रैली में बीएसएफ अकादमी टेकनपुर की सभी यूनिट्स ने भाग लिया। रैली को अकादमी के निदेशक एडीजी डा शमशेर सिंह, आइपीएस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कार्यक्रम में विशेष आमंत्रण पर मुख्य अतिथि के रूप में स्वर्गीय केएफ रुस्तमजी के सुपुत्र साइरस रुस्तमजी उपस्थित रहे। इसके अलावा आरके चौधरी (सेवानिवृत्त महानिरीक्षक), अरविन्द सक्सेना (महानिरीक्षक, ग्वालियर रेंज) तथा अकादमी के अन्य अधिकारियों एवं जवानों ने तिरंगा रैली में बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली के दौरान सभी यूनिट्स ने अपने द्वार पर स्वागत की भव्य व्यवस्था की। रैली के उपरांत कौटिल्य सभागार में आयोजित कार्यक्रम में स्वर्गीय रुस्तमजी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान बीएसएफ के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) डा शमशेर सिंह ने संस्थान के छात्रों को संबोधित करते हुए नवाचार हेतु प्रेरित किया तथा स्वर्गीय केएफ रुस्तमजी के जीवन से प्रेरणा लेने की सलाह दी।

बीएसएफ के विशेष आमंत्रण पर कनाडा से कार्यक्रम में शिरकत करने आए स्वर्गीय केएफ रुस्तमजी के सुपुत्र साइरस रुस्तमजी ने अपने पिता को याद करते हुए भरोसा दिलाया कि संस्थान के किसी भी कार्य व मदद हेतु वे सदैव उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने ने संस्थान का भ्रमण भी किया एवं इसके विकास पर खुशी जाहिर की। साथ ही संस्थान के छात्रों तथा व्याख्यातागणों से बातचीत की। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संस्थान मुख्य प्रशासक एके आर्य (डीआइजी) एवं प्राचार्य कमांडेंट मनीष चंद्रा के नेतृत्व में लगातार प्रगति करता रहेगा।



तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते बीएसएफ अकादमी के निदेशक एडीजी डा शमशेर सिंह एवं बल के संस्थापक स्वर्गीय केएफ रुस्तमजी के सुपुत्र साइरस रुस्तमजी।



बीएसएफ के संस्थापक केएफ रुस्तमजी की 109वीं जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते डीआइजी एके आर्य।

## दमदम कैंटोनमेंट में रेलवे पटरी के किनारे अधजली शव बरामदगी मामले में दो गिरफ्तार

**❑ पुलिस का दावा, हत्या के पीछे समलैंगिक संबंध और संबंध को लेकर ब्लैकमेल का आरोप**

**कोलकाता, समाज्ञा :** दमदम कैंटोनमेंट स्टेशन के निकट रेलवे पटरी के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया था। शव परीक्षण से पता चला कि व्यक्ति की गला घोंटकर हत्या की गई थी। यह भी पता चला कि मृतक ट्रांसजेंडर था। इस सनसनीखेज घटना के पांच दिन बाद पुलिस ने हत्या का मामला सुलझा लिया है। पुलिस का दावा है कि इस हत्या के पीछे मुख्य कारण समलैंगिक संबंध और उस संबंध को लेकर ब्लैकमेल है। जांच के बाद पुलिस को पता चला कि मृतक उत्तर 24 परगना जिला के घोला का निवासी था। पुलिस ने 25 वर्षीय युवक की हत्या के आरोप में कूचबिहार के तूफानगंज निवासी सौम्यजीत पाल और सौमिक पाल नामक दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्तियों ने पूछताछ के दौरान दावा किया कि मृतक के साथ उनके समलैंगिक संबंध थे। लेकिन उस शारीरिक संबंध की तस्वीरों और वीडियो को हथियार बनाकर उन्होंने सौम्यजीत और सौमिक को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उस व्यक्ति ने पैसों के लिए भी दबाव बनाना शुरू कर दिया। इसके बाद, दोनों आरोपियों ने घोला निवासी व्यक्ति को दमदम में एक स्थान पर बुलाकर उसकी गला घोंटकर हत्या करने की योजना बनाई। हालांकि, गिरफ्तार लोगों ने पुलिस के सामने दावा किया कि उन्होंने हत्या तो की थी लेकिन शव को आग नहीं लगाई। पुलिस ने यह पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है कि शव को किसने आग लगाई।

## न्यूज इन ब्रीफ

### पटना में तीन लोगों को अज्ञात बदमाशों ने गोली मारकर घायल किया

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना के रानीतालाब इलाके में पिछली रात अज्ञात हथियारबंद अपराधियों ने तीन लोगों को गोली मार दी। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि पिछली रात साढ़े 12 बजे रानीतालाब थाना क्षेत्र के महतो टोला इलाके में एक क्रिकेट मैच के पुरस्कार समारोह के दौरान यह वारदात हुई। पालीगंज के अनुविभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) उमेश्वर चौधरी ने संवाददाताओं को बताया, 'प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि दो मोटरसाइकिलों से चार हथियारबंद लोग आए और गोलीबारी शुरू कर दी। गोलीबारी में तीन लोग घायल हो गए...और आरोपी भाग गए। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। तीनों घायलों को अस्पताल ले जाया गया और उनकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।'

### बिहार में चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश के दौरान वायुसेना के एक कर्मी की मौत

**खगड़िया (बिहार) :** बिहार के खगड़िया जिले में बृहस्पतिवार को चलती ट्रेन से उतरने की कोशिश करते समय वायुसेना के 27-वर्षीय एक जवान की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), खगड़िया के थाना प्रभारी धनंजय कुमार के मुताबिक, मृतक कुणाल कुमार जिले के खटहा नगर परिषद क्षेत्र के निवासी थे। थाना प्रभारी ने कहा, 'वह बागडोगरा में तैनात थे। पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष समाप्त होने के बाद उन्होंने अपने परिवार के साथ कुछ समय बिताने के लिए छुट्टी मांगी थी। सात महीने पहले ही उनकी शादी हुई थी।' पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुणाल कुमार घर पहुंचने के लिए गुवाहाटी-जम्मू तवी एक्सप्रेस में सवार हुए थे और उन्होंने अपने घर के सबसे नजदीकी स्टेशन गौछारी पर ट्रेन की गति धीमी होने के बाद उतरने की कोशिश की, हालांकि उसका वहां ठहराव नहीं था।

# शिक्षा से लेकर तकनीकी प्रशिक्षण तक, योगी सरकार की योजनाओं ने बदली पिछड़े समाज की तस्वीर



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि 2024-25 के लिए रिकॉर्ड 2,475 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे पिछड़े वर्ग के करीब 30 लाख छात्रों को लाभ मिलेगा। यह उत्तर प्रदेश में अब तक का सबसे अधिक छात्रवृत्ति वितरण है। सरकार ने कहा कि उसने पिछड़े वर्गों के कल्याण को चुनावी वादे के तौर पर नहीं, बल्कि अपने विकास एजेंडे की आधारशिला के तौर पर माना है। एक बयान के मुताबिक, ''सरकार ने पिछड़े वर्ग के कल्याण को केवल चुनावी एजेंडा नहीं, बल्कि विकास की मुख्यधारा का मूल आधार बनाया है। बीते वर्षों में सरकार ने जिस दृढ़ संकल्प और समर्पण से इस वर्ग के लिए योजनाएं लागू की हैं, उसने यह साबित कर दिया है कि सरकार की सोच सिर्फ वादों तक सीमित नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली है।'' बयान के अनुसार, शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना को अभूतपूर्व विस्तार दिया गया है। वर्ष 2024-25 में इस योजना के तहत 2,475 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत किया गया, जिससे लगभग 30 लाख छात्र-छात्राओं को लाभ पहुंचा। बयान में कहा गया है कि यह अब तक की सबसे बड़ी छात्रवृत्ति सहायता मानी जा रही है, जो दर्शाता है कि योगी सरकार पिछड़े समाज को उच्च शिक्षा से जोड़ने के लिए कितनी गंभीर है। इस योजना के तहत पूर्वदशम छात्रों को पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त प्रक्रिया के तहत 2,250 रुपये सालाना तथा दशमोत्तर छात्रों को उनके पाठ्यक्रम के अनुसार 10,000 से 50,000 रुपये तक की छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति सीधे उनके खातों में दी जा रही है। बयान के अनुसार, 'मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कई संदर्भों में यह कहते हैं कि युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी दक्षता आज के समय की जरूरत है। इसी सोच के साथ पिछड़ा वर्ग के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना को व्यापक स्तर पर लागू किया गया।' वर्ष 2023-24 में इस योजना के अंतर्गत 22.52 रुपये करोड़ के बजट से 23,697 ओबीसी छात्रों को 'ट्रिपल सी' और 'ओ-लेवल' जैसे पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षित किया गया। बीते वित्तीय वर्ष में 32.92 करोड़ रुपये से 29,769 प्रशिक्षार्थियों को लाभ मिला था।

### अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर की गिरफ्तारी: हरियाणा के पुलिस महानिदेशक ने एसआईटी गठित की

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने अशोका यूनिवर्सिटी के एसोसिएट प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के खिलाफ दर्ज दो मामलों की जांच के लिए उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर बृहस्पतिवार को एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (अपराध) व सोनीपत की पुलिस आयुक्त ममता सिंह को एसआईटी की प्रमुख बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक (करनाल) गंगा राम पुनिया और पुलिस अधीक्षक (एसटीएफ, गुरुग्राम) विक्रांत भूषण एसआईटी के सदस्य होंगे। हरियाणा पुलिस ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर सोशल मीडिया पोस्ट के लिए 18 मई को अशोका यूनिवर्सिटी के राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख महमूदाबाद को गिरफ्तार किया था। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को महमूदाबाद को अंतरिम जमानत दे दी थी, लेकिन जांच पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था।

## 'बांग्लादेशी घुसपैठ' झारखंड की जनसांख्यिकी बदल रही है: विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी



**जमशेदपुर :** झारखंड विधानसभा में विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राज्य में बड़े पैमाने पर 'बांग्लादेशी घुसपैठ' जारी है, जिससे जनसांख्यिकी बदल रही है। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर राज्य में बांग्लादेशियों की घुसपैठ को रोकने के लिए कदम नहीं उठाने का आरोप लगाया। मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार इस तथ्य को स्वीकार करने को तैयार नहीं है और इस संबंध में कोई कदम नहीं उठा रही है, जबकि केंद्रीय गृह मंत्री ने हाल ही में राज्य सरकारों को हमारी भूमि पर अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की जांच करने और उन्हें वापस भेजने के लिए एक समिति गठित करने का निर्देश दिया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी घुसपैठिए न केवल हमारी जमीन पर दाखिल हो रहे हैं, बल्कि फर्जी दस्तावेज के आधार पर मंईयां सम्मान योजना समेत राज्य सरकार के सभी लाभ भी ले रहे हैं। मरांडी ने दावा किया कि झारखंड में 1951 और 2011 के बीच आदिवासियों एवं सनातनी हिंदुओं की संख्या घट गयी है। उन्होंने दावा किया कि 1951 की जनगणना में आदिवासी और सनातनी की जनसंख्या 35.38 प्रतिशत और 87.79 प्रतिशत दर्ज की गई थी, लेकिन 2011 की जनगणना में यह आंकड़ा घटकर क्रमशः 26.20 प्रतिशत और 81.70 प्रतिशत रह गयी है जबकि मुसलमानों की जनसंख्या 1951 की जनगणना के 8.9 से 2011 में बढ़कर 14.53 प्रतिशत हो गई है।

### उत्तर प्रदेश: भारत में अवैध रूप से रह रही बांग्लादेशी महिला को हिरासत में लिया गया

**बाराबंकी (उप्र) :** बाराबंकी जिले के फतेहपुर क्षेत्र से एक बांग्लादेशी महिला को उसके पर्यटक वीजा की अवधि समाप्त होने के बाद भी अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि खुफिया ब्यूरो और अन्य जांच एजेंसियां महिला से पूछताछ कर रही हैं। उसने बताया कि दुबई में नौकरी करने वाले जिले के हसनपुर टांडा गांव के निवासी सलमान ने दो वर्ष पहले बांग्लादेश जाकर अपने दोस्त की बहन आसमाउल (27) से निकाह कर लिया था और बाद में पर्यटक वीजा पर उसे अपने साथ गांव ले आया। पुलिस ने बताया कि 29 अगस्त 2023 को सलमान ने गांव में उससे फिर निकाह रचा लिया। उसने बताया कि जनवरी 2024 में आसमाउल के वीजा की अवधि समाप्त हो गई। इस बीच, बांग्लादेशी महिला ने एक बच्ची को जन्म दिया।

उसने बताया कि सलमान अपनी 10 माह की बेटी के जन्म प्रमाणपत्र

## उप्र में आंधी-तूफान से जुड़ी घटनाओं में 15 की मौत, योगी का राहत कार्यों में तेजी लाने का निर्देश



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में बुधवार/ बृहस्पतिवार की दरम्यानी रात तेज आंधी और बारिश के कारण पेड़ उखड़ने तथा दीवार और खम्बे गिरने की घटनाओं में एक सिपाही समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गयी तथा अनेक अन्य जख्मी हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी-बारिश और ओलावृष्टि के मद्देनजर सम्बन्धित जिलों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य तेजी से संचालित करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, एटा में आंधी-तूफान के कारण हुई दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत हो गई तथा 15 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तूफान के कारण कई इमारतें भी ढह गईं। उनके मुताबिक, जलेसर कोतवाली क्षेत्र के महानमई गांव में तीन बच्चों और तीन महिलाओं समेत एक ही परिवार के छह सदस्य एक दीवार और टिन शेड के ढहने से मलबे में दब गये। उन्हें स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नगला लोढ़ा में एक चिलर प्लांट का एक हिस्सा आंधी-तूफान के बीच अचानक ढह गया और उसके मलबे में दबने से विवेक (35) और पुष्पेंद्र (45) नामक व्यक्तियों की मौत हो गयी।

## न्यूज अपडेट

### विभिन्न राज्यों से पकड़े गए कछुओं को उत्तर प्रदेश में लाकर किया जा रहा संरक्षित



**लखनऊ :** विभिन्न राज्यों से पकड़े गए कछुओं को उत्तर प्रदेश में लाकर संरक्षित किया जा रहा है तथा कुकरैल, सारनाथ व चंबल में कछुआ संरक्षण केंद्र व प्रयागराज के पास कछुआ अभयारण्य केंद्र की स्थापना की गई है। प्रदेश सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, भारत में कछुओं की 30 प्रजाति पाई जाती हैं, जिसमें से 15 उत्तर प्रदेश में मिलती हैं और योगी आदित्यनाथ सरकार का इनके संरक्षण पर पूरा जोर है। तेईस मई को विश्व कछुआ दिवस है। कछुओं की जैव समृद्धता व उनके संरक्षण के लिए जन जागरूकता पैदा करने के वास्ते वर्ष 2000 से विश्व कछुआ दिवस का आयोजन किया जाता है। कछुआ धरती पर पाया जाने वाला सबसे प्राचीन व लम्बी आयु का प्राणी है। यह जलीय पारितंत्र का महत्वपूर्ण घटक भी है। यह पानी के सफाई कर्मी के रूप में भी जाना जाता है। बयान में कहा गया है कि जलीय स्रोत जैसे नदी, तालाब व झील आदि प्रदूषित हो रहे हैं और ऐसे में कछुए की कटहवा, मोरपंखी, साल, सुंदरी आदि प्रजातियां जल को प्रदूषण मुक्त रखने में अत्यन्त महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उत्तर प्रदेश वन एवं वन्यजीव विभाग ने कछुओं के विलुप्त होने तथा इनके अवैध व्यापार को रोकने की दिशा में भी कई प्रयास किये हैं।

### अनियमितताओं के आरोप में दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बर्खास्त

**बलिया (उप्र) :** बलिया जिले में संचालित बाल विकास परियोजनाओं के तहत दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की नियुक्तियों को अनियमितताओं के आरोप में निरस्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ओजस्वी राज ने बृहस्पतिवार को बताया कि बाल विकास परियोजना, मनियर के ग्राम पंचायत चिटौनीय की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अन्नू शर्मा और नगरा बाल विकास परियोजना के ढेकवारी गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ज्ञानती देवी की नियुक्ति जांच के बाद बुधवार को निरस्त कर दी गई। उन्होंने बताया कि अन्नू शर्मा की जिस केंद्र पर नियुक्ति हुई है, उस पर उसकी मां पहले से ही आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर कार्यरत हैं और ऐसे में यह नियुक्ति नियमानुसार मान्य नहीं है। उनके मुताबिक, शिकायत प्राप्त होने पर सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) से जांच कराई गई, जिसमें आरोप सत्य पाए गए। राज ने बताया कि इसी तरह ज्ञानती देवी की नियुक्ति की जांच में यह पाया गया कि इन्होंने अपनी आयु छुपाने के लिए हाईस्कूल का फर्जी प्रमाण पत्र संलग्न किया था और इसी आधार पर नियुक्ति निरस्त कर दी गई है।

### अवैध रूप से भारत में रहने के आरोप में म्यांमा का नागरिक गिरफ्तार

कानपुर (उप्र) : उत्तर प्रदेश की पुलिस ने उस 37 वर्षीय ऑटो-रिक्शा चालक को यहां गिरफ्तार किया है जिसको लेकर शक है कि वह म्यांमा का नागरिक है और अवैध रूप से भारत में रह रहा था। सहायक पुलिस आयुक्त (कोतवाली) आशुतोष कुमार ने कहा कि आरोपी मोहम्मद साहिल को बुधवार को बड़ा चौराहा पर नियमित वाहन जांच के दौरान गिरफ्तार किया गया। साहिल को पुलिस ने उसके ड्राइविंग लाइसेंस और वाहन से जुड़े दस्तावेजों की जांच के लिए रोका था। कुमार ने बताया कि पूछताछ के दौरान हिंदी न बोल पाने के कारण संदेह पैदा हुआ, जिसके बाद उसे आगे की पूछताछ के लिए थाने ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि पहचान और निवास प्रमाण दिखाने के लिए कहने पर, साहिल ने उन्नाव के शुक्लागंज से जारी एक आधार कार्ड दिखाया, जहां उसने पिछले आठ वर्षों से रहने का दावा किया।

समीक्षा CINE मंत्र

# 'मिस वर्ल्ड' खिताब की दावेदार सुंदरियों ने तेलंगाना की कला और विरासत का किया दीदार



'मिस वर्ल्ड 2025' प्रतियोगिता की प्रतिभागियों को बृहस्पतिवार को यहां सरकारी कला एवं शिल्प गांव 'शिल्पारामम' की यात्रा के दौरान तेलंगाना की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की झलक देखने को मिली और इस दौरान उन्होंने मिट्टी के बर्तन बनाने, चित्रकारी और लोक नृत्य जैसी पारंपरिक कलाओं का आनंद लिया।

हैदराबाद के व्यस्त आईटी हब के मध्य स्थित शिल्पारामम एक अनूठा शिल्प गांव है, जिसकी परिकल्पना भारत की विविध शिल्प विरासत को संरक्षित करने और उसका उत्सव मनाने के लिए की गई है।

पारंपरिक कला, शिल्प, लोकगीत और सांस्कृतिक प्रदर्शन के लिए एक आश्रय स्थल के रूप में निर्मित यह स्थल ग्रामीण आकर्षण और पर्यावरणीय वास्तुकला का सामंजस्यपूर्ण मिश्रण प्रस्तुत करता है।

'मिस वर्ल्ड' खिताब की प्रतियोगियों ने कारीगरों के स्टॉल का अवलोकन किया तथा विलेज म्यूजियम का भ्रमण किया, जिसमें पारंपरिक भारतीय घरों और ग्रामीण जीवन शैली के आदमकद मॉडल प्रदर्शित किए गए हैं।

सुबह ठंडी-ठंडी हवा में स्थानीय कलाकारों ने बांसुरी की मधुर धुन और मृदंगम की प्रस्तुतियों के साथ प्रतिभागियों का मन मोह लिया।

कुछ प्रतिभागियों ने मिट्टी के बर्तन बनाने एवं चित्रकला में अपना हाथ आजमाया और कुछ ने भगवान कृष्ण एवं उनकी गोपियों की वेशभूषा में सजे बच्चों से बातचीत की।

अन्य प्रतियोगियों ने चेरियल मुखौटा चित्रकला की जटिल प्रक्रिया को समझने की कोशिश की जो तेलंगाना की एक ज्वलंत और दुर्लभ लोक-कला परंपरा है।

कुछ प्रतिभागी प्राकृतिक रेशों का उपयोग करके टोकरी बुनने और पीढ़ियों से चली आ रही सदियों पुरानी तकनीकों को सीखती नजर आईं। करीब 10-15 मिनट के इन सत्रों ने प्रतिभागियों को भारत की शिल्प विरासत से एक दुर्लभ, स्पर्शनीय संबंध प्रदान किया और प्रत्येक माध्यम को परिभाषित करने वाली सटीकता, धैर्य और कलात्मकता पर प्रकाश डाला।

कई सुंदरियां स्थानीय महिलाओं के साथ कोलाटम नामक लोक कला पर नृत्य किया, जो आमतौर पर मंदिर के उत्सवों के दौरान किया जाता है।

इस दौरे का सबसे भावुक क्षण था 'बतुकम्मा' में संक्षिप्त लेकिन आनंदपूर्ण भागीदारी, जो तेलंगाना की सांस्कृतिक पहचान का अभिन्न अंग है।

प्रतिभागियों ने सावधानीपूर्वक सजाए गए फूलों के ढेर के चारों ओर पारंपरिक नृत्य में भाग लिया और नारीत्व और समुदाय के सार का जश्न मनाया।

इस दौरे को एक सार्थक आयाम देते हुए, प्रतिभागियों ने महिला स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की सदस्यों के साथ बातचीत की, जिन्हें स्वदेशी शिल्प पर केन्द्रित कौशल-आधारित आजीविका के माध्यम से सशक्त बनाया गया है।

एक संक्षिप्त प्रस्तुति में पारंपरिक शिल्प को बनाए रखने और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महिलाओं के नेतृत्व वाली इन पहलों के प्रभाव को प्रदर्शित किया गया।

इस अवसर पर प्रतियोगियों को सराहना और सांस्कृतिक आदान-प्रदान के प्रतीक के रूप में हस्तनिर्मित उपहार भेंट किए गए।

विभिन्न देशों की प्रतिभागियों को विशिष्ट पोशाक पहने लोक गायकों 'हरिदासुस' से भी परिचित कराया गया जो फसल उत्सव 'संक्रांति' के दौरान भक्ति गीत गाते हैं।

बाद में, मिस वर्ल्ड प्रतियोगियों ने यहां निजाम काल के महल विक्टोरिया होम में तेलंगाना सरकार के सामाजिक कल्याण आवासीय विद्यालय का दौरा किया और वहां छात्रों के साथ बातचीत की।

प्रतियोगियों ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए कड़ी मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। वे इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विद्यार्थियों के साथ शामिल हुईं।

'मिस वर्ल्ड 2025' प्रतियोगिता 10 मई को हैदराबाद में एक भव्य समारोह के साथ शुरू हुई थी और यह 31 मई को समाप्त होगी। इस आयोजन का लाभ उठाते हुए तेलंगाना सरकार ने एक विस्तृत कार्य योजना तैयार की ताकि राज्य को पर्यटन और निवेश के केंद्र के रूप में प्रदर्शित किया जा सके।

प्रतिभागी प्रतिष्ठित चारमीनार, मुलुगु जिले में यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल रामप्पा मंदिर, यादगिरिगुट्टा में प्रसिद्ध नरसिंह मंदिर और महबूबनगर जिले में 700 साल पुराने बरगद के पेड़ समेत राज्य भर के प्रमुख आकर्षक स्थलों की यात्रा कर चुकी हैं।

# जान्हवी कपूर के Cannes रेड कार्पेट लुक पर फिदा हुए बॉयफ्रेंड शिखर



जान्हवी कपूर, ईशान खट्टर की फिल्म 'होमबाउंड' को कान फिल्म फेस्टिवल में खूब सराहा गया है। इस फिल्म के प्रीमियर के लिए ही जान्हवी कान फिल्म फेस्टिवल पहुंची थीं। कान इवेंट से ही उनके लुक भी चर्चा में हैं। हाल ही में जान्हवी ने एक खूबसूरत ड्रेस पहने अपना फोटो इंस्टाग्राम पर साझा किया है, इस पर कई सेलिब्रिटीज ने रिएक्शन दिया। इन्हीं रिएक्शन में से एक रिएक्शन शिखर पहाड़िया का भी है। शिखर और जान्हवी लंबे वक्त से डेट कर रहे हैं, अक्सर दोनों को साथ देखा जाता है।

### जान्हवी के लुक पर फिदा शिखर

जान्हवी ने एक एक वेट लुक एस्थेटिक फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। इस लुक पर शिखर फिदा हो गए हैं। वह जान्हवी की पोस्ट पर लिखते हैं, 'गॉडेस, तुमने तो रात को भी रोशन कर दिया है।' शिखर के इस रिएक्शर पर यूजर्स ने उन्हें पागल प्रेमी करार दे दिया है।

### फ्रांस में मौजूद हैं शिखर

कान फिल्म फेस्टिवल में जान्हवी कपूर को सपोर्ट करने के लिए उनकी बहन खुशी कपूर भी मौजूद हैं। साथ ही शिखर भी फ्रांस में ही हैं। वह जान्हवी को सपोर्ट करने के लिए पहुचे हैं। पिछले दिनों खुशी कपूर, शिखर पहाड़िया और करण जौहर की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं, ये तीनों फ्रांस की खूबसूरत स्ट्रीट पर फोटो शूट करा रहे थे।

### होने वाली सास ने भी की तारीफ

जाह्नवी कपूर के पहले कान डेब्यू लुक को शिखर पहाड़िया की मां स्मृति शिंदे ने भी काफी सराहा है। एक इंस्टाग्राम पोस्ट करके उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की। जान्हवी की तस्वीर साझा की और उस पर लिखा, 'बधाई हो शानदार डेब्यू के लिए जानू। ऐसे ही और बेहतर करती रहो।'

### जान्हवी कपूर का करियर फ्रंट

कान फिल्म फेस्टिवल से हटकर जान्हवी कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह इस साल 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' और 'परम सुंदरी' जैसी फिल्मों में नजर आएंगी। अगले साल रिलीज होने वाली एक साउथ फिल्म 'पेड्डी' में भी जाहन्वी अभिनय करती नजर आएंगी। इस फिल्म में वह राम चरण के साथ नजर आएंगी।

# प्रभास की फिल्म छोड़ दीपिका ने थामा इस साउथ स्टार का दामन

हीरोइन नंबर वन दीपिका पादुकोण की निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा से खटक गई है। वह अब उनकी फिल्म 'स्पिरिट' में शायद ही काम करें क्योंकि दीपिका के अब एक दिन में सिर्फ आठ घंटे ही काम करने के नए नियम से संदीप खुश नहीं थे। 'स्पिरिट' की डेट्स दीपिका ने फिल्म 'जवान' के अपने निर्देशक एटली की झोली में डाल दी हैं, जो जल्द ही अभिनेता अल्लू अर्जुन के साथ एक मेगा बजट फिल्म करने जा रही हैं।

फिल्म 'एनिमल' के बाद इसके निर्देशक संदीप रेड्डी वंगा अब तक दूसरी फिल्म शुरू नहीं कर पाए हैं। लोगों को इसकी सीक्वल 'एनिमल पार्क' का बेसब्री से इंतजार है लेकिन उससे पहले संदीप का वादा प्रभास के साथ फिल्म 'स्पिरिट' पूरी करने का है। इस फिल्म की शूटिंग बीते साल ही शुरू हो जानी थी, लेकिन दीपिका के मां बनने की खबरें आने के बाद संदीप ने इस फिल्म की शूटिंग आगे के लिए टाल दी।

अब दीपिका के मां बनने के बाद जो पहली फिल्म शुरू होनी थी, उसमें सबसे पहले 'स्पिरिट' का ही नंबर था। फिल्म के निर्माता इस फिल्म के लिए दीपिका को 20 करोड़ रुपये देने की बात भी मांग गए थे, लेकिन चूंकि संदीप रेड्डी वंगा का काम करने का स्टाइल अलग है तो दीपिका पहले से ही कुछ बातें लिखित में चाह रही थीं। जानकारी के मुताबिक दीपिका ने एक दिन में सिर्फ आठ घंटे ही काम करने की शर्त रखी और ये भी कि वह तेलुगु में अपनी डबिंग नहीं करेंगी।

चर्चाओं के मुताबिक इसी के बाद संदीप रेड्डी वंगा ने फिल्म 'स्पिरिट' के लिए किसी दूसरी हीरोइन की तलाश शुरू कर दी है। इस बीच पता ये भी चला है कि निर्देशक एटली को दीपिका की खाली हुई तारीखों का पता चला तो वह अपनी अगली फिल्म का प्रस्ताव लेकर उनके पास न सिर्फ पहुंचे बल्कि उन तारीखों पर दीपिका की हां भी ले आए हैं। ये फिल्म एटली इसी साल के आखिर में शुरू करने वाले हैं।

शाहरुख खान के साथ फिल्म 'जवान' बनाने वाले एटली इसी फिल्म में दीपिका के साथ भी काम कर चुके हैं। दोनों के बीच की ट्यूनिंग भी बढ़िया है और चूंकि एटली पूरी तैयारी के साथ शूटिंग करते हैं तो बताते हैं कि एक शिफ्ट में उनके सेट पर लीड हीरो या हीरोइन के लिए चार घंटे से ज्यादा का काम होता नहीं है। दीपिका भी यही चाहती हैं कि उनके काम के घंटे उनके सेट पर पहुंचने के समय से गिने जाएं न कि पहला शॉट शुरू होने के समय से।



## न्यूज इन ब्रीफ

### डीआरडीओ प्रमुख ने गोला-बारूद निर्माण करने वाली फैक्टरी का दौरा किया

**नागपुर :** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) प्रमुख समीर वी कामत ने बृहस्पतिवार को नागपुर में सोलर ग्रुप की गोला-बारूद बनाने वाली फैक्टरी का दौरा किया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने कहा कि कामत को बजरगांव क्षेत्र में फैक्टरी में निर्मित मिसाइल, रॉकेट, ड्रोन और अन्य गोला-बारूद से अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ ने विस्फोटकों सहित रक्षा प्रौद्योगिकी पर सोलर ग्रुप के साथ तालमेल किया है। सूत्र ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि डीआरडीओ प्रमुख निजी क्षेत्र द्वारा गोला-बारूद उत्पादन क्षमता विकसित करने को लेकर सकारात्मक थे। कामत ने कंपनी के शीर्ष अधिकारियों से भी बातचीत की और सरकार से उद्योग की अपेक्षाओं को समझने की कोशिश की। सूत्र ने कहा, ''डीआरडीओ प्रमुख ने उद्योग को सहयोग का आश्वासन भी दिया।''

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़ में सैनिक शहीद

**जम्मू :** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में बृहस्पतिवार को घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक सैनिक शहीद हो गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि छतरू के शिंगपुरा इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाशी अभियान प्रारंभ किया गया और उस दौरान सुरक्षा बलों एवं आतंकवादियों के बीच गोलीबारी हुई। कहा जा रहा है कि चार आतंकवादियों को इलाके में घेर लिया गया है। व्हाइट नाइट कोर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आज सुबह किश्तवाड़ के छतरू में पुलिस के साथ संयुक्त अभियान के दौरान आतंकवादियों से मुठभेड़ हुई।'' उसने बताया कि अतिरिक्त जवानों को तैनात किया गया है और आतंकवादियों की तलाश में अभियान जारी है। व्हाइट नाइट कोर ने कहा, अभियान के दौरान भीषण गोलीबारी जारी है।

### सेना की उत्तरी कमान के कमांडर ने लद्दाख के उपराज्यपाल से की मुलाकात, सुरक्षा स्थिति पर हुई चर्चा

**लेह/जम्मू :** सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने बृहस्पतिवार को लेह में लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) बी. डी. मिश्रा से मुलाकात की और इस मौके पर केंद्र शासित प्रदेश की सुरक्षा स्थिति को लेकर चर्चा की गई। ले. जनरल शर्मा ने एक मई को उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (जीओसी-इन-सी) का पदभार ग्रहण किया है। लद्दाख के उपराज्यपाल कार्यालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''उत्तरी कमान के जीओसी-इन-सी ले. जनरल प्रतीक शर्मा, 14वीं कोर के जीओसी ले. जनरल हितेश भल्ला और उत्तरी कमान के अन्य अधिकारियों ने लद्दाख के उपराज्यपाल ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) (डॉ.) बी. डी. मिश्रा से शिष्टाचार भेंट की।''

### दिव्यांग सरकारी कर्मियों को आवास आवंटन में चार प्रतिशत आरक्षण मिलेगा

**नयी दिल्ली :** केंद्र 'सामान्य पूल आवासीय आवास श्रेणी' के तहत सरकारी आवास के आवंटन में दिव्यांग व्यक्तियों को चार प्रतिशत आरक्षण प्रदान करेगा। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय के संपदा निदेशालय ने इस संबंध में एक कार्यालय ज्ञापन जारी किया है। यह निदेशालय पात्र केंद्रीय सरकारी कर्मचारियों को आवास आवंटित करता है। बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान में मंत्रालय ने कहा कि यह 'ऐतिहासिक' कदम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास' के दृष्टिकोण से प्रेरणा लेते हुए समावेशी विकास की दिशा में उठाया गया है। बयान में कहा गया है, ''आगे बढ़कर केंद्र सरकार के आवास के आवंटन में दिव्यांग व्यक्तियों को चार प्रतिशत का आरक्षण प्रदान किया जाएगा, जो सार्वजनिक सेवाओं में समानता, सम्मान और पहुंच की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।''

# भारत आतंकवाद का अंत चाहता है: जयशंकर

**नयी दिल्ली :** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि भारत आतंकवाद का ''निश्चित रूप से अंत'' चाहता है और पिछले महीने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले जैसे किसी भी आतंकी हमले के जवाब में वह पाकिस्तान में आतंकवादियों पर फिर से हमला करेगा। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबंध सूची में शामिल सभी सबसे कुख्यात आतंकवादी पाकिस्तान में हैं और वे देश के बड़े शहरों में खुलेआम सक्रिय हैं। उन्होंने कहा, सरकार इसमें शामिल है। (पाकिस्तान) सेना इसमें पूरी तरह से शामिल है। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच सीधी बातचीत के बाद भारत-पाकिस्तान में संघर्ष समाप्त करने पर सहमति बनी। उन्होंने यह बात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस दावे की पृष्ठभूमि में कही कि वाशिंगटन ने 'संघर्ष विराम' कराने में भूमिका निभाई। जयशंकर



ने नीदरलैंड के प्रसारक एनओएस और डी वोल्क्सक्रांट को दिए अलग-अलग साक्षात्कारों में यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि यदि फिर कोई आतंकवादी हमला होता है तो भारत पाकिस्तान में आतंकवादियों पर हमला करेगा। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि ऑपरेशन सिंदूर समाप्त नहीं हुआ है। जयशंकर नीदरलैंड, डेनमार्क और जर्मनी की यात्रा के तहत नीदरलैंड के शहर हेग में थे। उन्होंने कहा, यह अभियान जारी है क्योंकि इसमें एक स्पष्ट संदेश है – कि अगर 22 अप्रैल जैसी हरकतें फिर होती हैं तो इनका जवाब दिया जाएगा, हम आतंकवादियों पर हमला करेंगे। उन्होंने कहा, अगर आतंकवादी पाकिस्तान में हैं, तो हम उन पर वहीं प्रहार करेंगे, जहां वे हैं। इसलिए, ऑपरेशन जारी रखने में एक संदेश है, लेकिन ऑपरेशन जारी रखना एक-दूसरे पर गोलीबारी करने के समान नहीं है। विदेश मंत्री ने कहा कि किसी को इस बात पर यकीन नहीं करना चाहिए कि पाकिस्तान को नहीं पता कि उसके देश में क्या चल रहा है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की प्रतिबंध सूची में शामिल सभी सबसे कुख्यात आतंकवादी पाकिस्तान में हैं। वे बड़े शहरों में खुलेआम सक्रिय हैं। उन्होंने डी वोल्क्सक्रांट से कहा, उनके पते मालूम हैं। उन्होंने कहा, उनकी गतिविधियां मालूम हैं। उनके आपसी संपर्क ज्ञात हैं। इसलिए हम यह न मानें कि पाकिस्तान इसमें शामिल नहीं है। सरकार इसमें शामिल है। सेना इसमें पूरी तरह से शामिल है।

### गुजरात में कोरोना वायरस के 15 नए मामले सामने आए


**अहमदाबाद :** गुजरात में लंबे अंतराल के बाद कोरोना वायरस से संक्रमण के 15 नए मामले सामने आए हैं। अधिकारियों ने वायरस के नये स्वरूप के अधिक गंभीर नहीं होने का उल्लेख करते हुए लोगों से कहा है कि वह घबराएं नहीं। अधिकारियों ने बताया कि सभी मरीजों का उनके घरों पर ही उपचार किया जा रहा है। अतिरिक्त निदेशक (सार्वजनिक स्वास्थ्य) डॉ. नीलम पटेल ने बताया कि गुजरात में वर्तमान में कोविड-19 के जेएन.1 स्वरूप के 15 मरीजों का उपचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह वैरिएंट ओमिक्रॉन के प्रकार का ही है। ओमिक्रॉन वैरिएंट पहली बार अगस्त 2023 में सामने आया था। पटेल ने गांधीनगर में संवाददाताओं से कहा, ''गुजरात के अहमदाबाद शहर में 13 संक्रमित हैं जबकि राजकोट शहर और अहमदाबाद ग्रामीण में एक-एक मरीज इसकी चपेट में आया है। संक्रमण के ये मामले ओमिक्रॉन जेएन.1 स्वरूप के हैं, जो कम गंभीर है। यह इस समय गुजरात या भारत के लिए बहुत चिंता का विषय नहीं है।

## अमित शाह ने यमुना की सफाई के लिए समग्र दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को संबंधित मंत्रालयों और अधिकारियों को यमुना नदी की सफाई, राजधानी के निवासियों के लिए स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति और शहर की सीवेज प्रणाली को उन्नत करने के लिए समग्र दृष्टिकोण के साथ काम करने का निर्देश दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने यह बात अपनी अध्यक्षता में हुई एक बैठक में कही जिसमें केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक गृह मंत्री ने यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और दिल्ली में सीवेज प्रणाली में सुधार के संबंध में एक बैठक की और उन्होंने निर्देश दिया कि यह कार्य समग्र दृष्टिकोण के साथ किया जाए। बयान के मुताबिक शाह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि यमुना सिर्फ एक नदी नहीं बल्कि आस्था का प्रतीक है और इसकी सफाई (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जल शक्ति मंत्रालय को सभी जलमल शोधन संयंत्रों (एसटीपी) के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) विकसित करनी चाहिए। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि इस एसओपी को अन्य राज्यों के साथ भी साझा किया जाना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि दिल्ली में यमुना की सफाई, पेयजल और जल निकासी के लिए योजनाएं 20 वर्षीय दृष्टिकोण के साथ बनाई जानी चाहिए।

## इंडिगो दिल्ली-श्रीनगर उड़ान: पाकिस्तान ने पायलट को हवाई क्षेत्र का उपयोग करने से मना किया



**नयी दिल्ली/मुंबई :** दिल्ली से श्रीनगर जा रहे इंडिगो के एक विमान को बुधवार को अचानक ओलावृष्टि का सामना करना पड़ा था और जब शुरुआत में पायलट ने लाहौर हवाई यातायात नियंत्रण से इस स्थिति से बचने के लिए पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र का उपयोग करने की अनुमति मांगी थी, तब उसने इस अनुरोध को अस्वीकार कर दिया। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि हवा में बहुत तेज झटके लगने का शिकार हुई उड़ान 6ई2142 के मामले की जांच नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) द्वारा की जा रही है। बुधवार को तृणमूल कांग्रेस के सांसदों समेत 220 से अधिक लोगों को ले जा रही यह उड़ान अचानक ओलावृष्टि का शिकार हो गयी और पायलट ने श्रीनगर हवाई अड्डे पर हवाई यातायात नियंत्रण को 'आपात' स्थिति की सूचना दी। हालांकि बाद में यह विमान सुरक्षित रूप से उतर गया था।

## 'ऑपरेशन सिंदूर': कई अग्निवीरों ने निभाई थी महत्वपूर्ण भूमिका



**नयी दिल्ली :** भारत और पाकिस्तान के बीच हाल में हुए सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय सैन्य इकाइयों का हिस्सा रहे कई अग्निवीर ने अहम भूमिका निभाई थी और कर्तव्य निर्वहन के दौरान उन्हें महत्वपूर्ण अनुभव मिला। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि हालांकि, वर्तमान में सैन्य इकाइयों में केवल सीमित संख्या में अग्निवीर हैं और इसलिए वे अपने वरिष्ठों की देखरेख में काम कर रहे हैं। भारत ने सात मई की सुबह 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) और पाकिस्तान में नौ आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया था, जिसके बाद पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया था। पाकिस्तान की इन हरकतों का भारत की ओर से कड़ा जवाब दिया गया। भारतीय सेना ने 10 मई को पाकिस्तान के आठ हवाई ठिकानों पर मिसाइल और अन्य लंबी दूरी के हथियारों से हमला किया, जो पाकिस्तान द्वारा कई सैन्य ठिकानों पर हमला करने के प्रयासों का जवाब था। चार दिन तक चले गहन सैन्य संघर्ष के दौरान, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तानी ड्रोन को निष्क्रिय कर दिया और हवाई रक्षा प्रणाली ने हमलों को विफल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सूत्रों ने बताया कि कई अग्निवीर तोपखाने और पैदल सेना इकाइयों का भी हिस्सा थे तथा वे वायु रक्षा प्रणालियों को संचालित करने वाले दलों का भी हिस्सा थे।

### आईएमडी ने रायगढ़, रत्नागिरी के लिए 'रेड अलर्ट' और मुंबई के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया

**मुंबई :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने महाराष्ट्र के कई जिलों के लिए 'रेड' और 'ऑरेंज' अलर्ट जारी किया है और अगले कुछ दिनों में इन हिस्सों में अत्यधिक भारी से बहुत भारी बारिश होने का अनुमान जताया है। आईएमडी ने रायगढ़ में 23 मई को तथा रत्नागिरी जिले में 22 और 23 मई को अत्यधिक भारी वर्षा होने का अनुमान जताते हुए 'रेड अलर्ट' जारी किया है। जबकि इस अवधि के दौरान मुंबई, ठाणे, पालघर, सिंधुदुर्ग के अलावा पुणे और सतारा के घाटों के लिए भारी से बहुत भारी वर्षा के साथ-साथ आंधी और तेज हवाओं के चलने का अनुमान जताते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है। आईएमडी ने बृहस्पतिवार को मुंबई के लिए 23 और 24 मई को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जिसमें भारी से बहुत भारी वर्षा, गरज के साथ बौछारें पड़ने और अलग-अलग स्थानों पर 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से तेज हवाएं चलने की चेतावनी दी गई है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने छह कीर्ति चक्र, 33 शौर्य चक्र प्रदान किए



**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के कर्मियों को अदम्य साहस और असाधारण वीरता दिखाने के लिए बृहस्पतिवार को छह कीर्ति चक्र प्रदान किए, जिनमें से चार को मरणोपरांत दिए गए हैं। कीर्ति चक्र भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार है। सरकार की ओर से साझा की गई पुरस्कार विजेताओं की सूची के अनुसार, 'सिख लाइट इन्फैंट्री' के कर्नल मनप्रीत सिंह, राष्ट्रीय राइफल्स के दो अन्य सैन्य कर्मियों और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी को मरणोपरांत कीर्ति चक्र दिया गया। रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सशस्त्र बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित रक्षा अलंकरण समारोह के दौरान सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्य/केंद्र शासित प्रदेश पुलिस के कर्मियों को 33 शौर्य चक्र भी प्रदान किए, जिनमें से सात को मरणोपरांत दिए गए हैं। मराठा लाइट इन्फैंट्री, 56 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर मल्ला राम गोपाल नायडू और पंजाब रेजिमेंट, 22 राष्ट्रीय राइफल्स के मेजर मंजीत को कीर्ति चक्र दिया गया। बयान में कहा गया है कि जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फैंट्री, 63 राष्ट्रीय राइफल्स के राइफलमैन रवि कुमार; सिख लाइट इन्फैंट्री, 19 राष्ट्रीय राइफल्स के कर्नल मनप्रीत सिंह; आर्टिलरी रेजिमेंट, 28 राष्ट्रीय राइफल्स के नायक दिलवर खान; और जम्मू- कश्मीर पुलिस के उप-ाधीक्षक हिमायूं मुजम्मिल भट को मरणोपरांत भारत का दूसरा सबसे बड़ा शांतिकालीन वीरता पुरस्कार प्रदान किया गया।

## 'हेरा फेरी 3' से परेश रावल के बाहर होने पर अक्षय के वकील ने कहा, 'गंभीर कानूनी परिणाम होंगे'

**मुंबई :** अभिनेता अक्षय कुमार की कंपनी 'केप ऑफ गुड फिल्म्स' का प्रतिनिधित्व करने वाली वकील ने कहा है कि परेश रावल के फिल्म 'हेरा फेरी 3' से बाहर होने के फैसले ने सभी को चौंका दिया और इसके 'गंभीर कानूनी परिणाम' होंगे। परेश रावल के पिछले सप्ताह अचानक इस फिल्म से अलग होने पर फिल्म जगत के साथ ही सिने-प्रेमी चकित रह गए। दर्शक करीब 20 वर्ष से 'हेरा फेरी' फिल्म के तीसरे भाग का इंतजार कर रहे हैं। खबरों के अनुसार, 'हेरा फेरी 3' के निर्माता अक्षय कुमार ने रावल के इस कदम के लिए उन पर मुकदमा दायर किया है। अक्षय की कंपनी का प्रतिनिधित्व करने वाले 'परिनम लॉ एसोसिएट' की संयुक्त प्रबंध भागीदार पूजा तिड़के ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, मुझे लगता है कि इसके गंभीर कानूनी परिणाम होंगे। इससे निश्चित रूप से फिल्म को नुकसान होगा। हमने उन्हें पत्र लिखकर बताया है कि इसमें कई कानूनी परिणाम शामिल हैं। उन्होंने बताया, कलाकारों, सहयोगी कलाकारों, प्रमुख अभिनेताओं, उपकरणों, ट्रेलर की शूटिंग पर खर्च किया गया है। पूजा ने बताया कि परेश रावल ने जनवरी में सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से फिल्म में अपनी भागीदारी का स्पष्ट संकेत दिया था। उन्होंने बताया, इसके बाद फिल्म के ट्रेलर की शूटिंग के लिए अनुबंध किए गए। वास्तव में, फिल्म का लगभग साढ़े तीन मिनट का हिस्सा शूट किया गया था।

## असम के गोलाघाट में भीड़ ने रॉयल बंगाल टाइगर को मार डाला



**गोलाघाट :** असम के गोलाघाट जिले में बृहस्पतिवार को भीड़ ने एक 'रॉयल बंगाल टाइगर' को मार डाला और उसके शरीर के कुछ अंग अपने साथ ले गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वन विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना खुमताई इलाके के दुमुखिया गांव में हुई, जहां ग्रामीणों ने पिछले हाल के दिनों में कुछ लोगों पर हमला करने वाले वयस्क नर बाघ को मार डाला। उन्होंने बताया, लोगों ने बाघ को नरभक्षी समझकर मार डाला। हमने शव को बरामद किया और पाया कि शरीर के कुछ अंग जैसे त्वचा का एक हिस्सा, एक पैर और शव से मांस गायब है। अधिकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने बाघ को अलग-अलग तरफ से घेर लिया और फिर उसका पीछा कर उसे मार डाला। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों ने बाघ पर हमला करने के लिए स्थानीय हथियारों जैसे कि कुल्हाड़ी, लाठी और रॉड का इस्तेमाल किया। अधिकारी ने बताया, हमले की सूचना मिलने पर वन और पुलिस अधिकारियों की एक टीम मौके पर पहुंची। लेकिन बाघ को पहले ही मार दिया गया था। उन्होंने बताया कि सुरक्षाकर्मियों को देखकर सभी ग्रामीण मौके से भाग गए।

## त्रिपुरा में पांच बांग्लादेशी पकड़े गए



**अगरतला :** त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में बृहस्पतिवार को अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने के आरोप में एक ही परिवार के पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। ये गिरफ्तारियां ऐसे समय में हुई हैं जब एक दिन पहले मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा था कि बांग्लादेशी नागरिकों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा और पकड़े गए लोगों को 'वापस भेज दिया जाएगा'। मधुपुर थाने के प्रभारी देबोजीत चटर्जी ने बताया, ''इलाके में संदिग्ध बांग्लादेशियों की मौजूदगी के बारे में स्थानीय लोगों द्वारा दी गई सूचना के बाद पुलिस की एक टीम सीमा के नजदीक स्थित पथरीद्वार गांव गई और पांच लोगों को पकड़ लिया।'' उन्होंने बताया कि बांग्लादेशी नागरिक भारत में अपनी यात्रा के संबंध में किसी भी तरह का वैध दस्तावेज नहीं दिखा पाए।

## बिलासपुर के एम्स में हुई पहली रोबोटिक घुटना प्रतिरोपण सर्जरी

**बिलासपुर (हिप्र) :** बिलासपुर का अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) रोबोटिक घुटना प्रतिरोपण सर्जरी सफलतापूर्वक करने वाला हिमाचल प्रदेश में पहला सरकारी चिकित्सा संस्थान बन गया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। बुधवार को एक बुजुर्ग महिला मरीज के घुटनों की सर्जरी की गई, जो वर्षों से गंभीर गठिया और घुटने की विकृति से पीड़ित थी। उन्हें चलने-फिरने में दिक्कत हो रही थी। रोबोटिक प्रौद्योगिकी की सूक्ष्मता और सटीकता का उपयोग करते हुए डाक्टरों की टीम ने न केवल विकृति



को ठीक किया, बल्कि जोड़ (घुटने) की प्राकृतिक संरचना को भी बहाल किया इस सर्जरी को अंजाम देने वाली टीम में डॉ. रंजीत चौधरी, डॉ. गौरव कुमार शर्मा, डॉ. अमित सलारिया और डॉ. देवेंद्र शामिल थे। डॉ. चौधरी ने कहा, '' रोबोटिक घुटना प्रतिरोपण सेवाओं की शुरुआत ने एम्स (बिलासपुर) को विश्व स्तरीय 'आर्थोपेडिक्स (हड्डी चिकित्सा)' के मानचित्र पर ला खड़ा किया है। अब, हम रोबोटिक घुटना प्रतिरोपण जैसी उन्नत प्रक्रियाओं के साथ-साथ जटिल आघात, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी और खेल चोटों की आधुनिक सर्जरी भी कर सकते हैं।''

### राहुल गांधी 'पाकिस्तान के पोस्टरबॉय' हैं: भाजपा

**नयी दिल्ली :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को 'पाकिस्तान के पोस्टरबॉय' बताते हुए उन पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पाकिस्तान को 'प्रेम पत्र' नहीं भेज रहे हैं, जैसा कांग्रेस वर्षों से करती आ रही थी। यह बयान तब सामने आया जब कांग्रेस नेता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी पर भारत की ''प्रतिष्ठा'' के साथ ''समझौता'' करने का आरोप लगाया और उनसे पूछा कि उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य टकराव को रोकने के लिए सहमत होकर राष्ट्र के हितों का बलिदान क्यों किया। गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, ''ऐसा लगता है कि आखिरकार आपने प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन देखा। भले ही आपको इसमें 10 दिन लगे हों, लेकिन यह अच्छी बात है।'' जोशी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मोदी सरकार प्रेम पत्र नहीं भेज रही है, जैसा कि आपकी अपनी पार्टी वर्षों से करती आ रही थी।'' केंद्रीय मंत्री ने कहा, ''हमने अब तक का सबसे कड़ा जवाब दिया है।'' गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, ''यह बात वह व्यक्ति बोल रहे हैं जो पाकिस्तान के पोस्टरबॉय हैं!'' भंडारी ने 'एक्स' पर एक अन्य पोस्ट में आरोप लगाया, ''कांग्रेस आज पाकिस्तान समर्थक फर्जी खबरों की फैक्टरी के अलावा कुछ नहीं रह गई है।''


## आतंकी हमले के बाद पहलगाम में स्थानीय लोगों की आजीविका पर मंडराया संकट, अब अमरनाथ यात्रा है आस

**पहलगाम :** दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर भीषण आतंकी हमले के एक महीने बाद स्थानीय लोगों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है। यहां पर्यटकों पर हमले को अंजाम देने वाले आतंकवादी सुरक्षाबलों की गिरफ्त से दूर हैं, लेकिन उनकी धर-पकड़ के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। स्थानीय लोगों को अब अपनी आजीविका को हुए नुकसान की भरपाई के लिए आगामी अमरनाथ यात्रा से उम्मीदें हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि 22 अप्रैल को बैसरन मैदान में हुए भीषण हमले के बाद शुरू किए गए विभिन्न अभियानों में कई शीर्ष आतंकवादी मारे गए हैं, लेकिन (बैसरन) हत्याकांड को अंजाम देने वाले आतंकवादी सुरक्षा बलों की पकड़ से बाहर हैं। पहलगाम के खूबसूरत बैसरन मैदान में 22 अप्रैल को आतंकवादी घुस आए और उन्होंने 25 पर्यटकों एवं उन्हें बचाने की कोशिश करने वाले एक स्थानीय व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी। हालांकि इन आतंकवादियों की सही संख्या का पता नहीं चल पाया है, लेकिन सूत्रों ने बताया है कि चार से छह आतंकवादी थे। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि आतंकवादियों ने इन पर्यटकों को 'कलमा' पढ़ने के लिए कहकर उनका धर्म पता किया और फिर गोली मारकर उनकी जान ले ली। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बल इन आतंकवादियों की धर-पकड़ के लिए अनथक अभियान चला रहे हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया, ''वे अब तक सुरक्षा बलों को चकमा देने में भले ही कामयाब रहे हैं, लेकिन उन्हें पकड़ने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।'' इस सिलसिले में सुरक्षा तंत्र ने नरसंहार के अपराधियों की तलाश के लिए बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की, जिसके तहत कश्मीर में हजारों संदिग्धों को पूछताछ के लिए बुलाया गया, जबकि सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया गया। करीब 100 लोगों पर जन सुरक्षा अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया और उन्हें विभिन्न जेलों में डाला गया। ऐसी खबरें हैं कि सुरक्षा बलों ने उन युवाओं को भी हिरासत में लिया है, जो पहले भी आतंकवाद से जुड़े होने के कारण जेल की सजा काट चुके हैं। इस बीच, पहलगाम और आसपास के इलाकों में रह रहे लोग पर्यटकों के नहीं आने से हो रहे अपने नुकसान को गिना रहे हैं। टूर ऑपरेटर नासिर अहमद ने कहा, ''यह जगह वीरान दिखती है। पहलगाम में हर दिन हजारों पर्यटक आते थे, जिससे दुकानदारों, सड़क किनारे सामान बेचने वालों, टट्टू वालों, टैक्सी चालकों और होटल व्यवसायियों समेत सभी को आजीविका के अवसर मिलते थे।'' उन्होंने कहा कि 1990 के दशक के प्रारंभ में आतंकवाद के चरम पर पहुंचने पर भी पहलगाम में इतनी वीरानी नहीं थी।

## अभूतपूर्व खतरे को देखते हुए बिना किसी चेतावनी के सेलेबी की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी गई : केंद्र

**नयी दिल्ली :** विमानन सुरक्षा के लिए 'अभूतपूर्व' खतरे को देखते हुए बिना किसी चेतावनी के तुर्किये की सेलेबी कंपनी को दी गई सुरक्षा मंजूरी रद्द की गई। केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्च न्यायालय में अपने फैसले का बचाव करते हुए यह दलील दी। न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ के समक्ष केंद्र का पक्ष रखते हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, ''अभूतपूर्व समय में कार्रवाई करने से पहले सुनवाई या कारण बताने से उद्देश्य नष्ट हो जाता है और राष्ट्रीय सुरक्षा के मामलों में, या तो हम कुछ करते हैं या नहीं करते हैं, लेकिन बीच में कुछ नहीं है।'' सेलेबी एयरपोर्ट सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड और सेलेबी दिल्ली कार्गो टर्मिनल मैनेजमेंट इंडिया प्राइ-वेट लिमिटेड ने केंद्र के कदम के खिलाफ अदालत का दरवाजा खटखटाया है। नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) ने 15 मई को सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी। इससे कुछ दिन पहले तुर्किये ने पाकिस्तान का समर्थन किया था और पड़ोसी देश में आतंकवादी शिविरों पर भारत के हमलों की निंदा की थी। मेहता ने कहा कि याचिकाकर्ता जमीनी और कार्गो संचालन में शामिल थे, तथा कई हवाई अड्डों पर विमानों तक उनकी पहुंच थी और कार्गो की जांच भी करती थी, जो वीआईपी आवागमन को भी संभालते थे, जिसके कारण अधिकारियों को कार्रवाई करने के लिए संबंधित कानून के तहत अपनी 'पूर्ण शक्तियों' का प्रयोग करना पड़ा। मेहता ने कहा, ''न्यायालय एक ऐसी अनोखी स्थिति से निपट रहा है, जहां विभिन्न हवाई अड्डों पर देश की नागरिक उड्डयन सुरक्षा को संभावित खतरा है... जब देश को कभी-कभी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ता है, जो इतनी अभूतपूर्व होती हैं कि न तो सुनवाई का अवसर संभव होता है, क्योंकि देरी से ही कार्रवाई का उद्देश्य विफल हो सकता है और न ही कार्रवाई के लिए कारण बताना संभव होता है, क्योंकि इससे फिर से कार्रवाई का उद्देश्य विफल हो जाता है, तब पूर्ण शक्तियां आती हैं।'' उन्होंने कहा, ''सुरक्षा मंजूरी देते समय पूर्ण शक्ति बरकरार रखी जाती है। जमीनी संचालन अनुबंध किसी भी समय रद्द किया जा सकता है।'' मेहता ने कहा कि पक्षों के बीच हुए समझौते में अधिकारियों को सुरक्षा मंजूरी रद्द करने का अधिकार दिया गया था और याचिकाकर्ताओं ने इसे स्वीकार किया था।

## दोहा में 90 मीटर की बाधा पार करने के बाद पोलैंड में फिर आमने सामने चोपड़ा और वेबर



**चोरजोव (पोलैंड) :** पिछले हफ्ते दोहा में 90 मीटर का थ्रो फेंकने वाले दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा शुक्रवार को यहां ओरलेन जानुस कुसोसिन्स्की मेमोरियल प्रतियोगिता की पुरुष भाला फेंक स्पर्धा में फिर इससे बड़ा थ्रो फेंकने की कोशिश करेंगे। चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में 90.23 मीटर दूर तक भाला फेंका लेकिन उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा क्योंकि जर्मनी के जूलियन वेबर ने अपने अंतिम प्रयास में 91.06 मीटर की दूरी से भारतीय एथलीट को पछाड़ दिया। 2022 यूरोपीय चैंपियन और 2024 में रजत पदक विजेता वेबर ग्रेनाडा के दो बार के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 93.07 मीटर) के साथ पोलैंड में होंगे। पीटर्स दोहा में 84 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे थे। पोलैंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारी मार्सिन क्रुकोव्स्की (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 89.55 मीटर) के साथ हमवतन साइप्रियन मिर्जग्लोड (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.97 मीटर), डेविड वेगनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 82.21 मीटर), मोल्दोवा के एंड्रियन माडरि (86.66 मीटर) और यूक्रेन के आर्टूर फेलनर (व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ 84.32 मीटर) आठ पुरुष खिलाड़ियों में शामिल हैं। चोपड़ा 2018 में 88 मीटर पार करने के बाद से 90 मीटर का थ्रो लगाने की कोशिश में जुट रहे। वह इस बात से राहत महसूस कर रहे हैं कि आखिरकार उनके कंधों से बोझ उतर गया है, उन्होंने स्पष्ट किया कि 'यह तो बस शुरुआत थी' और वह आने वाले लंबे सत्र में और अधिक दूर भाला फेंकने की कोशिश करेंगे।

# मिचेल मार्श का शतक, सुपर जाइंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराया

**अहमदाबाद :** लखनऊ सुपर जाएंट्स ने गुजरात टाइटंस को 33 रन से हराकर सत्र की छठी जीत दर्ज की। गुरुवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ ने 20 ओवर में दो विकेट खोकर 235 रन बनाए। जवाब में गुजरात की टीम निर्धारित ओवरों में नौ विकेट खोकर 202 रन ही बना पाई। यह गुजरात की घर पर लगातार चार जीत के बाद पहली शिकस्त है। लखनऊ के लिए विलियम ओरुर्के ने तीन विकेट लिए जबकि आवेश खान और आयुष बडोनी को दो-दो सफलताएं मिलीं। वहीं, आकाश सिंह और शाहबाज अहमद ने एक-एक विकेट अपने नाम किया।



❑ **गुजरात की पारी**

लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात की शुरुआत अच्छी हुई थी। साई सुदर्शन और शुभमन गिल के बीच 46 रनों की साझेदारी हुई, जिसे विलियम ओरुर्के ने तोड़ा। उन्होंने सुदर्शन को अपना शिकार बनाया। वह 16 गेंदों में 21 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद आवेश खान ने कप्तान गिल को पवेलियन की राह दिखाई। वह 35 रन बना पाए। वहीं, जोस बटलर 18 गेंदों में 33 रन बना पाए।

इसके बाद चौथे नंबर पर आए शेरफेन रदरफोर्ड ने शाहरुख खान के साथ पारी को संभाला। दोनों ने 40 गेंदों में 86 रन जोड़े। रहदरफोर्ड 38 और शाहरुख 57 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, दोनों अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए। उनके अलावा राहुल तेवतिया ने दो, अरशद खान ने एक, कगिसो रबाडा ने दो और साई किशोर ने एक रन बनाया। वहीं, राशिद खान चार रन बनाकर नाबाद रहे।

❑ **लखनऊ की पारी**

इससे पहले लखनऊ की शुरुआत भी शानदार हुई थी। एडेन मार्करम और मिचेल मार्श के बीच 91 रनों की साझेदारी हुई। साई किशोर ने मार्करम को शाहरुख खान के हाथों कैच कराया। वह 36 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद मार्श को निकोलस पूरन का साथ मिला। दोनों ने 52 गेंदों में 121 रन जोड़े। इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्श ने आईपीएल में पहला शतक जड़ा। वह 64 गेंदों में 10 चौके और आठ छक्के की मदद से 117 रन बनाकर लौटे। वहीं, निकोलस पूरन 56 और ऋषभ पंत 16 रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात के लिए अरशद खान और साई किशोर ने एक-एक विकेट लिया।

## आयुष म्हात्रे इंग्लैंड दौरे में भारत की अंडर-19 टीम की अगुआई करेंगे, सूर्यवंशी भी शामिल





**नयी दिल्ली :** मुंबई के आयुष म्हात्रे को बृहस्पतिवार को अगले महीने इंग्लैंड दौरे के लिए भारत की अंडर-19 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया जबकि 14 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को भी टीम में जगह मिली है। 24 जून से शुरू होने वाले इस दौरे में 50 ओवर का अभ्यास मैच, उसके बाद पांच मैच की युवा वनडे श्रृंखला और इंग्लैंड अंडर-19 के खिलाफ दो 'मल्टी-डे' मैच शामिल होंगे। सूर्यवंशी का चयन राजस्थान रॉयल्स के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शानदार सत्र के बाद हुआ है। बिहार के समस्तीपुर के इस युवा खिलाड़ी ने आईपीएल शतक बनाने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनकर पूरे देश का दिल जीत लिया था और पिछले महीने गुजरात टाइटन्स के खिलाफ 35 गेंद में बनाया गया उनका शतक भी लीग का दूसरा सबसे तेज शतक था। उन्होंने बिहार के लिए पांच प्रथम श्रेणी मैच और छह लिस्ट ए मैच खेले हैं लेकिन उनमें से किसी भी मैच में शतक नहीं लगाया है। सूर्यवंशी ने पिछले साल चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ पहले युवा टेस्ट में शतक बनाया था। दूसरी ओर 17 वर्षीय म्हात्रे ने नौ प्रथम श्रेणी मैच और सात लिस्ट ए मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 962 रन बनाए हैं। सलामी बल्लेबाज ने इस सत्र के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ की जगह ली थी जो कोहनी की चोट के कारण बाहर हो गए थे।

## खिलाड़ियों के साथ आशीष नेहरा का संवाद शानदार: गिल



**नयी दिल्ली :** गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने मौजूदा आईपीएल में टीम के शानदार प्रदर्शन का श्रेय बृहस्पतिवार को मुख्य कोच आशीष नेहरा के खिलाड़ियों के साथ 'शानदार संवाद' को दिया और कहा कि पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज को पता था कि टीम को कैसे तैयार करना है। आईपीएल 2022 में पदार्पण करते हुए खिताब जीतने वाली गुजरात की टीम मौजूदा सत्र में 12 मैच में नौ जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। 'जियो हॉटस्टार' के साथ बातचीत के दौरान गिल ने टीम की पहचान बनाने और गेंदबाजी इकाई को सशक्त बनाने का श्रेय पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज नेहरा को दिया। गिल ने कहा, 'मुझे लगता है कि जब गुजरात टाइटंस पहले साल में खेल रही थी तब आशीष नेहरा के पास एक स्पष्ट दृष्टिकोण था - वह जानते थे कि वह टीम को कैसे तैयार करना चाहते हैं और खिलाड़ियों की भूमिकाएं कैसे परिभाषित करना चाहते हैं। मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह खिलाड़ियों के साथ उनका संवाद बेहतरीन रहा है।' उन्होंने कहा, 'हमेशा ऐसे विभाग होते हैं जिनमें सुधार किया जा सकता है। और जिस तरह से वह खिलाड़ियों के साथ व्यक्तिगत रूप से काम करते हैं - विशेषकर गेंदबाजों के साथ - वह सबसे अलग है।' गिल ने कहा, 'कई लोगों का मानना है कि आईपीएल बल्लेबाजों के दम पर जीता जाता है लेकिन हमारी विचारधारा अलग है। अगर आप स्कोर का बचाव नहीं कर सकते तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप कितने रन बनाते हैं।

### आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए बेथेल की जगह लेंगे सिफर्ट

**नयी दिल्ली :** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने बृहस्पतिवार को इंग्लैंड के बल्लेबाज जैकब बेथेल की जगह न्यूजीलैंड के टिम सिफर्ट को शामिल किया है क्योंकि वह राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं के कारण आईपीएल प्ले-ऑफ के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि यह बदलाव 24 मई से प्रभावी होगा। न्यूजीलैंड के लिए 66 टी20 मैचों में 1540 रन बनाने वाले सिफर्ट ने इससे पहले आईपीएल में केवल तीन मैच खेले हैं और आखिरी बार 2022 में टूर्नामेंट में शामिल हुए थे। वह दो करोड़ रुपये में आरसीबी से जुड़ेंगे। बयान में कहा गया है, 'रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम सिफर्ट से करार किया है क्योंकि जैकब बेथेल 23 मई 2025 को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आरसीबी के लीग चरण के मैच के बाद राष्ट्रीय टीम में शामिल होने के लिए 24 मई 2025 को टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 से इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे।'

## एसआरएच के खिलाफ आरसीबी की निगाहें शीर्ष दो में स्थान मजबूत करने पर

**लखनऊ :** पहले ही प्लेऑफ में जगह बना चुकी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) का लक्ष्य शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर नौ साल में पहली बार लीग चरण में शीर्ष दो में जगह बनाने का होगा। आरसीबी 2016 सत्र में उप विजेता रही थी लेकिन इसके बाद से शीर्ष दो में नहीं पहुंची है। अभी टीम 12 मैच में 17 अंक के साथ तालिका में दूसरे स्थान पर है और अपने बचे हुए दो मैचों में जीत शीर्ष दो स्थान को सुरक्षित कर सकती है। शुक्रवार का मैच मूल रूप से बेंगलुरु की टीम का घरेलू मैच था लेकिन मानसून की शुरुआत के कारण इसे स्थानांतरित कर दिया गया। भारत-पाकिस्तान सैन्य संघर्ष के कारण लीग के हुए व्यवधान से पहले आरसीबी शानदार फॉर्म में थी और टीम ने लगातार चार जीत हासिल की थी। लेकिन लीग के फिर शुरू



होने के बाद पहले मैच के बारिश से धुलने के कारण उसकी लय में बाधा आ गई। 20 दिन के ब्रेक के बाद यह देखना दिलचस्प होगा कि टीम अपनी लय और प्रतिस्पर्धी बढ़त बरकरार रख पाती है या नहीं। आईपीएल खिताब जीतने की दौड़ में शामिल आरसीबी ने हाल के दिनों में अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया है। हमेशा की तरह टीम के भरोसेमंद खिलाड़ी विराट कोहली शानदार फॉर्म में हैं, उन्होंने 11 पारियों में सात अर्धशतक बनाए हैं। कप्तान रजत पाटीदार, टिम डेविड और रोमारियो शेफर्ड ने समय-समय पर पावरहिटिंग करके उनका अच्छा साथ दिया है। हालांकि ब्रेक से ठीक पहले पाटीदार की फॉर्म में गिरावट आई। वह अपने पहले पांच मैचों में 37.2 की औसत के बाद अगले पांच मैचों में 10.6 के औसत से सिर्फ 53 रन ही बना पाए।

## रेजा ने जूनियर निशानेबाजी विश्व कप में स्कीट रजत जीता



**सुहल (जर्मनी) :** ओलंपियन रेजा ढिल्लों ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ जूनियर विश्व कप में महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में रजत पदक जीता। भारतीय खिलाड़ी ने 60 शॉट के फाइनल में 51 निशाने लगाए और ग्रेट ब्रिटेन की फोएबे बोडले-स्कॉट से पीछे रहीं जिन्होंने 53 निशाने लगाए। घरेलू दावेदार एनाबेला हेटमर ने कांस्य पदक जीता। रेजा ने अपना किसी भी स्तर पर पहला व्यक्तिगत आईएसएसएफ विश्व कप पदक जीता। यह जूनियर स्तर पर उनका आखिरी साल है। यह इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत का कुल तीसरा और दूसरा रजत पदक है। बुधवार को महिलाओं की एयर पिस्टल में कनक ने स्वर्ण पदक जीता था। रेजा ने क्वालीफाइंग के तीन दौर के बाद 71 के स्कोर के साथ चौथे स्थान से शुरुआत की। उन्होंने 22 और 23 अंक जुटाए और अंततः क्वालीफाइंग में दूसरे स्थान पर रहीं। क्वालीफाइंग में रेजा ने फोएबे और हेटमर के समान 116 अंक जुटाए थे और फिर तीन तरफा शूट ऑफ में दूसरा स्थान हासिल किया।



# कमजोर वैश्विक संकेतों के दबाव में शेयर बाजार गिरा, सेंसेक्स 645 अंक फिसला

**मुंबई :** वैश्विक बाजारों में कमजोरी के संकेतों से पैदा हुए बिकवाली के दबाव में बृहस्पतिवार को स्थानीय शेयर बाजार खासी गिरावट के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 645 अंकों के नुकसान में रहा जबकि निफ्टी में 204 अंकों की गिरावट रही। विश्लेषकों के मुताबिक, बॉन्ड प्रतिफल में बढ़ोतरी और अमेरिका में ऋण चिंताओं का असर भारतीय बाजारों पर देखा गया। खासकर सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), तेल और दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली कंपनियों में बिकवाली हावी रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 644.64 अंक यानी 0.79 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,951.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,106.71 अंक गिरकर 80,489.92 के स्तर तक आ गया था। नेशनल



स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 203.75 अंक यानी 0.82 प्रतिशत गिरकर 24,609.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल 30 कंपनियों में से 27 नुकसान में रहीं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, आईटीसी, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। दूसरी तरफ, इंडसइंड बैंक, भारती एयरटेल और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में प्रस्तावित बजट विधेयक से राष्ट्रीय ऋण में खासी बढ़ोतरी होने और बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने की आशंका हावी होने से मानक सूचकांकों में गिरावट देखी गई। एक प्रमुख क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा अमेरिकी ऋण परिदृश्य को घटाने से भी एशियाई बाजारों में व्यापक रूप से बिकवाली हुई। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल पांच प्रतिशत के ऊपर पहुंच गया जबकि जापानी बॉन्ड प्रतिफल बढ़कर 3.5 प्रतिशत हो गया। इस वजह से अधिक जोखिम वाली परिसंपत्तियों और भारत जैसे उभरते बाजारों में बिकवाली का दबाव देखा गया। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, बॉन्ड प्रतिफल बढ़ने से वैश्विक बाजारों की तर्ज पर घरेलू निवेशकों ने कम जोखिम वाली परिसंपत्तियों का रुख किया और बड़ी बिकवाली देखी गई।

### इंडसइंड बैंक के अंतरिम प्रबंधन के त्वरित उपायों से फिर जगेगा भरोसा: हिंदुजा

**मुंबई :** लेखांकन विवाद में घिरे इंडसइंड बैंक के प्रवर्तक समूह आईआईएचएल के चेयरमैन अशोक हिंदुजा ने बृहस्पतिवार को कहा कि बैंक के अंतरिम प्रबंधन के 'त्वरित' उपायों से निजी क्षेत्र के ऋणदाता के प्रति दोबारा भरोसा जगाने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही हिंदुजा ने कहा कि जरूरत पड़ने पर बैंक को और अधिक पूंजी के साथ समर्थन देने के लिए आईआईएचएल प्रतिबद्ध है। हिंदुजा ने एक बयान में कहा, मैं विसंगतियों और चिंता के संबंधित क्षेत्रों को दूर करने के लिए उचित, त्वरित कार्रवाई के लिए बैंक के चेयरमैन और निदेशक मंडल के प्रति अपना भरोसा व्यक्त करता हूं। यह बयान संकटग्रस्त बैंक द्वारा मार्च तिमाही में 2,329 करोड़ रुपये के घाटे की सूचना देने के एक दिन बाद आया है। बैंक प्रबंधन ने हाल ही में चिह्नित सभी विसंगतियों को स्वीकार करने के साथ यह माना है कि इसमें कुछ कर्मचारियों की धोखाधड़ी की भूमिका थी।

## असम के मुख्यमंत्री ने सीतारमण से की मुलाकात, राज्य की आर्थिक प्रगति पर चर्चा



**नयी दिल्ली :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने असम की आर्थिक मोर्चे पर की गई तेज प्रगति के बारे में सीतारमण को अवगत कराया। आधिकारिक बयान में कहा गया, पहलों में संसाधनों का जुटाना और राजस्व उत्पन्न करना शामिल है, जिससे असम, देश के सबसे तेजी से वृद्धि करने वाले राज्यों में से एक के रूप में उभर रहा है। बैठक के दौरान, मुख्यमंत्री शर्मा ने असम की वृद्धि 2027-2028 तक 10 लाख करोड़ रुपये सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) की के लक्ष्य के बारे में बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री को असम सरकार के विभिन्न कदमों के बाद आर्थिक मोर्चे पर राज्य द्वारा की गई तेज प्रगति के बारे में भी बताया। सीतारमण ने असम सरकार द्वारा राज्य और देश की अर्थव्यवस्था को समग्र रूप से बढ़ाने के लिए की गई पहल की सराहना की और आने वाले दिनों में सभी संभावित सहायता और समर्थन देने का आश्वासन दिया।

## डॉलर के मुकाबले रुपया 36 पैसे टूटकर 85.95 पर बंद

**मुंबई :** आयातकों एवं विदेशी बैंकों की लगातार बढ़ती डॉलर मांग के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले रुपया बृहस्पतिवार को 36 पैसे टूटकर 85.95 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी बॉन्ड पर बढ़ता प्रतिफल वैश्विक निवेशकों को परेशान कर रहा है। इसके अलावा, भारत और अमेरिका के बीच घटते प्रतिफल के अंतर के कारण भारतीय परिसंपत्तियां कम आकर्षक हो रही हैं। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में उछाल ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 85.59 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान इसने 85.58 के उच्च और 86.11 के निम्न स्तर को छुआ। अंत में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.95 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव के मुकाबले 36 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है। रुपया बुधवार को डॉलर के मुकाबले 85.59 पर बंद हुआ था। पिछले तीन सत्र में रुपया 54 पैसे टूटा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ अनुसंधान विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, 'आयातकों की डॉलर मांग के बीच भारतीय रुपये में लगातार तीसरे सत्र में गिरावट आई है...जोखिम से बचने की प्रवृत्ति के साथ-साथ जापानी येन से जुड़े 'कैरी ट्रेड' ने भी घरेलू रुपये पर दबाव डाला।' 'कैरी ट्रेड' विदेशी मुद्रा विनिमय से जुड़ी रणनीति है। इसके तहत मुनाफा कमाने के लिए विभिन्न मुद्राओं के बीच ब्याज दर के अंतर का लाभ उठाया जाता है। इसमें कम ब्याज दर वाली मुद्रा में पैसा उधार लेकर उच्च ब्याज दर वाली मुद्रा में निवेश किया जाता है, जिसका उद्देश्य ब्याज दर के अंतर से लाभ कमाना है।

### इंडसइंड बैंक के अधिकारियों के 'गंभीर उल्लंघनों' की जांच की जा रही है: सेबी प्रमुख

**नयी दिल्ली :** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने बृहस्पतिवार को कहा कि इंडसइंड बैंक के वरिष्ठ प्रबंधन के किसी भी 'गंभीर उल्लंघन' की बाजार नियामक जांच कर रहा है। पांडेय ने कहा कि इंडसइंड बैंक के मुद्दों से भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) निपटेगा, लेकिन सेबी संकटग्रस्त बैंक के अधिकारियों द्वारा प्रतिभूति बाजार के उल्लंघन की जांच कर रहा है। उद्योग मंडल एसोचैम द्वारा आयोजित कार्यक्रम से इतर पर पांडेय ने पत्रकारों से कहा, 'आरबीआई इस संबंध में सेबी द्वारा की जाने वाली कार्रवाई पर गौर कर रहा है... सेबी का जो भी अधिकार क्षेत्र है... सेबी कर रहा है... यदि किसी ने अपनी क्षमता में कोई गंभीर उल्लंघन किया है, तो सेबी उसकी जांच कर रहा है।'

## एक्सेंचर भारत में 15,000 कर्मचारियों को पदोन्नत करेगी

**नयी दिल्ली :** वैश्विक सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी एक्सेंचर इस साल जून में लगभग 15,000 भारतीय कर्मचारियों को पदोन्नत करेगी। कंपनी का यह कदम दुनियाभर में उसके 50,000 कर्मचारियों के पदोन्नत करने के अभियान का हिस्सा है। एक्सेंचर इंडिया के वरिष्ठ प्रबंध निदेशक अजय विज ने कर्मचारियों को भेजे एक आंतरिक ज्ञापन में लिखा, ...एक्सेंचर जून में दुनिया भर में लगभग 50,000 लोगों को पदोन्नत करेगी, जिसमें भारत के लगभग 15,000 लोग शामिल हैं। कुल मिलाकर, वित्त वर्ष 2024-25 में भारत में हमारे 43,000 से अधिक लोगों को पदोन्नति मिलेगी। एक्सेंचर सितंबर से अगस्त के वित्त वर्ष का अनुसरण करती है। दिसंबर में, एक्सेंचर ने कुछ कर्मचारियों के लिए मूल वेतन बढ़ोतरी की थी। जून और दिसंबर के बीच, अधिकांश भारतीय कर्मचारियों के 'मूल वेतन' में बढ़ोतरी होगी। विज ने कहा, ...पात्र लोगों के लिए बोनस और प्रदर्शन इक्विटी निर्णय दिसंबर चक्र के तहत किए जाते रहेंगे, और हम उस समय मूल वेतन में वृद्धि के अवसर का मूल्यांकन करना जारी रखेंगे। पदोन्नति और मूल वेतन वृद्धि की सूचना 26-29 मई के बीच कर्मचारियों को आंतरिक तौर पर दी जाएगी। आयरलैंड मुख्यालय वाली कंपनी ने सितंबर, 2024 में ग्राहक खर्च और मांग की बेहतर दृश्यता का हवाला देते हुए अपने पदोन्नति चक्र को दिसंबर से जून में स्थायी रूप से स्थानांतरित कर दिया। एक्सेंचर की मुख्य कार्यपालक अधिकारी जूली स्वीट ने आय आंकड़ों की घोषणा करते हुए कहा, हमने अब उस पदोन्नति चक्र को स्थायी रूप से स्थानांतरित कर दिया है, इसलिए हम बड़े स्तर पर पदोन्नति जून में करेंगे जबकि छोटे स्तर पर पदोन्नति दिसंबर में होगी।

## अदाणी समूह की कर-पूर्व आय वित्त वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड 90,000 करोड़ रुपये पर

**नयी दिल्ली :** अदाणी समूह की कंपनियों ने वित्त वर्ष 2024-25 में अभी तक की सर्वाधिक कर-पूर्व आय करीब 90,000 करोड़ रुपये दर्ज की और उनके पास 21 महीने के कर्ज भुगतान के लिए नकदी शेष थी। बंदरगाह से लेकर ऊर्जा क्षेत्र तक में कारोबार करने वाले अदाणी समूह ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। समूह की इन कंपनियों की ब्याज, कर, मूल्यह्रास एवं परिशोधन (ईबीआईटीडीए) से पहले की आय छह वर्षों में तीन गुना हो गई। यह वित्त वर्ष 2018-19 के 24,870 करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 89,806 करोड़ रुपये रही। इन कंपनियों की कर-पूर्व आय वित्त वर्ष 2023-24 के 82,976 करोड़ रुपये के मुकाबले पिछले वित्त वर्ष में 8.2 प्रतिशत बढ़ी। इनकी छह वित्त वर्षों (2018-19 से लेकर 2024-25 तक) में वार्षिक वृद्धि दर 24 प्रतिशत रही।



## अदाणी पोर्ट्स डिबेंचर के जरिये जुटाएगी 6,000 करोड़ रुपये

**नयी दिल्ली :** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) के निदेशक मंडल ने पूंजीगत व्यय व मौजूदा कर्ज के पुनर्वित्तपोषण के लिए निजी नियोजन के आधार पर डिबेंचर जारी कर 6,000 करोड़ रुपये तक जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एपीएसईजेड ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया, उसके निदेशक मंडल ने 22 मई 2025 को हुई बैठक में पूंजीगत व्यय/मौजूदा ऋण के पुनर्वित्तपोषण एवं सामान्य कंपनी उद्देश्य के लिए निजी नियोजन के आधार पर एक या एक से अधिक किस्तों में 6,000 करोड़ रुपये से अधिक की कुल राशि के लिए गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करने को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

वर्ष 10, पूर्णांक 4244 अंक 054, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in